✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 245 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 1 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## प्रगति यात्रा की योजनाएं समय सीमा में कराएं पूरी : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिले की घोषित योजनाओं को समय सीमा के अंदर पूरा कराने का निर्देश दिया है। वे शनिवार को पटना के लिए घोषित परियोजनाओं का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी काम ठीक ढंग से पूरी गुणवत्ता से पूर्ण कराएं। इस काम के पूरा होने से वाहनों का आवागमन काफी सुगम होगा और लोगों को जाम से निजात मिलेगी। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने रूपसपुर नहर से सगुना मोड़ तक नेहरू पथ के दोनों तरफ भूमिगत नाले के साथ ही पथ का निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने रूपसपुर नहर रोड के समीप दीघा-एम्स पाटलि पथ से नेहरू पथ के कनेक्टिविटी कार्य का जायजा लिया। जायजा के क्रम में अधिकारियों ने दीघा-एम्स पाटलि पथ से नेहरू पथ के कनेक्टिविटी कार्य व पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन नेहरू पथ-अशोक राजपथ की सम्पर्कता के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। दीघा गोलम्बर के पास जेपी गंगा पथ पर कराए जा



रहे सौंदर्यीकरण कार्य का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। मौके पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम उपस्थित थे।

## मार्च तक नहीं सुधरे अधिकारी तो जाएगी नौकरी : विजय सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिला मुख्यालय में शनिवार का आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के सामने जमीन से जुड़ी समस्याओं की बाढ़ आ गई। करीब चार हजार लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। मंच पर अधिकारी थे और सामने परेशान लोग। माहौल भावुक भी था और गुस्से भरा भी। एक महिला रोते हुए अपनी बात रखने पहुंची। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज के लिए पिछले एक साल से दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं। हर बार खर्चे-पानी की मांग होती है। दीपा ने बताया कि उनके पिता पैरालाइसिस से पीड़ित हैं। इलाज और काम दोनों बोझ बन गया है। उनकी बात सुनते ही उपमुख्यमंत्री सख्त हो गए। विजय सिन्हा ने अफसरों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मार्च तक अगर कर्मचारी नहीं सुधरे तो नौकरी चली जाएगी। बहुत बेरोजगार खड़े हैं। उन्होंने मंच से साफ कहा कि यह अंतिम चेतावनी है। सुधर जाइए। एक बुजुर्ग भी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी जमाबंदी नहीं हो रही है। इस पर विजय सिन्हा ने संबंधित अफसर से पूछा कि आप कितने साल से यहां तैनात हैं। अफसर ने जवाब दिया, दो साल। बुजुर्ग ने दुख में कहा कि मैं मूर्ख हूं, जो यहां आया। इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा, आप मूर्ख नहीं हैं। आप समझदार हैं। विजय सिन्हा ने डीएम से कहा कि गरीबों को इस तरह परेशान किया जा रहा है। इसकी जांच के लिए टीम बनाई जाए। जितनी भी शिकायतें आई हैं, उन पर रिपोर्ट बनाकर दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। जनसंवाद में टोल फ्री नंबर को लेकर भी सवाल उठा। लोगों ने कहा कि नंबर लगता ही नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने मंच से तुरंत कॉल लगवाकर देखा। कुछ लोगों का कॉल लगा, कुछ का नहीं। इसके बाद उन्होंने एक और नंबर जारी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बीमारी अगर पुरानी है तो इलाज भी लंबा चलेगा। लेकिन सब ठीक होगा। उन्होंने मसौढ़ी के सीओ का जिक्र करते हुए कहा कि एक लाख रुपये घूस लेते पकड़े जाने पर उसे बर्खास्त कर दिया गया है। अब मौसम बदल गया है। जनसंवाद के बाद उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हर अंचल में एक जैसे मामले सामने आए हैं। 31 मार्च तक दाखिल-खारिज की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी। फर्जीवाड़ा करने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जाली नोटों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** इंडो-नेपाल सीमा पर एसएसबी, एसटीएफ और मधुबनी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जाली नोट तस्करी का खुलासा हुआ है। टीम ने दो तस्करों को जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरलाखी थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी भोगी महतो के पुत्र मुकेश महतो तथा चौधरी पंडित के पुत्र सिकिल पंडित के रूप में हुई है।

### 25 हजार का इनामी अपराधी धराया

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना पुलिस ने 25,000 रुपये का इनामी कुख्यात अपराधी रणधीर कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे गुप्त स्थान पर लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार रणधीर कुमार वर्ष 2023 में दानापुर कोर्ट में दिनदहाड़े हुए अभिषेक उर्फ छोटे सरकार हत्याकांड का आरोपी रहा है। इसके अलावा वह मनोज मानिक गिरोह का सक्रिय सदस्य भी माना जाता है।

### अप्रैल तक तैयार हो जाएगी बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के मीठापुर इलाके में बन रही बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। भवन निर्माण विभाग के अनुसार यूनिवर्सिटी का अधिकतर काम पूरा हो गया है और फिलहाल फिनिशिंग का काम तेजी से चल रहा है। विभाग का दावा है कि यह यूनिवर्सिटी अप्रैल महीने तक पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बनने से बिहार की तकनीकी शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। करीब पांच एकड़ जमीन पर बनाई जा रही इस यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए सरकार ने 66.92 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

### स्थानांतरित शिक्षकों को सात तक करना होगा योगदान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शिक्षा विभाग ने स्थानांतरित शिक्षकों को सात फरवरी तक स्कूलों में योगदान करने का अल्टीमेटम दिया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर की ओर से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर शिक्षकों से पांच-पांच प्रखंडों का विकल्प मांगा गया था। 22 हजार 928 शिक्षकों ने विभाग की ओर से तय तारीख 21 जनवरी तक योगदान कर लिया है लेकिन 1228 शिक्षकों ने निर्धारित तिथि तक आवंटित विद्यालय में योगदान नहीं किया है। विभाग ने जिलों को कहा है कि वे ऐसे शिक्षकों का योगदान सात फरवरी तक स्वीकार करें।

### 77 लाख की चरस जब्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की पटना क्षेत्रीय इकाई ने पूर्वी चंपारण में 77 लाख रुपये मूल्य की 31.09 किलो चरस जब्त की है। इसकी तस्करी बाइक से हो रही थी। संबंधित व्यक्ति को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार करते हुए उससे पूछताछ की जा रही है। साथ ही बाइक भी जब्त कर ली गई है। सूचना पर डीआरआई की टीम ने पूर्वी चंपारण जिले में छपवा-तुरकौलिया रोड के पास एक बाइक को रोका, जिस पर एक व्यक्ति जूट की बोरी में चरस के 63 पैकेट ले जा रहा था। जांच करने पर यह पदार्थ चरस होने की पुष्टि हुई।

## नीट छात्रा मौत मामले में सीएम नीतीश ने की सीबीआइ जांच की सिफारिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट छात्रा की मौत मामले में अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही हस्तक्षेप कर दिया है। सीएम नीतीश ने भारत सरकार से छात्रा की मौत को लेकर सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट शेयर कर यह जानकारी दी। सम्राट चौधरी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने भारत सरकार से पटना में हुए नीट छात्रा की हत्या के मामले (कांड संख्या-14/26) को सीबीआइ से जांच का आग्रह किया है। घटना का पारदर्शी और न्यायपूर्ण तरीके से उद्‌भेदन निश्चित किया जाए। सीएम नीतीश की इस सिफारिश के बाद संभावना जताई जा रही है कि जांच में तेजी आएगी और जल्द ही खुलासा हो सकेगा। शुक्रवार की रात पुलिस मुख्यालय में पूरे मामले पर हाई लेवल मंथन चला, जहां डीजीपी विनय कुमार ने एसआईटी की जांच रिपोर्ट को खंगाला। यह प्रक्रिया महज रिव्यू नहीं बल्कि जांच रिपोर्ट का बाकायदा क्रॉस एग्जामिनेशन रही, जिसमें हर फैक्ट, हर कंक्लूजन और हर सबूत को सवालों के कठघरे में खड़ा किया गया। इससे पहले उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी को बुलाकर जांच को लेकर पूरी जानकारी ली थी।

## ई-बसों से 25 लाख लीटर डीजल की हुई बचत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सीएनजी और ई-बसों के परिचालन से अब तक 25 लाख लीटर से अधिक डीजल की बचत हुई है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के अधीन 884 बसें चल रही हैं। इनमें 366 सीएनजी और 25 ई-बसें शामिल हैं। ई-बसों से अब तक लगभग 25.67 लाख लीटर डीजल की बचत की गई। परिवहन विभाग के अनुसार छह हजार 778 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम किया गया है। परिवहन जनित प्रदूषण में लगभग 30 प्रतिशत की कमी आई है। डीजल बसों की तुलना में वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत राज्य को जल्द ही लगभग 400 नई ई-बसें मिलने वाली हैं। इन बसों के परिचालन से



डीजल और पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता और कम होगी। कार्बन फुटप्रिंट घटेगा और शहरी व अर्धशहरी क्षेत्रों में स्वच्छ, शांत और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को मजबूती मिलेगी। निगम प्रदेश के 17 बस डिपो और बस स्टैंडों में कम सेकम 30 प्रतिशत क्षेत्र को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित कर रहा है। इसमें व्यापक पौधरोपण, हरित पट्टियों का विकास, सौर ऊर्ज़ा आधारित स्ट्रीट लाइट, भवन प्रकाश व्यवस्था और पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन शामिल है। इससे पर्यावरण संरक्षण को बल मिलने के साथ वायु और ध्वनि प्रदूषण में कमी आएगी। यात्रियों को सुरक्षित और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निगम चरणबद्ध तरीके से ई-बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनेंगे।

## इंटर परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले बंद हो जाएगा गेट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 की तैयारियां पूरी कर ली गई है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने जानकारी दी है कि इस बार राज्यभर में कुल 1762 परीक्षा केंद्रों पर 1317846 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इंटर की परीक्षा 2 से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। प्रतिदिन दो शिफ्ट में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बिहार बोर्ड ने परीक्षा को कदाचारमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए हैं और सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने यह भी निर्देश दिया है कि परीक्षा शुरू होने के आधा घंटे पहले ही परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंच जाएं।

## हादसे में डॉक्टर दंपति की मौत

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर-हाजीपुर एनएच 22 पर सराय थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास शनिवार के अहले सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब घने कोहरे के कारण तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे में मशहूर डॉक्टर दंपति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान अररिया सदर अस्पताल में कार्यरत डॉ. जितेंद्र प्रसाद (50) और उनकी पत्नी (45) के रूप में हुई है। वे पटना जिले के निवासी थे और अररिया से पटना स्थित अपने घर लौट रहे थे। अहले सुबह टोल प्लाजा के पास घने कोहरे के कारण कार ने बाईं ओर खड़े एक कंटेनर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सराय थाने की पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार में फंसे लोगों को निकालकर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने डॉक्टर दंपति को मृत घोषित कर दिया। सराय थानाध्यक्ष ने बताया कि कोहरे के कारण कम विजिबिलिटी के कारण कार के ड्राइवर ने सड़क पर खड़े कंटेनर को नहीं देखा और पीछे से जाकर कार कंटेनर से टकरा गई।

## विशेष सशस्त्र पुलिस (सैप) में 17 हजार पदों पर होगी बहाली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में एनडीए सरकार ने राज्य के युवाओं और पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार और मानदेय में बढ़ोतरी की घोषणा की है। 2026-27 के लिए विशेष सशस्त्र पुलिस (सैप) में कुल 17000 पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत भारतीय सेना के रिटायर्ड सैनिकों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के रिटायर्ड अर्धसैनिकों की नियुक्ति की जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर सुधार के लिए सरकार ने अलग-अलग विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के कुल 436 नए पदों पर भी बहाली की जाएगी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के एक्स पोस्ट के अनुसार यह कदम सरकारी सेवाओं में रिक्तियों को भरने और कार्यप्रणाली को सही करने के लिए उठाया गया है। इन नियुक्तियों से न केवल सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि राज्य के पूर्व सैनिकों को फिर से मुख्यधारा में जुड़ने का अवसर मिलेगा। सरकार ने सैप जवानों के सैलरी में बढ़ोतरी की है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जा रहा है। नई दरों के अनुसार जेसीओ का मानदेय 23800 से बढ़ाकर 35000 कर दिया गया है। इसमें कुल 11200 की वृद्धि हुई है। सैप जवानों का मानदेय 19800 से बढ़ाकर 30000 और रसोइयों का मानदेय 15100 से बढ़ाकर 25000 कर दिया गया है। इन बदलावों के साथ सरकार का लक्ष्य सुरक्षा कर्मियों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना और राज्य में कानून व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखना है। सभी सैप जवानों को अब पहले के मुकाबले काफी बेहतर मानदेय और भत्तों का लाभ मिल सकेगा।

## बीपीएससी ने दो अभ्यर्थियों को तीन साल के लिए किया प्रतिबंधित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा के असफल अभ्यर्थियों द्वारा सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लिया है। आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि अभ्यर्थी आरती कुमारी एवं शाहीन खातून ने बिना किसी ठोस साक्ष्य के आयोग की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया तथा परीक्षकों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। दोनों उम्मीदवारों को तीन वर्षों के लिए आयोग की परीक्षा से प्रतिबंधित किया जाता है। आयोग ने आरोपों के संबंध में दोनों अभ्यर्थियों से 02 जनवरी को साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन दोनों अपने दावों के समर्थन में कोई दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सकीं। आयोग के अनुसार दोनों ने अपनी उत्तर-पुस्तिकाओं के स्वमूल्यांकन के आधार पर परीक्षकों की निष्पक्षता पर अनुचित टिप्पणी की। आयोग ने इसेअफवाह फैलाने एवं अभ्यर्थियों को भ्रमित करने की प्रवृत्ति बताते हुए तीन वर्षों के लिए डिबार (प्रतिबंधित) कर दिया है।






# केंद्रीय बजट की योजनाओं को घर-घर पहुंचाएगी बिहार भाजपा

## मंडल से प्रमंडल तक बजट भाषण सुनने की व्यवस्था: दानिश इकबाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा लोकसभा में पेश होने वाले केंद्रीय बजट 2026-2027 की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर पूरी तैयारी में है। इसके लिए लगातार लोगों से संपर्क और इसकी प्रस्तावित योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए कई तरह की कार्ययोजना बनाई गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक योजनाओं की जानकारी गांव-गली तक नहीं पहुंचेगी तब तक लोग उससे सीधे नहीं जुड़ेंगे। तब तक बजट का वास्तविक लाभ आमजन को नहीं मिल पाएगा। बजट की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए बिहार भाजपा द्वारा खास तैयारी की गई है। इसके लिए नेताओं को दायित्व सौंपे गए हैं और विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। चार नेताओं को पूरे आयोजन की निगरानी का दायित्व दिया गया है। इसके लिए पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल, विधायक मनोज शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल एवं प्रवक्ता प्रीति शेखर की एक टीम बनाई गई है। बिहार प्रदेश के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने बताया कि एक फरवरी को संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किए जा रहे बजट भाषण को सुनने और देखने के लिए मंडल तक व्यवस्था की जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी स्वयं दरभंगा में बजट भाषण सुनेंगे जबकि उप मुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी पटना में और विजय कुमार सिन्हा मुजफ्फरपुर में गणमान्य और प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठकर बजट भाषण को सुनेंगे। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव भागलपुर में और विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार गया में लोगों के साथ बजट भाषण सुनने के बड़े आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

इसके लिए एक निर्धारित स्थान पर टीवी सेट के माध्यम से केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से देखने और सुनने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य राजनीति नहीं बल्कि जनहित है। जनता को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। ताकि सरकारी संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सके। इसके लिए प्रदेश के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपकर जिला प्रभारी का दायित्व दिया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने बताया कि बजट पर संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत केंद्रीय बजट के विभिन्न पहलुओं पर युवा, विद्यार्थी, किसान, महिला, श्रमिक, व्यापारी, बजट विशेषज्ञ के साथ संवाद एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

2 फरवरी से 10 फरवरी तक जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें केंद्रीय सरकार के मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री, क्षेत्रीय विधायक, सांसद, मेयर, जिला परिषद प्रतिनिधि द्वारा सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस (पीसी) एवं बजट पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय बजट से संबंधित सभी कार्यक्रमों की जानकारी, प्रतिक्रियाएं एवं गतिविधियां सोशल मीडिया पर भी शेयर की जाएंगी। मीडिया प्रभारी इकबाल ने बताया कि पार्टी का इस अभियान के पीछे उद्देश्य है कि बजट को सिर्फ घोषणा-पत्र न रहे बल्कि विकास की बात सीधे गांव-गली एवं आम जनजीवन से जुड़े। इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्रियों एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी अलग-अलग दायित्व दिया गया है। यह व्यवस्था न केवल बिहार में बल्कि पूरे देश में की जा रही है।

# फ्लाई ऐश का लोडिंग काम बंद होने से श्रमिकों में नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कांटी।** कांटी थर्मल प्लांट से सटे कांटी कोठियां गांव में स्थित फ्लाई ऐश के लोडिंग कार्य में लगे स्थानीय श्रमिकों का फ्लाई ऐश के लोडिंग कार्य बंद हो जाने से उनमें काफी नाराजगी थी। इसके मद्देनजर शनिवार को एसडीएम बेस्ट आकांक्षा आनंद व एसडीपीओ वन सुचित्रा कुमारी, कांटी बीडीओ आनंद कुमार विभूति ने कांटी थर्मल आईबी में एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही कांटी कोठिया गांव में पहुंचकर श्रमिकों व स्थानीय लोगों से बातें की एवं उनके समस्या से अवगत हुए। इस वार्ता के दौरान फ्लाई ऐश के लोडिंग कार्य में लगे श्रमिकों ने एसडीएम और एसडीपीओ व अन्य अधिकारियों को बताया कि वे फ्लाई ऐश के लोडिंग कार्य करके अपने व अपने सभी अन्य परिवार जनों का लम्बे वर्षों से भरण पोषण करते थे और अभी तत्काल कार्य बंद हो जाने से उनमें भारी भुखमरी की संकट उत्पन्न हो गई है। एसडीएम और एसडीपीओ व अन्य अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि एनटीपीसी के गाइडलाइन को हर हाल में पालन करनी होगी एवं इसमें किसी तरह की कोई ढिलाई नहीं दी जाएगी एवं लॉ एंड ऑर्डर बिगाड़ने वाले पर कार्रवाई की जायेगी।

# युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मेरा युवा भारत, पटना द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन युवा आवास, पटना में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कटिहार जिले से कुल 37 युवाओं के एक दल ने सहभागिता की। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में आपसी समझ, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय एकता की भावना, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना रहा। पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों के रिसोर्स पर्सन द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं महत्वपूर्ण विषयों पर युवाओं का उन्मुखीकरण किया गया। इस क्रम में एम.एस.एम.ई., बिहार यूथ इम्प्लॉयमेंट एंड स्किल डेवलपमेट तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा युवा रोजगार, कौशल विकास, युवा नेतृत्व एवं कम्यूनिटी मोबिलाइजेशन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही कार्यक्रम के दौरान कटिहार के युवा दल को फील्ड विजिट के अंतर्गत बिहार म्यूजियम, पटना का भ्रमण कराया गया जिससे युवाओं को राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया जा सका। इसके अतिरिक्त युवाओं को मेरा युवा भारत से संबद्ध प्रेम यूथ फाउंडेशन का भी भ्रमण कराया गया जहां उन्हें युवा नेतृत्व, कम्यूनिटी मोबिलाइजेशन तथा यूथ क्लबों की संरचना एवं कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# लोक खेलों को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शामिल किया जाए : विजय प्रकाश

## देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेताओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अवसर पर पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल के माध्यम से शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया सर्वोत्कृष्ट है। वस्तुतः पढ़ाई के प्रति कम रूझान वाले बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का प्रभावी माध्यम खेल खेल में सीखना है। यदि खेल-विधि को अपनाकर पढ़ाया जाए तो बच्चों पर अध्ययन का मानसिक दबाव कम होता है और वे सहज रूप से सीखने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं। उन्होंने बल देते हुए कहा कि लोक खेलों की सूची शिक्षण अधिगम योग्यता को चिन्हित करते हुए बनाई जाए। विभिन्न अध्ययनों के परिणामों को उद्धृत करते हुए कहा कि संज्ञानात्मक क्षमता और सृजनात्मक क्षमता में हरास हुआ है। इस दृष्टि से शिक्षण की विधियों-उपविधियों में खेल को प्रोत्साहित किया जाए। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला तथा नियमित खेल-कूद को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

निदेशक, शिक्षा-संस्कृति एवं संग्रहालय डॉ. मृदुला प्रकाश ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए पाठ्यक्रम में खेल-कूद की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने बल देते हुए कहा कि योजनाबद्ध शिक्षण अधिगम में खेलकूद को सम्मिलित किया जाए योजनाबद्ध शैक्षणिक विकास सम्भव होगा। कार्यक्रम का स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा द्वारा दिया गया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए क्रीड़ा प्रतियोगिता को व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण साधन बताया। इस अवसर पर एआईसी के सीओओ प्रमोद कर्ण, बिहार विद्यापीठ के संयुक्त सचिव डॉ. अवधेश के. नारायण, सभी सहायक प्रोफेसर, प्रशिक्षुगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पारदर्शी व्यवस्था के तहत लाखों किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध

## दो लाख क्विंटल से अधिक गुणवत्तायुक्त प्रसंस्कृत बीज की उपलब्धि : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण एवं अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बसंतीय (रबी) मौसम के अंतर्गत कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य के सभी जिलों में प्रमुख फसलों के बीजों की आपूर्ति एवं वितरण सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होंने बताया कि रबी मौसम में गेहूं, चना, मसूर, अलसी, मटर, सरसों, स्वीट कॉर्न, बेबी कॉर्न, हरा मटर सहित अन्य फसलों के प्रमाणित बीज अनुदानित दर पर किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। इस क्रम में राज्य के लगभग 17.79 लाख किसानों को विभिन्न फसलों के कुल 6.65 लाख क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है। यह उपलब्धि राज्य में कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को पारदर्शी व्यवस्था के तहत समय पर बीज उपलब्ध कराना है, ताकि वे निर्धारित समयावधि में बुआई कर सकें और बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। इसी उद्देश्य से रबी 2025-26 मौसम के लिए सभी फसलों के बीज उत्पादन का लक्ष्य 2.39 लाख क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राज्य के लगभग 14 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में बीज उत्पादन कार्यक्रम आच्छादित होंगे। उन्होंने आगे बताया कि रबी वर्ष 2025ऽ26 के दौरान राज्य के 5 मुख्य बीज प्रसंस्करण केंद्रों एवं 8 मिनी प्रसंस्करण केंद्रों पर कुल 2,30,126.84 क्विंटल बीज का प्रसंस्करण किया गया। इस प्रक्रिया के पश्चात कुल 2,06,398.28 क्विंटल प्रसंस्कृत एवं गुणवत्ता-युक्त बीज प्राप्त हुआ जिसे किसानों के बीच वितरण के लिए उपलब्ध कराया गया है। मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि शारदीय (खरीफ) मौसम की तैयारी के तहत विभिन्न फसलों के कच्चे बीज का संग्रहण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# कांग्रेस करेगी नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम की 2 फरवरी को लांचिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संचार तंत्र को राष्ट्रीय, राज्य और जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावशाली एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से नेशनल टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आगामी 2 फरवरी को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित लांचिंग कार्यक्रम में विधिवत रूप से शुभारंभ किया जा रहा है। इस लांचिंग कार्यक्रम के बाबत जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि इस लांचिंग कार्यक्रम का आयोजन 02 फरवरी, 2026 को बिहार कांग्रेस के मुख्यालय सदाकत आश्रम में निश्चित हुआ है। यह प्रतियोगिता पूरे राज्य में आयोजित की जाएगी जिसमें पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आगामी 2 फरवरी को लांचिंग कार्यक्रम में सभी जिलाध्यक्षों सहित पार्टी के सभी अनुषांगिक संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेतागण भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न पदों पर पार्टी पदाधिकारियों का चयन प्रक्रिया जिले से होकर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा।

# संपूर्ण क्रान्ति एक्सप्रेस में विशेष टिकट जांच अभियान में पकड़े गए 205 अनधिकृत यात्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत रहता है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने वालों के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग का कार्य सघनतापूर्वक कराया जाता रहता है। इसी क्रम में 30 जनवरी 2026 को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक/दानापुर अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार द्वारा मंडलीय पर्यवेक्षकों के साथ गाड़ी संख्या-12393 संपूर्ण क्रान्ति एक्सप्रेस में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान दानापुर से पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. के बीच ट्रेन के सभी कोचों, विशेष रूप से आरक्षित एसी कोचों की गहन जांच की गई। यह जांच अभियान टिकट जांच दस्ता, संबंधित कोच टीटीई तथा आरपीएफ कर्मियों के सहयोग से संयुक्त रूप से चलाया गया। अनधिकृत यात्रियों की संख्याः- 205, 1,16,530/ राशि वसूली गई। मंडल में बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध इस प्रकार का आकस्मिक एवं सघन टिकट जांच अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा।

# पंख हाट में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना के लेडी स्टीफनसन हाल में लगाए गए पंख हाट में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान दल द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के पारंपरिक लोकगीतों और स्वच्छता गीतों की प्रस्तुति करते हुए लोगों से अपील की कि पटना शहर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें और स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेते हुए पटना को स्वच्छता रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान दिलाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री डॉ शांति राय ने सभी उपस्थित लोगों से कहा कि शहर का स्वच्छ रहना आवश्यक है। स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की बुनियाद है। हमें अपने तन और घर को तो स्वच्छ रखना ही चाहिए साथ ही शहर को स्वच्छ रखना चाहिए ताकि बीमारियां हमसे दूर भागे। भूमिहार महिला समाज द्वारा आयोजित पंख हाट में लगाए गए स्टॉल में भी सभी ने स्वच्छता का संकल्प लिया और पटना शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों के योगदान को महत्वपूर्ण माना। लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता गीतों के माध्यम से सभी को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बिदु रानी, संध्या नन्हीं, डॉ. पूनम चौधरी, नीतू सिंह, राजेश केशरी आदि भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सबकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दर्शन शास्त्र से जीवन के कई उलझे प्रश्नों का मिलता है उत्तर : गंगा प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा है कि दर्शन शास्त्र से जीवन के कई उलझे प्रश्नों का उत्तर मिलता है। पूर्व राज्यपाल पटना सिटी के आर पी एम कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी सह पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने ओरिएंटल कॉलेज की दर्शन शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ फौजिया परवीन की पुस्तक 'दर्शन' का विमोचन किया। इस पुस्तक को एमजेसी सेमेस्टर सिक्स के लिए लिखा गया है। इस अवसर पर प्रोफेसर आर सी सिन्हा, प्रोफेसर पुम्मम सिंह, प्रोफेसर नगेंद्र मिश्रा समेत अनेक लोगों ने दर्शन शास्त्र की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे।

# श्रीकृष्ण सिंह एवं विद्याकर कवि की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केशरी डा. श्रीकृष्ण सिंह की 65वीं पुण्यतिथि एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री विद्याकर कवि की 39 वीं पुण्यतिथि आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। समारोह की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि डा. श्रीकृष्ण सिंह दूरदर्शी सोच के राजनेता थे। बिहार एवं झारखण्ड के सभी बड़े कल-कारखाने, बोकारो स्टील प्लान्ट, हेवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन रांची, पतरातू एवं बरौनी बिजली कारखाना, बरौनी तेल शोधक कारखाना, मोकामा में राजेन्द्र सेतु एवं विकास के अन्य बड़े कार्य डा. श्रीकृष्ण सिंह के कार्यकाल में हुए। उन्होंने कहा कि जमींदारी प्रथा का उन्मूलन बिहार में श्रीबाबू के कार्यकाल में हुआ और उन्होंने बिहार को आधुनिक राज्य के श्रेणी में आजादी के पश्चात लाकर खड़ा कर दिया। स्व. विद्याकर कवि के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राजेश राम ने कहा कि स्व. विद्याकर कवि स्वतंत्रता सेनानी एवं संवेदनशील नेता थे।

# हिमालया वेलनेस और आरसीबी महिला टीम ने हाथ मिलाया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के नंबर 1 फेस वॉश ब्रांड हिमालया वेलनेस ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 1डरवुमन अकादमी का अनावरण किया। यह शुरुआत 1डरवुमन पहल की गति को आगे बढ़ाते हुए, जो युवा लड़कियों को चुनौतियों से उबरने में सहायता करती है और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्रों में नंबर 1 बनने के लिए प्रेरित करती है। यह प्लेटफॉर्म युवा लड़कियों और उनकी पसंदीदा महिला क्रिकेटरों के बीच की दूरी को कम करने के लिए तैयार किया गया है।

# शिक्षा से आत्मनिर्भरता तक : आनंद रंजन झा को मिला 'भारत रत्न आइकॉनिक अचीवर्स अवॉर्ड 2026'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जंदाहा (वैशाली) के प्रख्यात शिक्षाविद् आनंद रंजन झा को राष्ट्रीय स्तर के 'भारत रत्न आइकॉनिक अचीवर्स अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान जीवन जागृति सेवा संस्थान द्वारा 29 जनवरी 2026 को प्रदान किया गया। यह सम्मान श्री झा को वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उनके सतत, समर्पित और प्रभावशाली कार्यों के लिए दिया गया है।



उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने, रोजगारोन्मुख कौशल विकसित करने तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिजिटल साक्षरता के प्रसार के माध्यम से श्री झा ने छात्रों एवं समुदाय के सदस्यों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उन्हें बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाया। शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास को केंद्र में रखकर किए गए उनके प्रयासों से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। भारत रत्न आइकॉनिक अचीवर्स अवॉर्ड 2026 उन व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने समाज और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक, प्रभावी एवं दीर्घकालिक योगदान दिया हो। सम्मान पत्र में श्री झा की प्रतिबद्धता, सामाजिक उत्तरदायित्व और शिक्षा के प्रति समर्पण की विशेष सराहना की गई है। सम्मान प्राप्त करने पर आनंद रंजन झा ने इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, डिजिटल सशक्तिकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस सम्मान से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# 21 और 22 फरवरी को होटल मौर्या में लगेगा प्रीमियर स्कूल्स एडमिशंस फेयर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के होटल मौर्या में 21 और 22 फरवरी को दो दिवसीय प्रीमियर स्कूल्स एडमिशंस फेयर का आयोजन किया जाएगा। बिग बैनर एक्सहिबीटर द्वारा आयोजित इस फेयर का उद्देश्य अभिभावकों और छात्रों को देश के नामी एवं प्रतिष्ठित स्कूलों के एडमिशन विकल्पों से एक ही मंच पर रूबरू कराना है। उक्त बात की जानकारी फ्रेजर रोड स्थित कासा पिकोला रेस्टुरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान फेयर की संयोजक स्वेता ने दी। उन्होंने कहा कि इस एडमिशन फेयर में देश के जाने - माने 20 से अधिक बोर्डिंग एवं डे स्कूल्स भाग लेंगे।

# डीएम ने लोक शिकायत निवारण आवेदनों का किया निस्तारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** लोक शिकायत निवारण के द्वितीय अपील अन्तर्गत प्राप्त 41 अपील आवेदनों एवं सेवा शिकायत निवारण अन्तर्गत 02 अपील आवेदनों पर जिलाधिकारी द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार/सेवा प्राधिकार के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम - 2, निदेशक, डीआरडीए रोहतास, प्रभारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम, अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सासाराम, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल डिहरी उपस्थित रहे। परन्तु, अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज अन्य कारण से उपस्थित नहीं हुए जिसके कारण उनसे संबंधित परिवाद पर सुनवाई नहीं किया गया। लोक प्राधिकार / सेवा प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान रामाशंकर बिन्द, इन्द्रजीत कुमार, नगमा प्रवीण, आर्या कंस्ट्रक्शन, रामजी सेठ, रामजी प्रसाद, अनुप कुमार, कन्हैया उपाध्याय, धनजी सिंह, बनारसी सिंह, महेन्द्र तिवारी, राम भरत सिंह के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। शेष मामले में लोक प्राधिकार/सेवा प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ हीं लोक प्राधिकार/सेवा प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश भी दिये गए।

## राधा शांता कॉलेज में काकोरी विमर्श कार्यक्रम का भव्य आयोजन

### भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के योगदान पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** सभ्यता अध्ययन केंद्र बिहार, शाखा रोहतास एवं राधा-शांता महाविद्यालय तिलौथू के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को काकोरी प्रतिरोध शताब्दी समारोह के अंतर्गत काकोरी विमर्श: भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों का योगदान विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक राष्ट्रीय प्रार्थना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। उद्घाटन समारोह में अतिथियों का सम्मान श्रीरामचरितमानस व अंगवस्त्र से प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने किया। अपने व्यक्तव्य में आचार्यों एवं शिक्षकों ने काकोरी आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कवि उमेश दास 'अंकुर' द्वारा देशभक्ति कविता पाठ किया गया। वहीं स्थानीय क्रांतिकारी परिवारों का परिचय प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता श्री रवि शंकर (निदेशक : सभ्यता अध्ययन केंद्र, संपादक-गगनांचल विदेश मंत्रालय, भारत) ने काकोरी कांड के ऐतिहासिक महत्व और क्रांतिकारी विचारधारा की प्रासंगिकता पर विस्तार से व्याख्यान दिया। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. विनोद जायसवाल (आचार्य, काशी हिन्दू विश्विवद्यालय वाराणसी) ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में युवाओं और क्रांतिकारी आंदोलनों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। वक्ता गोपाल पांडेय (महंत ठाकुरबाड़ी सासाराम) ने क्रांतिकारियों के बलिदान को स्मरण करते हुए नई पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति के मूल्यों से जुड़ने का आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान जिज्ञासा समाधान सत्र आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने प्रश्न पूछे और वक्ताओं ने उत्तर दिए। स्थानीय क्रांतिकारी परिवारों को सम्मानित भी किया गया। अध्यक्षीय भाषण में आयोजकों ने कहा कि काकोरी आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण अध्याय है जिसने देश को नई दिशा दी।

## असिस्टेंट कमांडेंट शिवजी लाल ने स्कूली बच्चों को किया सम्मानित

### पैसे के अभाव में कभी परीक्षा छोड़ दिए, आज असिस्टेंट कमांडेंट बन बच्चों को कर रहे हैं मदद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** असिस्टेंट कमांडेंट शिवजी लाल ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम दावथ मध्य विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया जिसमें मध्य विद्यालय दावथ और प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं, शिक्षक, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह शामिल हुए। शिवजी लाल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने अपनी कठिनाइयों और संघर्षों की कहानी साझा की और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विगत परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पठन सामग्री, मेडल आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। मध्य विद्यालय से परी कुमारी, आरती कुमारी, शफक नाथ, छठी कक्षा से मनीषा कुमारी, अंजली कुमारी, आस्था कुमारी, मधुबाला कुमारी कक्षा सातवीं से तथा शालिनी कुमारी, सुहाना कुमारी, सनी कुमार आठवीं कक्षा के छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद शेखर थाना अध्यक्ष दावथ मनीष पंजियार, पूर्व मुखिया चंद्रमा सिंह, पूर्व उप प्रमुख हरिहर राय, पूर्व बीडीसी परवेज सिद्दीकी, प्रधानाध्यापक कौशलेंद्र कुमार प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय शिवयोग राम, कन्या मध्य विद्यालय से धनंजय सिंह श्री भगवान प्रसाद, पूर्व वायु सैनिक अभय कुमार सिंह और सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। आगत अतिथियों का स्वागत फूलमाला और अंग वस्त्र से किया गया और शिक्षकों तथा अतिथियों को कलम देकर सम्मानित किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को विभिन्न तरह के उपहार प्रदान किए गए।

## विधिज्ञ संघ भवन निर्माण को दिए जाएंगे 15 लाख : विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ द्वारा अध्यक्ष मनोज अज्ञानी के नेतृत्व में विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए भवन निर्माण को 15 लाख रुपए दिए जाएंगे। सब के विकास को वे समर्पित है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित है। अधिवक्ताओं की बैठने की हो रही समस्याओं के मद्देनजर विधायक कोष से 15 लाख रुपए भवन निर्माण को दिया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय के भवन का उद्घाटन होगा जहां अधिवक्ताओं और मुव्वकिलों को सारी सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही मुख्यमंत्री से मिलकर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय का निर्माण, डिहरी को जिला बनाने, सोनड्राइव का निर्माण, डालमियानगर में स्टेडियम बनाने, डालमियानगर में रेल कारखाना लगाने समेत क्षेत्र में उद्योग लगाने, पौराणिक झारखंडी मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण और झारखंडी महादेव महोत्सव कराया जाने से संबंधित ज्ञापन दिया था। मुख्यमंत्री सचिवालय ने इस संबंध में संबंधित विभागों से रिपोर्ट तलब किया। उन्होंने उम्मीद जताई है कि सरकार द्वारा इस मामले में जल्द ही अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। विधायक का स्वागत विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी सहित कई अधिवक्ता ने अंग वस्त्र फूलों का गुलदस्ता देकर किया।

पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया। वरिष्ठ अधिवक्ता मनीषा दुबे ने नवनिर्मित न्यायालय भवन में महिलाओं के लिए अलग कॉमन रूम और वॉशरूम बनाने की मांग की। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मिथिलेश कुमार, रमाकांत दुबे, सुरेंद्र सिंह, चंद्रिका राम, विनोद पाठक, हरिद्वार सिंह, अमरनाथ सिंह, रवि शेखर, अमिषा अनुराधा, पूनम कुमारी, गीता कुमारी, अंजू, काजल कुमारी समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

## बार एसोसिएशन में विधायक ने आर. एस. के पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी बार एसोसिएशन परिसर में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान आर. एस. के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के निदेशक आनंद सिंह को विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह द्वारा अंगवस्त्र, फूलों का गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह (मेमोन्टो) देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी ने बताया कि आर. एस. के पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह द्वारा बार एसोसिएशन परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगवाने में सहयोग किया गया है। इसी सामाजिक सहयोग एवं सराहनीय योगदान के लिए विधायक के स्वागत समारोह के दौरान उन्हें सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि आनंद सिंह सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और समाजहित में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं सम्मान प्राप्त करने के बाद आनंद सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं के कार्यक्रम में विधायक द्वारा सम्मानित किया जाना उनके लिए गर्व की बात है, यह सम्मान उन्हें आगे भी समाजसेवा के लिए प्रेरित करेगा।

## कला संस्कृति मंत्री से मिलकर अकस अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

### ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता को सांस्कृतिक महोत्सव का दर्जा देने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले में कला संस्कृति के विकास समेत अन्य मामलों को लेकर अभिनव कला संगम अध्यक्ष कमलेश कुमार ने पटना में कला संस्कृति मंत्री डॉ अमर शंकर प्रसाद से मिलकर कई मुद्दों पर बातचीत की तथा उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। कला संस्कृति मंत्री को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि अभिनव कला संगम लगातार 33 वर्षों से प्रतिवर्ष ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन करती है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के कलाकार डालमियानगर मॉडल स्कूल में आकर अपने कला का प्रदर्शन करते हैं। किंतु उक्त कार्यक्रम में कला संस्कृति मंत्रालय से कोई सहयोग नहीं मिल पाता है जिससे कार्यक्रम करने में परेशानी होती है। इसके अलावा अभिनव कला संगम द्वारा वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य कैंप, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता रैली व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं जिस प्रकार बिहार के सोनपुर में लगने वाले मेल को राजकीय मेला का दर्जा दिया गया है। उसी तरह डालमियानगर में होने वाले ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक प्रतियोगिता को सांस्कृतिक महोत्सव का दर्जा दिया जाए। डिहरी-डालमियानगर क्षेत्र में रंगाश्रम का निर्माण करने तथा राज्य स्तर पर सरकार द्वारा कला संस्कृति विभाग से होने वाले कार्यक्रम में अभिनव कला संगम को राज्य स्तर पर प्रमुखता देने की मांग की गई। मंत्री ने अभिनव कला संगम व उससे जुड़े होने वाले सभी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने कहा कि अभिनव कला संगम द्वारा लगातार राष्ट्रीय स्तर के आयोजन काबिले तारीफ है। कला संस्कृति विभाग की ओर से संस्था को हर संभव सहयोग किया जाएगा। साथ ही आगामी दिसंबर में अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता सह संस्कृत प्रतियोगिता में कला संस्कृति विभाग बढ़-चढ़कर भूमिका निभाएगी। विभाग द्वारा कलाकारों के लिए शुरू की गई कई लाभकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। अकस अध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि मंत्री से कई आश्वासन मिले हैं और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता को राजकीय संस्कृति महोत्सव का दर्जा कला संस्कृति विभाग के माध्यम से सरकार देगी।

## जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के द्वारा जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में फरियादियों की फरियाद एवं त्वरित निष्पादन करने का आदेश दिए। लंबित कांड कुर्की वारंट की गहन समीक्षा की। मौके पर एसडीपीओ चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार, धर्मेंद्र कुशवाहा, अमित यादव, राजकिशोर चौरसिया, सरवर अली खान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गुरु रविदास महाराज जयंती को राजकीय समारोह घोषित करे सरकार : अशोक कुमार राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय रविदास नव निर्माण मंच द्वारा होने जा रहा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का 649 वां छठिहार जन्मोत्सव सह-सम्मान समारोह की तैयारी की समीक्षा बैठक पटना कार्यालय में की गई। बैठक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह रालोमो अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार राम की अध्यक्षता में हुई। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया आगामी 8 फरवरी, दिन रविवार को जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, सरदार पटेल मार्ग पटना में जो विधानसभा पोस्टऑफिस के सामने स्थित है उसी सभागार में राज्य स्तरीय भव्य आयोजित किया जाएगा। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाएगा जिसमें देश के विभिन्न राज्यों सहित विशेष रुप से बिहार के सभी जिलों से मंच के हजारों कार्यकर्ता और अनुयायी भाग लेंगे। समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को 'संत गुरु रविदास विरासत सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राम ने बताया कि संत गुरु रविदास जी का जीवन समता, समानता और सामाजिक न्याय का संदेश देता है जिसे जन-जन तक पहुंचाना और समाज में एकजुटता बनाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। बिहार सरकार से मंच परिवार का मांग है संत गुरु रविदास महाराज जी का जयंती की राजकीय समारोह घोषित अविलंब करे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा से आग्रह के साथ निवेदन करते हैं कि आप की सरकार बहुत सारे संत महापुरुषों की जयंती को राजकीय समारोह घोषित किए। फिर दलित समाज के घर पैदा होने महान संत जो संतों का शिरोमौर है पूरे देश विदेशों में इनके करोड़ों की संख्या में अनुयाई है। खास कर रविदास समाज इन्हें भगवान मानते और पूजते है ऐसे महान संत गुरु रविदास महाराज जी की जयंती को राजकीय समारोह घोषणा में विलंब क्यों ? सरकार से आग्रह है जयंती को राजकीय समारोह अविलंब घोषित कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा यश का भागी बने । इस समारोह का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री, सह वर्तमान राज्यसभा सांसद व रालोमो सुप्रीमो उपेन्द्र कुशवाहा करेंगे। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग मंत्री दीपक प्रकाश होंगे। साथ में अन्य विधायक एवं गणमान्य सम्मानित अतिथि के रुप में भाग लेंगे। मंच परिवार ने समाज के सभी वर्गों से इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

## विद्युत चोरी का मामला: अभियंता ने दर्ज कराई शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, टिकारी के सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार चौधरी ने विद्युत चोरी के मामले में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि धनंजय यादव ग्राम खैरा ने अवैध तरीके से विद्युत की चोरी की है जिससे साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड को 2,36,583 रुपये का नुकसान हुआ है। छापेमारी के दौरान पाया गया कि धनंजय यादव विद्युत संबंध नहीं लिए हुए थे तथा एल.टी. लाइन में टोका फंसाकर आटा चक्की चलाने हेतु औद्योगिक श्रेणी में विद्युत की चोरी करते पाए गए।

## गरीब गुरबा की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं : जगदीप पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** अपने पूर्वजों की याद में कार्यक्रम आयोजित कर समाज की सेवा करने का महत्वपूर्ण अवसर अच्छे किस्मत वालों को ही मिलती है। पूर्वजों की याद में गरीबों की सेवा करना उनकी कृति को बढ़ाता है। उक्त बात शनिवार को अकोढ़ी गोला प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बराढी ग्राम में जीवकली चंद्रभूषण ट्रस्ट द्वारा माता जीवली की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित समारोह में उपस्थित अतिथियों ने कही। उन्होंने कहा कि काफी लम्बे समय से माता जीवकली के सुपुत्र व व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष पं. जगदीप पांडेय व उनकी धर्मपत्नी पूनम पांडेय द्वारा पुण्य तिथि के मौके पर गरीबों की सेवा कार्यक्रम आयोजित कर समाज को एक अच्छा सन्देश दिया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रम की जितनी सराहना की जाए कम है। मौके पर आए अतिथियों का स्वागत माता जीवकली के भतीजा अधिवक्ता जगनारायण पांडेय, पोती पूर्व प्रोफेसर डॉ गीता पांडेय व संगीत पांडेय, पोता आईएफएस कमलेश पांडेय, डॉ दिनेश पांडेय व अधिवक्ता मुकेश पांडेय, घर की बहू पूर्णिमा पांडेय, बबिता पांडेय व किरण पांडेय, परपोता शुभम पांडेय, आदित्य पांडेय, ओमशंकर पांडेय व आयुष पांडेय और परपोती आयुष्मा पांडेय व आंचल पांडेय ने किया। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक भोज आयोजित कर जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क कंबल का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित जीवका के क्षेत्रीय समन्वयक रचना मौर्या, लेखपाल माधुरी शर्मा, गिरजा शंकर उपाध्याय, राम पुकार पांडेय, सुनील गुप्ता, राजू कश्यप, सतेंद्र कश्यप, बुचुन प्रसाद, प्रमोद पांडेय, सुरेंद्र पांडेय आदि ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## बाल मेला का आयोजन

**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुआरी के प्रांगण में बाल मेला सह शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षक कमलेश शर्मा ने कहा कि बच्चों को विद्यालय निर्धारित समय से भेजें जिससे उनकी पढ़ाई नियमित हो सके।

## कमलेश सिन्हा के अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अधिवक्ता मंच के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा द्वारा भाजपा विधि प्रकोष्ठ रोहतास के जिला संयोजक कमलेश कुमार सिन्हा को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के अधिवक्ता मंच के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रोहतास के जिलाध्यक्ष अमित शेखर, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश चंद्र सिन्हा उर्फ सिप्पू, कायस्थ विकास परिषद् रोहतास सह उपाध्यक्ष आभाकाम बिहार के महासचिव अजय कुमार सिन्हा, सचिव संजीव कुमार सिन्हा ने कमलेश कुमार सिन्हा को उनके आवास पर बुके एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। आभाकाम बिहार के उपाध्यक्ष राकेश चंद्र सिन्हा उर्फ सिप्पू ने कहा कि हम सभी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हमारे गृह रोहतास जिला से हमारे बड़े भाई कमलेश कुमार सिन्हा को अधिवक्ता मंच का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया इसके लिए हम सभी रोहतास वासी आभाकाम के प्रदेश अध्यक्ष को हृदय से आभार व्यक्त करते हैं साथ ही केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करते हैं।

## गांधी जी के शहादत दिवस पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दिनारा (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय के परिसर सभागार में वांग्मय परिषद के तत्वावधान में गांधी जी के शहादत दिवस पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर बिहार विधान परिषद सदस्य अशोक कुमार पांडे ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित बुद्धिजीवियों, कवि - साहित्यकार, प्रबुद्धजनों एवं समाजसेवियों सहित अन्य गणमान्य लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वांग्मय परिषद के अध्यक्ष लक्ष्मण चौबे ने की। मंच संचालन शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ. सरोज कुमार गुप्ता ने किया। कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य अशोक कुमार पांडेय ने कवियों एवं साहित्यकारों को देश एवं समाज का समादृत व्यक्ति बताते हुए कहा कि बुद्धिजीवीयों एवं कवि-साहित्यकारों का ज्ञान और उनकी सोच न सिर्फ राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाती है, अपितु समाज एवं देश को दिशा का बोध भी कराती है। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्र निर्माण में सदैव कवियों एवं साहित्यकारों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया और भारत की गंगा - यमुनी तहजीब एवं भारतीय संस्कृति को समृद्ध एवं उन्नत बनाने में विशेष योगदान दिया। श्री पांडेय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचार दर्शन को कल से कहीं अधिक प्रासंगिक बताया और उनके जीवनादर्शों एवं जीवन मूल्यों को आत्मसात करने पर बल दिया।

## अदालती सूचना

पत्रांक सं. 23/25, दिनांक 16.1.2026

अन्तर्गत न्यायालय,
सब जज प्रथम
बेनीपट्टी, मधुबनी ।
बंटवारा वाद सं023/25
मो. सोनिया देवी वगैरह ----------------------------------वादी

**बनाम**

वतहिया देवी वगैरह----------------------------------प्रतिवादी

**नोटिस बनाम**

प्रतिवादीः -

1. वतहिया देवी पति सुखी कामत
2. प्रमोद कामत
3. कारी कामत
4. सुबोध कामत
   सभी पेसरान सुखी कामत ग्राम-बिजलपुरा, पोस्ट-लोहा थाना-अरेई जिला-मधुबनी (बिहार)।
5. रेखा देवी पति शिबु कामत ग्राम बरहाडा, पोस्ट - नकटी, थाना- राजनगर जिला-मधुबनी, बिहार।
6. चानो देवी पति रूपेश कामत ग्राम गौसनगर, पोस्ट बलयापट्टी, थाना-बासोपट्टी, जिला मधुबनी ( बिहार। )
7. सुलेना देवी पति दिनेश कामत ग्राम-पोस्ट तिलकवाड़, थाना-राजनगर, जिला-मधुबनी (बिहार)।
8. राम प्रसाद कामत पेसर-फकीरा कामत
9. बच्चे लाल कामत पेसर-दुःखी कामत दोनों ग्राम बिजलपुरा, पोस्ट-लोहा, थाना-अरेई, जिला मधुबनी (बिहार)।
   विदित हो कि आपलोग को न्यायालय से सम्मन एव निबंधित सम्मन भेजा गया लेकिन आप उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

अतः बजरिये नोटिस आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 13-02-2026 को समय करीब 10:30 बजे दिन में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरुद्ध एक पक्षीये आदेश पारित कर दिया जायेगा।
इसे आवश्यक समझे।

**सब जज प्रथम**
**बेनीपट्टी ।**

# नीति आयोग द्वारा आयोजित सम्पूर्णता अभियान-2.0 का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला पदाधिकारी, गया के निर्देशन में समाहरणालय सभागार, गया में नीति आयोग द्वारा आयोजित सम्पूर्णता अभियान-2.0 का शुभारंभ किया गया जिसमें जिला योजना पदाधिकारी, गया / जिला कृषि पदाधिकारी, गया / जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गया / जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा), गया / स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं आकांक्षी प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी / प्रखण्ड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी / प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी / बाल विकास




परियोजना पदाधिकारी / पिरामल एवं युनिशेफ के प्रतिनिधि सक्रिय रूप से भाग लिया। नीति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला योजना पदाधिकारी, गया द्वारा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम का विषय-स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा तथा पशुपालन के क्रमशः 05 एवं 06 संकेतको को शत-प्रतिशत संतृप्त करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को सलाह दिया गया। विवादों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निष्पादन के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार(नालसा) नई दिल्ली एवं सर्वोच्य न्यायालय के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय और सरकारी संस्थाओं में लंबित वादों जो की न्याय की प्रत्याशा में विचाराधीन स्थिति में है को पक्षकारों के बीच मध्यस्थता एवम सुलह के आधार पर निष्पादन हेतु 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' 0.2 अभियान 90 दिनों के लिये चलाया जा रहा है जिसके वृहद सफलता हेतु पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सह-संरक्षक बालसा न्यायमूर्ति संगम कुमार शाहू के द्वारा मध्यस्थता अभियान रथ को अपने कर कमलों द्वारा हरी झंडी दिखाकर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गयाजी के परिसर से रवाना किया गया जिसमें पटना हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल प्रदीप कुमार मलिक, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह-अध्यक्ष मदन किशोर कौशिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गयाजी,उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह जिला दंडाधिकारी शशांक शुभंकर, सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार वरीय आरक्षी अधीक्षक सुशील कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अरविंद कुमार दास ने सम्मिलित होकर इस मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने का संकल्पित भावना को प्रकट किया।

# चेरकीडीह में ट्रैक्टर छोड़कर भागे चोर

## ग्रामीणों की सतर्कता से आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के चेरकीडीह गांव में बीती देर रात ट्रैक्टर चोरी से जुड़ा एक मामला सामने आया है जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रात करीब दो बजे चेरकी-गया मुख्य मार्ग पर एक ट्रैक्टर संदिग्ध हालत में खड़ा पाया गया। यह ट्रैक्टर गांव के अवधेश सौ के घर से कुछ दूरी पर स्थित एक बंद पेट्रोल पंप के पास छोड़ा गया था जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर के पास तीन युवकों को पेट्रोल डालते हुए देखा। संदेह होने पर जब उनसे पूछताछ की गई तो तीनों युवक घबरा गए और भागने लगे। इसी दौरान शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया जबकि उसके दो साथी भागने में सफल रहे। घटना की सूचना तुरंत शेरघाटी थाना को दी गई। सूचना मिलने के कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए युवक को ट्रैक्टर के साथ थाने ले गई। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार युवक की पहचान अंकुश कुमार, पिता रामजी यादव, निवासी ग्राम धोकड़ा, थाना गुरुआ (गया) के रूप में की गई है। थाना अध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ट्रैक्टर किसका है और उसे कहां से चोरी किया गया था। साथ ही फरार दोनों आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

# शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर डीएम एवं एसएसपी ने की ब्रीफिंग

## इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के लिए 61 परीक्षा केन्द्र बनाए गये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता राजस्व परितोष कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में कदाचार रहित परीक्षा संचालन हेतु सभी प्रतिनियुक्त स्टैटिक / जोनल / सुपर जोनल दल दण्डाधिकारियों / सम्बद्ध पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ संबंधित केन्द्राधीक्षकों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग जिला परिषद सभागार में किया गया। विदित हो कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा



आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन 2 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक दो पालियों में किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए जिला में 61 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सदर अनुमण्डल क्षेत्र में बालक के लिये 25 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं जिसमें 36214 परीक्षार्थी शामिल होंगे, बालिका के लिये 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमे 17132 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उसी प्रकार टिकारी अनुमण्डल क्षेत्र में बालिका के लिये 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमे 5406 परीक्षार्थी शामिल होंगे। शेरघाटी अनुमण्डल क्षेत्र में बालिका के लिये 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 10939 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नीमचक बथानी अनुमण्डल क्षेत्र में बालिका के लिये 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 3007 परीक्षार्थी शामिल होंगे। छात्राओं के लिए 36 परीक्षा केंद्र तथा छात्रों के लिए 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में 36214 छात्र एवं 36484 छात्रा, कुल 72698 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी केंद्राधीक्षक को परीक्षा के संचालन के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्गत निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा में परीक्षार्थी को किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : कुलपति

## पटना विश्वविद्यालय में दो वरिष्ठ शिक्षकों का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय के साइंस कॉलेज से जुड़े दो विद्वान एवं लोकप्रिय शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर विश्वविद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई दी। भूगर्भ शास्त्र विभाग के प्रो. अनिल कुमार एवं रसायन शास्त्र विभाग के प्रो. अभय कुमार के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते कुलपति प्रो. नमिता सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते हैं। खासकर इन दोनों शिक्षकों का विश्वविद्यालय में बहुत बड़ा योगदान रहा। दोनों शिक्षक छात्रों, कर्मियों और शिक्षकों के बीच काफी लोकप्रिय थे। दोनों एकेडमिक



और सामाजिक प्रतिष्ठा भी बेहतर रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, महाविद्यालयों के प्राचार्य, सैकड़ों शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे और दोनों शिक्षकों के साथ बिताए गए प्रेरक क्षणों को साझा किया। समारोह की रूपरेखा प्रो. सुहेली मेहता ने प्रस्तुत की। इसके बाद प्रो. अनिल कुमार के सम्मान में डॉ. दीपनारायण तथा प्रो. अभय कुमार के सम्मान में प्रो. किरण कुमारी द्वारा प्रशस्ति पत्र का वाचन किया गया। प्रशस्ति पत्र में दोनों शिक्षकों के अनुकरणीय शैक्षणिक योगदान, शोध कार्य एवं विश्वविद्यालय के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दोनों शिक्षकों को विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक एवं अनुशासित अकादमिक व्यक्तित्व बताया। सम्मान व्यक्त करने वालों में पटना कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार, मगध महिला कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नगेंद्र प्रसाद वर्मा, पटना साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अलका, बी.एन. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राज किशोर प्रसाद, प्रो. शिवसागर, प्रो. वाई.के. वर्मा, प्रो. खगेंद्र कुमार, प्रो. कामेश्वर पंडित, प्रो. अतुल आदित्य पाण्डेय, कुलानुशासक प्रो. मनोज कुमार सिन्हा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुबोध जी सहित कई शिक्षक एवं शोधार्थी शामिल रहे।

# शेरघाटी थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन, दो दर्जन से अधिक मामलों की हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना परिसर में शनिवार को पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। यह जनता दरबार गया जिले के नगर पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार द्वारा सुना जाना था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति के कारण शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) अजय प्रसाद ने जनता दरबार की कमान संभाली और लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार के दौरान डीएसपी अजय प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि करीब दो दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, गलत तरीके से मुकदमे में फंसाए जाने और अन्य आपराधिक व प्रशासनिक शिकायतें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों की विधिवत जांच कराई जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने शेरघाटी थाने में मुकदमा दर्ज नहीं किए जाने से जुड़े विवाद पर थाना प्रभारी को सख्त निर्देश देने की बात कही। हालांकि जनता दरबार में शामिल कई आवेदकों ने नगर पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की। लोगों का कहना था कि जनता दरबार में सिटी एसपी को आना था, लेकिन उनके नहीं आने से वे संतुष्ट नहीं हैं ।

# आधा दर्जन नशेड़ी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में शराब सेवन की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शेरघाटी पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया जिससे इलाके में हड़कंप मच गयी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शराबियों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि बीते कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि कुछ मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब का सेवन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन और शराबबंदी



कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर कुल नौ लोगों को शराब पीने की हालत में गिरफ्तार किया। सभी आरोपितों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान हटिया मोहल्ला धोबी टोला निवासी रंजन रजक (30), लिपगंज चट्टी निवासी मो. दाउद मियां (35), दुल्हिन मंदिर निवासी राजू कुमार (35), इन्द्रानगर निवासी महेन्द्र मांझी (45), कमाल शहीद निवासी मो. शमशाद (25), मुंशी टोला निवासी जुबैर कुरैशी (42), लगन तकिया निवासी मो. असगर कुरैशी (34), लोदी शहीद निवासी कैलू मांझी (30) तथा रमना निवासी सरयू मांझी (40) के रूप में की गई है। सभी शेरघाटी थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। इधर, पुलिस की कार्रवाई को लेकर शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराबबंदी कानून के नाम पर अधिकतर असहाय और गरीब वर्ग के लोगों को ही निशाना बनाया जा रहा है जबकि क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही बालू ढुलाई पर पुलिस की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है।

# 180 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/ गयाजी।** समेकित जांच चौकी, डोभी पर वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने अवैध विदेशी शराब के परिवहन का भंडा फोड़ करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक बजाज सीएनजी टैम्पू से कुल 180 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रशांत कुमार, पिता स्व. अशोक सिंह, निवासी चक सिंगर, थाना-जुड़ावनपुर, जिला-वैशाली (बिहार) तथा अभिषेक सिंह, पिता सुजीत सिंह, निवासी बैकटपुर, थाना-खुशरूपुर, जिला-पटना (बिहार) के रूप में की गई है। दोनों की उम्र क्रमशः लगभग 22 व 21 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी टैम्पू के माध्यम से अवैध रूप से विदेशी शराब का परिवहन कर रहे थे। संदेह के आधार पर वाहन की तलाशी ली गई जिसमें शराब बरामद हुई। इसके बाद दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया तथा शराब के साथ वाहन को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को आगे की कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

# उत्तर कोयल नहर आंदोलन को धार देने के लिए दो-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध के तत्वावधान में दो-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शनिवार को इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन स्थित गुरुजी कॉलोनी में हुआ। यह शिविर 31 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य उत्तर कोयल नहर से जुड़े मुद्दों पर आंदोलन को संगठित और प्रभावी बनाना है। शिविर में वर्तमान व्यवस्था में आंदोलनकारियों की भूमिका, भारतीय अर्थव्यवस्था पर कॉरपोरेट वर्चस्व से निजात के रास्ते, किसानों की दशा-दिशा और आंदोलन की जरूरत, मगध में उत्तर कोयल नहर के लिए संघर्ष तथा मोर्चा के संविधान के लोकार्पण व



संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने जैसे विषयों पर चर्चा की जा रही है। मोर्चा के सचिव सह जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्य मांगों में उत्तर कोयल नहर की मुख्य शाखा के 211 आरडी स्थित सीआर गेट में फाटक लगाना, नहर में बनी अवैध दीवार हटाना तथा चेईं नवादा, कोटवारा व अंगरा कैनाल की अंतिम छोर तक सफाई कार्य शुरू कराना शामिल है। इसके अलावा इसमाइलपुर व देवरोड हॉल्ट के पास रेल पुल निर्माण, भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 का पालन और कुटकू डैम में फाटक लगाने की मांग को लेकर आंदोलन जारी है। उन्होंने बताया कि शिविर में आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जा रही है और शीघ्र ही बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षकों ने किसानों व मजदूरों में जागरूकता और आत्मविश्वास का संचार किया। मौके पर प्रशिक्षक प्रोफेसर अनुज लुगून हिंदी विभाग के प्रोफेसर दक्षिण बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी (गया), प्रोफेसर कृष्णनंदन यादव (हिंदी विभाग, गया कालेज, गया) प्रोफेसर अलि इमाम खान (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, बोकारो) सहित उपस्थित प्रशिक्षुओं में जयनंदन शर्मा, देवलाल सिंह, सिद्धनाथ सिंह, टी.पी.सिंह, उपेन्द्र कुमार, गिरिजेश यादव, सुखींद्र कुमार, धनेश यादव, विनोद प्रसाद, एल.के.बिंदु, रामविजय यादव, उपेन्द्र यादव, ब्रह्मदेव यादव, रमेश कुमार, किशोरी मोहन, अशोक यादव, सुंदरदेव यादव आदि मौजूद थे।

# मद्य निषेध अधिनियम में एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना पुलिस ने मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच थाना कांड संख्या 24/26 में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में नामजद अभियुक्त पिंटू यादव, पिता रामबली यादव, निवासी धरहरा, थाना कोंच, जिला गया को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शनिवार दोपहर करीब 2 बजे उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि जिले में मद्य निषेध कानून के सख्ती से पालन हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# डीडीसी का कोराप पंचायत में औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड की कोराप पंचायत में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शैलेश कुमार दास ने शनिवार को विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण से प्रखंड मुख्यालय और पंचायत स्तर के अधिकारियों-कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई तथा कार्य अवधि में एक भी कर्मी उपस्थित नहीं मिला। इस पर नाराजगी जताते हुए डीडीसी ने कोंच के बीडीओ विपुल भारद्वाज को निर्देश दिया कि सभी अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण लिया जाए और संतोषजनक जवाब नहीं



मिलने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। डीडीसी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सूची से वंचित पात्र परिवारों की शीघ्र पहचान कर उन्हें जोड़ा जाए। साथ ही कहा कि सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए।

# शिक्षा और संस्कार का संदेश देता है विवेकानंद मेमोरियल अकादमी का वार्षिक समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विवेकानंद मेमोरियल अकादमी, मीठापुर, न्यू जक्कनपुर में आज विद्यालय का वार्षिक समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रंजीत कुमार मधुकर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत कक्षा पांच की छात्राएं जानवी एवं आंचल द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। कार्यक्रम के दौरान भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की गई जिसमें अनु, पायल, परिधि, इनाया, रुचि, अभिषेक, सत्यम, ऋषि, रौनक सहित विद्यालय के सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित



दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक अनुष्का एवं प्रद्युमन पाठक द्वारा किया गया। यह समारोह मान्या राज के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। मुख्य अतिथि रंजीत कुमार मधुकर ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार जीवन में सफलता की सशक्त कुंजी हैं। कार्यक्रम के अंत में शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# एपिकॉन 2026: अब मुमकिन है मोटापे से मुक्ति और डायबिटीज पर पूर्ण विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अगर आप बढ़ते वजन और शुगर की लाइलाज बीमारी से परेशान हैं तो चिकित्सा जगत की नए रिसर्च आपके लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आए हैं। राजधानी के ज्ञान भवन और बापू सभागार में चल रहे चिकित्सकों के महाकुंभ 'एपिकॉन 2026' के तीसरे दिन शनिवार को दुनिया भर के विशेषज्ञों ने घोषणा की कि आधुनिक 'वंडर ड्रग्स' के आने से अब वजन घटाना और मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करना पहले से कहीं अधिक आसान और सुरक्षित हो गया है। सम्मेलन के तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण सेमाग्लूटाइड और तिर्जेपेटाइड जैसी नई दवाएं रहीं जिन्हें मोटापे और डायबिटीज के खिलाफ चिकित्सा विज्ञान का ब्रहमास्त्र माना जा रहा है। बता दें कि एपिकॉन में



शनिवार को लगभग 59 वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए गए और इनमें करीब 240 डॉक्टरों ने विभिन्न सत्रों को संबोधित किया। देश के विख्यात एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. शशांक जोशी और डॉ. राजेश राजपूत ने संयुक्त सत्र में बताया कि मोटापा केवल एक शारीरिक अवस्था नहीं बल्कि कई गंभीर बीमारियों की जड़ है। उन्होंने कहा कि सेमाग्लूटाइड ने वजन घटाने के परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। यह दवा न केवल शरीर का भार कम करती है, बल्कि हृदय और किडनी को भी सुरक्षा कवच प्रदान करती है। विशेषज्ञों के अनुसार तिर्जेपेटाइड के शुरुआती उपयोग से डायबिटीज के मरीजों का जीवन सुधारा जा सकता है और उन्हें इंसुलिन की निर्भरता से बचाया जा सकता है। तकनीकी सत्र में डॉ. अनुराग ढींगरा ने एआई पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि एआई चिकित्सा क्षेत्र में एक दोधारी तलवार की तरह है जहां यह बीमारियों के शुरुआती संकेतों को पकड़ने में डॉक्टर की मदद कर सकता है, वहीं इसका अनियंत्रित उपयोग जोखिम भरा भी हो सकता है। अंततः मरीज की धड़कन और उसकी संवेदनाओं को समझने के लिए डॉक्टर का मानवीय अनुभव ही अंतिम सत्य रहेगा। तीसरे दिन के मंथन से आम जनता के लिए कुछ बेहद महत्वपूर्ण सुझाव निकलकर आए। लाइफ सिंपल 7 स्कोर के बारे में बताते हुए डॉ. मीनाक्षी शारदा ने कहा कि सात सरल मानकों (जैसे-बीपी नियंत्रण, व्यायाम, सही आहार आदि) के जरिए व्यक्ति अपने दिल की सेहत का खुद मूल्यांकन कर सकता है। डॉ. आरती कन्नन ने बताया कि हमारे शरीर की आंतरिक घड़ी का ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म पर सीधा असर पड़ता है। सही समय पर सोना और जागना शुगर कंट्रोल करने के लिए दवाओं जितना ही जरूरी है। डॉ. महेश मारदा ने 70 साल की उम्र के बाद सक्रिय जीवन जीने के तरीके साझा किए, जबकि डॉ. अतनु चंद्रा ने बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की अपील की। डॉ. कृष्णा पांडे ने कालाजार (विसेरल लीशमैनियासिस) के इलाज में हुए क्रांतिकारी बदलावों पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे भारत इस बीमारी के उन्मूलन की ओर बढ़ रहा है। वहीं डॉ. दुर्गा प्रसन्न मिश्रा ने तकायसु आर्टराइटिस जैसी दुर्लभ नसों की बीमारी के निदान पर नई रोशनी डाली। डायबिटीजःअब केवल शुगर कंट्रोल नहीं बल्कि अंगों की सुरक्षा ही उपचार का असली लक्ष्य है।

संपादकीय

# अब एनसीपी का क्या होगा?

राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजिखत) के मुखिया अजित पवार के विमान दुर्घटना में असामयिक निधन से न केवल उनकी पार्टी के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लग गया है, बल्कि इससे महाराष्ट्र की राजनीति भी काफी हद तक प्रभावित होगी। क्योंकि अजित पवार के रहते पहले से ही राज्य में सत्तारूढ़ महायुति में खींचतान चल रही है। पहले यह नगरपालिका चुनावों में दिखी और अब जिला परिषद के चुनावों में दिख रही है। महायुति में शामिल तीनों पार्टियां राज्य सत्ता में भले साथ हों, लेकिन सबकी अपने अपने विस्तार की महत्वाकांक्षाएं हैं और इसी कारण लगातार टकराव देखने को मिल रहा है। अजित पवार और मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के बीच तो फिर भी काफी सामंजस्य रहा है, लेकिन दूसरे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कई बार खुलकर अपनी नाराजी जता चुके हैं। भले ही इसे राजनीतिक सौदेबाजी माना जाए, लेकिन यह हो रहा है। दूसरे, अजित पवार के पार्टी में कोई नंबर दो सर्वमान्य नेता नहीं है। ऐसे में पार्टी का नेतृत्व कौन करेगा, यह बड़ा और अभी अनुत्तरित सवाल है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या अब अजित पवार की पार्टी में नेतृत्व, उत्तराधिकार और संभावित टूट-फूट को लेकर क्या स्थिति बनेगी? क्या एनसीपी के दोनों गुट एक होंगे या फिर विवाद और बढ़ेगा? ध्यान रहे कि अजित पवार एक मजबूत नेता थे। उन्होंने कई सरकारों के साथ काम किया फिर चाहे कांग्रेस-एनसीपी की सरकार हो या फिर उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की। 2023 में उन्होंने अपने चाचा शरद पवार से अलग होकर एनसीपी का बड़ा हिस्सा अपने साथ ले लिया और बीजेपी-शिवसेना (शिंदे) के साथ महायुति सरकार में शामिल हुए। चुनाव आयोग ने उनके धड़े को आधिकारिक एनसीपी का नाम और सिंबल दिया। पिछले दिनों संकेत मिल रहे थे कि एनसीपी के अजित और शरद पवार धड़े एक हो सकते हैं। लोकल बॉडी चुनावों में दोनों ने कुछ जगहों पर साथ मिलकर लड़ा। दिसंबर में अजित पवार ने कहा था कि 'परिवार एक हो गया है'। लेकिन अब उनकी मौत से यह सब ठप हो गया लगता है। अजित पवार के धड़े में 41 विधायक हैं, जो महायुति सरकार का मजबूत सहारा हैं। अगर धड़े टूटे तो सरकार पर असर पड़ सकता है, लेकिन महायुति के पास बहुमत है। बीजेपी और शिवसेना (शिंदे) मजबूत हैं, लेकिन एनसीपी के विधायकों में बगावत या टूट की आशंका से राजनीति में हलचल मच सकती है।

विपक्षी एनसीपी (एसपी) में शरद पवार, सुप्रिया सुले और रोहित पवार जैसे नेता हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि अजित पवार के निधन से परिवार एक हो सकता है, लेकिन यह आसान नहीं होगा। अजित पवार के जाने के बाद उनकी पार्टी और परिवार में कई चेहरे हैं। उकी पत्नी और बेटे के अलावा पार्टी में कई नेता भी मुख्य दावेदार हैं। गौरतलब है कि पहले बरसों कांग्रेस में रहे शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का गठन 10 जून 1999 को किया था। हालांकि जब अजित पवार ने जुलाई, 2023 में एनसीपी को अपने हाथों में ले लिया था, तब शरद पवार के साथ वाले नेताओं ने एनसीपी (शरदचंद्र पवार) का गठन किया था। अगर एनसीपी के दोनों खेमे मिल जाते हैं तो एनसीपी की ताकत बढ़ जाएगी, क्योंकि शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के केंद्र में अधिक अहमियत रखती है। एनसीपी (एसपी) के राज्यसभा में दो सदस्य हैं तो लोकसभा में 8 सदस्य हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में 10 विधायक और विधान परिषद में 3 सदस्य हैं। अगर दोनों एनसीपी का विलय होता है तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कुल ताकत केंद्र में 9 सांसदों की लोकसभा में हो जाएगी। महाराष्ट्र विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 50 पहुंच जाएगी।

# बांग्लादेश ने गांधी को नहीं माना तो वह टूट जाएगा

**बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कुछ वर्षों पहले कहा था कि महात्मा गांधी उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान के आदर्श थे और वे भी उस मार्ग पर चलना पसंद करती है। ऐसा कहकर शेख हसीना ने बांग्लादेश की राष्ट्रीय चेतना और उसकी ऐतिहासिक दिशा का एक बड़ा राजनीतिक संकेत दिया था। आज जब बांग्लादेश में शेख मुजीबुर्रहमान की स्मृतियों को मिटाने, उनके प्रतीकों को धुंधला करने और उनके विचारों को विवादित बनाने की कोशिशें तेज़ होती दिख रही हैं, तब यह प्रश्न और गहरा हो जाता है कि क्या यह केवल सत्ता संघर्ष है या फिर देश की आत्मा को बदलने की रणनीति है।**

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

महात्मा गांधी का जीवन हमें यह बताता है कि सत्ता का हस्तांतरण एक घटना हो सकती है,लेकिन समाज का नैतिक पुनर्निर्माण एक लंबी साधना है। जब दिल्ली में सत्ता हस्तांतरण की औपचारिकताएं चल रही थी,देश आज़ादी का उत्सव मना रहा था,उस समय गांधी दिल्ली से पंद्रह सौ किलोमीटर दूर पूर्वी और पश्चिमी बंगाल में सांप्रदायिकता की आग बुझाने में लगे थे। वे जानते थे कि आज़ादी का असली अर्थ केवल झंडा फहराना नहीं,बल्कि डर के बिना जीने का अधिकार है। जिस आज़ादी के साथ घर जलें,बहन-बेटियों के प्रति निर्ममता हो,मंदिर-मस्जिद तथा धर्म के नाम पर खून बहे,ऐसी आज़ादी अधूरी है। इसलिए गांधी का 15 अगस्त दिल्ली में नहीं,हिंसा के बीच बीता। यही गांधी का नैतिक नेतृत्व था,जो सत्ता से बड़ा था। किसी पद से ऊंचा था और भाषणों से कहीं अधिक प्रभावी था।



बंगाल की नोआखाली की धरती गांधी की उसी साधना की सबसे बड़ी परीक्षा बनी। वहां से सटे चौमुहानी स्टेशन के बाहर गांधी ने हिंदुओं और मुसलमानों से भाईचारा बनाए रखने की अपील की थी। यह कोई सामान्य भाषण नहीं था,यह उस समय के अंधकार में मनुष्यता की लौ थी। पर विडंबना देखिए कि जिस स्थान पर गांधी ने शांति का संदेश दिया,आज वहां उनकी कोई प्रतिमा नहीं, कोई शिलापट नहीं,कोई स्मृति-चिह्न नहीं। यह अनुपस्थिति उस स्मृति को मिटाने का संकेत है जो साम्प्रदायिक राजनीति को असहज करती है। क्योंकि गांधी का नाम आते ही धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों के हाथ कांपने लगते हैं। गांधी की उपस्थिति का अर्थ है, नैतिकता का दबाव,आत्मा की आवाज़, और हिंसा का प्रतिरोध।

बांग्लादेश में नोआखाली में पढ़े-लिखे नौजवान और बुजुर्ग जानते हैं कि गांधी वहां आए थे। गांधी ने चार महीनों तक नोआखाली के गांवों में पैदल भ्रमण किया,शांति समितियां बनाई और लोगों को भरोसा दिया कि डर के आगे भी जीवन है। जेबी कृपलानी, सुचेता कृपलानी, डॉ. राममनोहर लोहिया और सरोजनी नायडू जैसे नेताओं ने भी उनके साथ शांति बहाली की कोशिश की। यह यात्रा सिर्फ राजनीतिक नहीं थी,यह एक मानवीय पुनर्वास अभियान था,जहां घायल आत्माओं को मरहम चाहिए था,भाषण नहीं। गांधी चार महीनों तक नंगे पांव रहे। उनका कहना था कि नोआखाली एक श्मशान भूमि है,जहां हज़ारों बेगुनाह लोगों की समाधियां हैं। ऐसी जगह चप्पल पहनना मृत आत्माओं का अपमान है। यह प्रतीक बताता है कि गांधी हिंसा को आंकड़ों में नहीं देखते थे,वे हर मृत व्यक्ति को एक परिवार की टूटती दुनिया मानते थे। आज जब राजनीति लाशों को आंकड़ा और दंगों को रणनीति बना देती है,तब गांधी का यह भाव हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। आज बांग्लादेश की नई पीढ़ी की गांधी की स्मृतियों से कोई दिलचस्पी नहीं है और यहीं इस देश की सबसे बड़ी चुनौती भी बन गया है। आज बांग्लादेश में यदि गांधी को भूलाया जा रहा है और जिन्ना के विचारों का महिमामंडन बढ़ रहा है। यह केवल प्रतीकों का संघर्ष नहीं,बल्कि भविष्य का संकट है। जिन्ना का मार्ग राजनीतिक पहचान को धर्म की दीवार पर टिकाता है, जबकि गांधी का मार्ग मनुष्य को धर्म से ऊपर रखता है। जिन्ना की राजनीति विभाजन को समाधान बताती है,गांधी की राजनीति सह-अस्तित्व को सत्य मानती है। जब कोई देश जिन्ना के रास्ते पर चलता है तो वहां नागरिक नहीं, समुदाय बनते हैं,वहां अधिकार नहीं,भय पैदा होता है। वहां लोकतंत्र नहीं, बहुसंख्यकवाद और कट्टरता का शासन बढ़ता है। कोई भी राष्ट्र जो गांधी को भूलता है,वह केवल एक व्यक्ति को नहीं भूलता। वह अहिंसा,सत्य,नैतिक साहस और मानवता की उस भाषा को भूलता है जो समाज को जोड़ती है। और जब राष्ट्र जोड़ने वाली भाषा भूल जाता है,तो टूटने वाली भाषाएं तेज़ हो जाती हैं और घृणा, अफवाह, प्रतिशोध और हिंसा का प्रभाव बढ़ जाता है। ऐसे में देश का नष्ट होना केवल भौगोलिक टूटन नहीं होता, बल्कि वह धीरे-धीरे सामाजिक,सांस्कृतिक और नैतिक विनाश में बदल जाता है।

बांग्लादेश के लिए सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि वह मुजीब और गांधी की परंपरा में एक समावेशी राष्ट्र बनेगा या जिन्ना की दिशा में जाकर पहचान की राजनीति का कैदी बनेगा। बांग्लादेश का जन्म ही एक ऐतिहासिक चेतावनी थी। 1971 में पाकिस्तान का टूटना केवल सैन्य हार नहीं थी,वह विचारधारा की हार थी। पाकिस्तान ने जिन्ना की उस राजनीति को अपनाया जिसमें धर्म के नाम पर राष्ट्र गढ़ा गया,लेकिन समानता और सम्मान की बुनियाद कमजोर रखी गई। परिणाम यह हुआ कि बंगाली अस्मिता,भाषा,संस्कृति और अधिकारों को दबाने का प्रयास किया गया और वही दमन अंततः पाकिस्तान के विघटन का कारण बना। यह इतिहास बताता है कि जो राष्ट्र विविधता को कुचलता है,वह एक दिन खुद अपने ही बोझ से टूट जाता है। आज यदि बांग्लादेश भी उसी रास्ते पर बढ़ता है, तो उसका हश्र भी अलग नहीं होगा। गांधी कहते हैं कि राष्ट्र का निर्माण घृणा से नहीं, विश्वास से होता है,डर से नहीं,न्याय से होता है और हिंसा से नही,संवाद से होता है। यही समावेशी दृष्टि बांग्लादेश को टूटने से बचा सकती है।कुछ ही दिनों बाद बांग्लादेश में चुनाव होने वाले हैं। ऐसे समय में यह आशंका गहराती जा रही है कि जिन्ना की राह पर चलने वाले कट्टरपंथी दल सत्ता के केंद्र में आ सकते हैं। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं होगा,बल्कि बांग्लादेश की आत्मा, उसकी सामाजिक संरचना और उसके भविष्य की दिशा बदल देने वाला मोड़ साबित हो सकता है। कट्टर राजनीति का सबसे पहला हमला नागरिकता पर होता है। वहां लोग नागरिक नहीं रहते,समुदायों में बांट दिए जाते हैं। धर्म के नाम पर पहचान तय होती है,अधिकार घटते हैं और भय बढ़ता है। अल्पसंख्यक असुरक्षित होते हैं,बुद्धिजीवी चुप कर दिए जाते हैं,पत्रकार दबाव में आते हैं और असहमति को देशद्रोह कहकर कुचलने की कोशिश होती है। इस प्रक्रिया में लोकतंत्र केवल चुनावी औपचारिकता बनकर रह जाता है और सत्ता का चरित्र धीरे-धीरे तानाशाही में बदलने लगता है। बांग्लादेश के आगामी चुनाव केवल सत्ता-परिवर्तन नहीं बल्कि देश की आत्मा और दिशा तय करने वाले हैं। यदि जमात-ए-इस्लामी और अन्य कट्टरपंथी ताकतें सत्ता में प्रभावी भूमिका निभाती हैं,तो उनसे समावेशी राष्ट्र-निर्माण की उम्मीद करना कठिन होगा। ऐसी राजनीति अक्सर नागरिक को नहीं,धर्म को केंद्र में रखती है। परिणामस्वरूप समाज में अविश्वास, भय और ध्रुवीकरण बढ़ेगा। यह वही राह है जिसे इतिहास में जिन्ना की सोच के रूप में देखा जाता है,जहां राष्ट्र की पहचान धर्म से तय होने लगती है। भारत के पड़ोसी देशों की राजनीतिक स्थिति आज एक गहरे संक्रमणकाल से गुजर रही है। कहीं लोकतंत्र कमजोर हो रहा है,कहीं सेना और कट्टरपंथ का प्रभाव बढ़ रहा है तो कहीं आर्थिक संकट ने जनता को असहाय बना दिया है। ऐसे समय में गांधीजी की विचारधारा, अहिंसा, संवाद, सत्य, सहिष्णुता और जनशक्ति जैसे मूलभूत गुण इन देशों के लिए सिर्फ नैतिक उपदेश नहीं,बल्कि राजनीतिक स्थिरता का व्यावहारिक रास्ता बन सकती है। गांधीजी की राजनीति का मूल था,हिंसा नहीं,संवाद,बदला नहीं,मेल-मिलाप और सत्ता नहीं,सेवा। पड़ोसी देशों में आज जो संकट हैं,उनका समाधान केवल सैन्य ताकत या कठोर शासन से नहीं निकलेगा।गांधी का सत्याग्रह जनता को अहिंसक तरीके से अन्याय के विरुद्ध खड़ा होने की शक्ति देता है। उनका सर्वधर्म समभाव बहुसंख्यकवाद और धार्मिक कट्टरता के खिलाफ सामाजिक संतुलन पैदा करता है। जिन्ना ने राजनीतिक लाभ के लिए धर्म को राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला बनाया और इसी सोच ने विभाजन को जन्म दिया। धर्म आधारित राष्ट्र की यह अवधारणा बाहर से एकता का भ्रम देती है,लेकिन भीतर से समाज को संकीर्णता,असहिष्णुता और स्थायी अस्थिरता की ओर धकेल देती है। यही कारण है कि पाकिस्तान जो धर्म के नाम पर बना,वह जल्द ही आंतरिक विरोधाभासों में उलझ गया और 1971 में टूटकर बिखर गया।

इसके विपरीत गांधी ने धर्म को सत्ता की तलवार नहीं,बल्कि संस्कृति और नैतिकता की सुगंध की तरह देखा। उन्होंने विभिन्न आस्थाओं को जोड़कर सांस्कृतिक एकता के गुलदस्ते में संजोया और लोकतांत्रिक भारत की नींव रखी। गांधी का भारत किसी एक धर्म का नहीं,बल्कि हर नागरिक के सम्मान और अधिकार का भारत है।

अध्यात्म

## मुश्किल समय में हिम्मत न हारें, विनम्रता से हालात बदल सकते हैं



जीवन में सुख-दुख का आना-जाना स्वाभाविक है। कुछ लोग मुश्किल परिस्थितियों में हिम्मत हार जाते हैं, गुस्सा और निराशा में फंस जाते हैं, जिससे परिस्थितियां और ज्यादा उलझ जाती हैं। कुछ लोग मुश्किलों में भी संयम और विनम्रता बनाए रखते हैं, ऐसे लोग ही जीवन में सफल होते हैं।

एक गुरु अपने शिष्य के साथ यात्रा कर रहे थे। रास्ता कठिन था, पहाड़ियां और गहरी खाइयां उनके रास्ते में थीं। यात्रा के दौरान अचानक शिष्य का पैर फिसला और वह खाई की ओर गिरने लगा। जैसे ही वह गिरा, उसने वहीं उग रहे एक बांस को पकड़ लिया।

शिष्य का वजन बांस पर पड़ते ही वह धनुष की तरह झुक गया, लेकिन बांस टूटा नहीं। गुरु तुरंत दौड़े और शिष्य का हाथ पकड़कर उसे सुरक्षित बाहर खींच लाए। बाहर निकलने के बाद गुरु ने शिष्य से पूछा कि क्या तुमने वह बात सुनी जो बांस ने कही थी?

शिष्य ने सिर हिलाते हुए कहा कि नहीं गुरुजी, मुझे पेड़-पौधों की भाषा नहीं आती। आप ही बताइए।

गुरु ने समझाया कि बांस ने तुम्हें जीवन का एक महत्वपूर्ण पाठ सिखाया है। उसने तुम्हारा वजन सहा, झुका लेकिन टूटा नहीं। ये लचीलापन ही उसे संकट से बचाने वाला गुण है। देखो, बांस कितनी आसानी से आंधी में झुक जाता है, लेकिन जमीन में अपनी पकड़ बनाए रखता है। यही हमें भी सीखना चाहिए।

गुरु ने आगे कहा कि जीवन में जब भी मुश्किलें आएं, हमें गुस्सा या हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। विपरीत परिस्थितियों में भी संयम, धैर्य और विनम्रता बनाए रखें। ठीक उसी तरह जैसे बांस तूफान में झुककर भी अपनी जड़ में अडिग रहता है।

शिष्य ने गुरु की बात ध्यान से सुनी और समझा कि मुश्किलें अस्थायी होती हैं। अगर हम धैर्य और लचीलापन बनाए रखें, तो जीवन की किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

# उपहार सिर्फ वस्तु नहीं, रिश्तों की भाषा होते हैं...

**खुद से खरीदे गए उपहार की बात ही अलग होती है। इसमें हम धन से अधिक किसी के लिए अपने समय और विवेक को समर्पित करते हैं। उपहार अपेक्षाओं से परे भी होते हैं और अमूमन आश्चर्यजनक सुखद अनुभव भी दे जाते हैं। हम किसी खास व्यक्ति को ही उपहार देना पसंद करते हैं और वह भी उनसे कुछ पाने की इच्छा के बगैर। पर हमारे जीवन में कुछ ऐसे भी अति विशेष क्षण आते हैं, जब हमारे द्वारा दिए गए उपहार के बदले हमें एक अलग रूप में इसी तरह कुछ नवाजा जाता है, तो यह स्वयं में एक पूर्णता के भाव का सृजन करता है, जिसे शब्दों में बयां करना किसी दौर में संभव नहीं होता है। ऐसे क्षण जीवन के विशेष पल के रूप में याद की तरह बस जाते हैं और उम्र भर के लिए घर कर जाते हैं। इस तरह से मानव जीवन में उपहार का सरोकार समय और किसी भी मोल से परे है।**

**अंब्रेश रंजन कुमार**

उपहार या भेंट अपने आप में विशेष होता है। हम किसी मित्र या फिर बहुत ही विशेष शख्स के लिए बड़े चाव और सुकून से कुछ खास सामान खरीदते हैं और यह भी ध्यान रखते हैं कि यह पाने वाले की पसंद का हो। इसे खरीदते समय हमारे मस्तिष्क में यह जरूर चल रहा होता है कि अमुक सामान जो खास व्यक्ति के लिए खरीदा जा रहा है, वह उसकी पसंद का हो, वह उसका उपयोग करेगा। कई बार यह पसंद हमें पहले से पता होती है, तो कई बार हम खोज-बीन कर इस बात का पता लगाकर सामान खरीदते हैं। आमतौर पर कहा जाता है कि भेंट की राशि की समीक्षा नहीं की जाती। मगर गाहे-बगाहे भेंट के सामान और उनकी उपयोगिता की समालोचना हम कर ही लेते हैं। सबसे बड़े उदाहरण के तौर पर शादियों, जन्मदिन या अन्य ऐसे आयोजनों पर प्राप्त उपहार की बात करें, तो आयोजन की समाप्ति के बाद प्रत्येक उपहार को खोलकर उसे देखने की उत्सुकता अलग ही होती है। भेंट एक तरह से ऐसे आयोजनों का एक अनिवार्य घटक है, जिसके बगैर आयोजन की पूर्णता अधूरी समझी जाती है।

भेंट में औपचारिकताओं और भावनाओं के अलग-अलग स्तरों का समावेश होता है। अक्सर रिश्तेदारों या मित्रों के यहां मिलने जाने से पहले कुछ सामान हम साथ ले जाने के लिए खरीद लेते हैं और यह भी जेहन में रखते हैं कि अगर उनके घर में बच्चे हों तो भेंट का स्वरूप हम क्या रखें। पुराने दिनों में गांव में यह परिपाटी हुआ करती थी कि किसी रिश्तेदार के यहां कोई महिला या बच्चे या फिर अन्य सदस्य साथ आते थे, तो उनकी विदाई से पहले उनके लिए खास कपड़े खरीदे जाते थे। बगैर नए कपड़ों के उन्हें विदा नहीं किया जाता था। यह एक तरह से सम्मान से भी जुड़ी बात होती थी।

हमारे समाज में भेंट का एक स्वरूप और रिवाज यह भी है कि मान लीजिए कि हम किसी बर्तन में अपने जानने वाले को कुछ पकवान देते हैं और यह मानकर कि वह बर्तन हमें पकवान खाली कर वापस कर दिया जाएगा। मगर ऐसा अमूमन होता नहीं है कि वह बर्तन हमें खाली अवस्था में मिले। बदले में हमें यह बर्तन कुछ सामान से भरा हुआ ही मिलता है। अब यह रिवाज हमें किसी किताब में पढ़ाई नहीं गई है, न ही स्कूलों में भेंट संबंधी किसी अध्याय को शामिल किया गया है, लेकिन हमारे सामाजिक ताने-बाने में यह चीज गहराई से रम गई है कि हम इस परंपरा का पालन जरूर करते हैं।

वास्तव में भेंट किसी अवसर विशेष में बंधा नहीं होता है, न ही इसकी कोई सीमा तय है। अब किसी के यहां किसी दूर प्रदेश से कोई अपना मिलने आता है, तो हम शहर विशेष की कोई खास और प्रसिद्ध चीज उन्हें भेंट करते हैं और वापसी की यात्रा के समय यह भी ध्यान में रखते हैं कि यात्रा में उन्हें किसी जरूरी सामान की कमी न हो। उनकी इस परेशानी को दूर करने के लिए हम हर संभव छोटी-मोटी चीजों से उनका थैला भर देते हैं। ऐसे में मेहमान को सौंपे गए ये सामान भी भेंट की श्रेणी में ही माने जाते हैं। साथ जाने वाले ये भेंट हमारे एहसास को भी साथ-साथ लिए चलते हैं।



इसके अलावा, हम जब कभी नई जगह पर सैर-सपाटे के लिए निकलते हैं, तो वहां के प्रसिद्ध खान-पान, पहनावे, उपयोग की चीजें भी अपने मुताबिक खरीदते हैं, पर हमारी यह खरीद स्वयं तक सीमित नहीं होती। हम अपने परिवारजनों, मित्रों आदि के लिए भी खरीदारी करते हैं। ऐसे में कई बार हमारा सामान रखने का थैला भी हमारे ढोने की क्षमता से बाहर हो जाता है, पर हम इस वजन की परवाह ही कब करते हैं। भेंट किए जाने वाले ऐसे उपहारों में हमारी भावनाएं भी जुड़ी होती हैं, जो हमारे सामान के वजन को कम कर देती हैं या इसे साथ ले जाने की हमारी क्षमता को बढ़ा देती हैं। एक बात और कहा जा सकता है कि इन वस्तुओं को सही सलामत ले जाने की जितनी फिक्र हमें होती है, यह साथ ले जाने वाला व्यक्ति ही समझ सकता है कोई और नहीं।

खुद से खरीदे गए उपहार की बात ही अलग होती है। इसमें हम धन से अधिक किसी के लिए अपने समय और विवेक को समर्पित करते हैं। उपहार अपेक्षाओं से परे भी होते हैं और अमूमन आश्चर्यजनक सुखद अनुभव भी दे जाते हैं। हम किसी खास व्यक्ति को ही उपहार देना पसंद करते हैं और वह भी उनसे कुछ पाने की इच्छा के बगैर।

पर हमारे जीवन में कुछ ऐसे भी अति विशेष क्षण आते हैं, जब हमारे द्वारा दिए गए उपहार के बदले हमें एक अलग रूप में इसी तरह कुछ नवाजा जाता है, तो यह स्वयं में एक पूर्णता के भाव का सृजन करता है, जिसे शब्दों में बयां करना किसी दौर में संभव नहीं होता है। ऐसे क्षण जीवन के विशेष पल के रूप में याद की तरह बस जाते हैं और उम्र भर के लिए घर कर जाते हैं। इस तरह से मानव जीवन में उपहार का सरोकार समय और किसी भी मोल से परे है। बंधनों को मजबूत करते उपहार प्राचीन समाज से लेकर कारपोरेट जगत रूपी समाज में भी उतने ही प्रचलित और आपसी समन्वय को बेहतर करने के माध्यम हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। अनावश्यक विवादों से दूर रहें। विदेश में रहने वाले लोगों को धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

**वृषभ**
वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द लेंगे। घर की साज-सजावट का अत्यधिक ध्यान रखेंगे। कारोबार में बड़ा लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मिथुन**
व्यापार में सफलता के कारण आत्मसन्तुष्टि का अनुभव करेंगे। जीवनसाथी के साथ अनबन दूर होगी। आपके काम में अत्यधिक स्थिरता रहेगी।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आपको स्थानान्तरण के अवसर मिल सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। गूढ़ विद्याओं के प्रति अत्यन्त आकर्षित रहेंगे।

**सिंह**
आज आपको कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। बदलते मौसम को लेकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**
आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर की सजावट में आप अत्यधिक ध्यान देंगे। प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों से जुड़े लोगों को बेहतरीन लाभ मिलेगा।

**तुला**
आपके काम में स्थिरता बनी रहेगी। शत्रु पक्ष आपको नुकसान पहुँचाने को लेकर तत्पर रहेगा। विरोधियों के ऊपर विजय प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में थोड़ी सावधानी रखें। आपकी लापरवाही बड़ी परेशानी को आमन्त्रण दे सकती है।

**धनु**
किसी से कोई वादा न करें। नयी कार्ययोजना बनाने से पहले अनुभवी लोगों की सलाह ले लें। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा।रक्तचाप के रोगियों को तनाव से बचना चाहिये।

**मकर**
आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिये अत्यन्त शुभ रहेगा। आपकी जीवनशैली काफी अनुशासित रहेगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आलस्य का अनुभव करेंगे। आपका आत्मविश्वास जागृत होगा। दूसरों के मामले में सोच-समझकर ही सलाह दें। नयी स्किल सीखने में तत्पर रहेंगे।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में अपने संसाधनों का सार्थक सदुपयोग करने के कारण आपको लाभ मिलेगा। बच्चे अपने करियर को लेकर थोड़े कनफ्यूज हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल में शिल्पकला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल में शिल्पकला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो प्रधान दुर्गा प्रसाद, निर्देशिका विभा शर्मा तथा प्राचार्य शिशिर कुमार राहुल के



द्वारा दिप प्रज्जवलन से हुआ। प्रदर्शनी में सभी बच्चों ने शिल्प, विज्ञान तथा समजोपयोगी क्रियात्मक दर्शनीय मॉडल प्रस्तुत किए। भौतिक विज्ञान से संबंधित रचनाएँ यथा विंडटनेल, हाइड्रोलिक ब्रिज तथा प्लाज्मा कैनन की सराहना हुई। अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभाओं की खूब सराहना की।

### मारपीट व छेड़खानी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार मोहल्ले से आपसी विवाद में लोहे के रॉड से मार कर गंभीर रूप से जख्मी करने,छिनतई और छेड़खानी मामले में फरार आरोपी मो.इरशाद पिता नौशाद उर्फ संतोष को मसौढी पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। दरअसल घटना 17. 8.2025 की शाम को है जहां पर वादी मो.जुबेर पिता मोहम्मद सुहैल ने चार लोगों के खिलाफ मसौढी थाने में लोहे के रॉड से मारपीट कर जख्मी करना, छिनतई करना और उसकी बहन के साथ छेड़खानी करने से संबंधित है। प्राथमिकी दर्ज किए गए थे। इस पूरे मामले में चार लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराई थी,जहाँ इस घटना में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### शिक्षकों के साथ राजगीर परिभ्रमण पर गई छात्राएं

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला प्रखंड अधीन हाई स्कूल करजान सूर्यपुरा की दर्जनों छात्राएं अपने गुरुजनों की अगुआई में राजगीर परिभ्रमण पर गई।ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना (जिसे मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना भी कहते हैं) बिहार सरकार द्वारा छात्रों को राज्य के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक स्थलों की सैर कराने के लिए चलाई जाने वाली एक शैक्षिक यात्रा योजना है।प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्राओं ने इस क्रम में राजगीर, पावापुरी, शांति स्तूप, नालंदा विश्वविद्यालय सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर अपने शिक्षकों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली।ऐतिहासिक विरासत से रूबरू होकर बच्चे काफी प्रफुल्लित नजर आए।

### विभिन्न थानों से फरार 8 वारंटी गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समकालीन अभियान के तहत मसौढी अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र में चल रहे विभिन्न मामलों में फरार वारंटियों की धर पकड़ अभियान के तहत कुल 9 वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसमें धनरूआ थाना में 6 वारंटी, केवड़ा थाना में एक और भगवानगंज थाने में एक के अलावा मसौढी थाने में भी एक वारंटी को पकड़ा गया है। जहां धनरूआ थाना में देवधि मठिया गांव से रवि बिंद, मधु बिंद, बिरजू प्रसाद, इंदल प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है ।इसके अलावा केवड़ा थाना में मनकी राम को गिरफ्तार किया गया है यह सभी फरार वारंटी विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे थे जिसे पुलिस ने एक समकालीन अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है।

### पुनपुन सीओ के खिलाफ 2 फरवरी को पंचायत प्रतिनिधियों का धरना का ऐलान

मसौढी/पुनपुन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अनचाराधिकारी ममता कुमारी के खिलाफ सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने आंदोलन करने का बिगुल फूक दिया है और आगामी 2 फरवरी को पुनपुन अंचल कार्यालय के समक्ष सभी पंचायत प्रतिनिधि सीओ पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरना करेंगे। इस संदर्भ में बीस सूत्री अध्यक्ष अनिल साहनी ने बताया कि बीते 28 जनवरी को बीस सूत्री उपाध्यक्ष सिंटू कुमार के मोबाइल पर पुनपुन सीओ ममता कुमारी ने फोन कर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दिया है जो एक जनप्रतिनिधि के सम्मान पर न केवल ठेस पहुंचा है बल्कि जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाने की कोशिश की गई है। ताकि कोई भी जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं पर सवाल ना उठा सके। ऐसे भ्रष्टाचारी और मनमाने रवैया रखने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई होना आवश्यक है। जिसको लेकर आगामी 2 फरवरी को बीस सूत्री के सभी सदस्य से लेकर सभी पंचायत प्रतिनिधि सीओ पर कार्रवाई को लेकर धरना पर बैठेंगे।

### लोहिया स्वच्छता की चल रही सघन जांच में लखनौर बिदौली गांव में 35 घरों की जांच में 18 आवेदन रिजेक्ट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत शौचालय की जांच के दौरान कई लाभार्थियों के आवेदन रिजेक्ट किया गया है। दरअसल मसौढी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में इन दोनों प्रखंड समन्वयक की पूरी टीम के साथ बनाए गए शौचालय और शौचालय के लिए दिए गए आवेदन की जांच की जा रही है। इस दौरान शनिवार को लखनौर बेदौली पंचायत के विभिन्न गांव में जांच की गई है, जिसमें 35 घरों में जांच के दौरान 18 लाभुको के घर पर फजीर्वाड़ा पाया गया है, ऐसे में उस आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया है। प्रखंड समन्वयक संजीत कुमार ने बताया की इन दिनों मसौढी प्रखंड के सभी पंचायत के गांव-गांव में जो भी शौचालय बनवाने के लिए लाभुकों ने आवेदन दिया है या फिर कई लाभकों ने शौचालय बना लिया है उन सबों की सघनता से जांच की जा रही हैं। इस दरमियान कई खामियां और फजीर्वाडे की शिकायतें भी मिल रही थी ऐसे में शनिवार को लखनौल बेदौली में 18 आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया है और यह कार्रवाई निरंतर चलाई जाएगी।

### माघी पूर्णिमा मेला की बंदोबस्ती नहीं होने के चलते, हर जगह दिखी ठेकेदार की मनमानी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद बाढ़ द्वारा लगातार 2 वर्षों से माघी पूर्णिमा की बंदोबस्ती नहीं किया जा रहा क्योंकि नगर परिषद द्वारा किसी अपने चहते ऐजेंसी को वसूली का कार्य दिया जाता रहा है जो नियमविरुद्ध है। इस तरह से की जाने वाली वसूली कोअवैध वसूली बताते हुए नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार चुन्ना ने इसे गलत बताया हालत यह है कि नगर क्षेत्र को छोड़कर टैक्स वसूलने वाले लोग ग्रामीण क्षेत्र में भी जाकर जबरन श्रद्धालुओं से अवैध वसूली कर रहे हैं वहीं वर्तमान नगर अध्यक्ष संजय कुमार और गाय माता ने बताया कि तीन बार अखबार में ज्ञापन दिया गया था लेकिन कोई ठेकेदार टेंडर नहीं लिया जा 50 लोगों को अपना आई कार्ड देकर उसे नगर परिषद का राजस्व वसूला जा रहा है वहीं लोगों की शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर अवैध रूप से रसीद काट रहे पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है

### मोबाइल चोर को पड़कर यात्री ने किया रेल पुलिस के हवाले

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार की सुबह पटना मोकामा पैसेंजर ट्रेन में सोए हुए यात्री का मोबाइल चोरी करते एक मोबाइल चोर रंगे हाथ पकड़ा गया पकड़े गए चोर की पहचान उमेश कुमार दयाचक निवासी के रूप में हुई है। जो किराए पर मकान लेकर रहता है वही राजेंद्र नगर स्टेशन पर रेलवे ट्रैक का काम करने वाला पंडारक थाना क्षेत्र के गोपकिता निवासी गौतम कुमार का मोबाइल चोरी कर लिया था। वही मोबाइल चोर चोरी करने के बाद अपने साथी को मोबाइल देकर उसे भगा दिया बाद में यात्री उसे पकड़ कर रेल थाना बाढ़ के हवाले कर दिया थाना अध्यक्ष मानिकचंद पांडे ने बताया कि मोबाइल चोर को जेल भेजे जाने की तैयारी की जा रही है लेकिन अभी तक पीड़ित के द्वारा लिखित शिकायत नहीं दर्ज कराया गया है

### सर्राफा संघ के अध्यक्ष बने दीपक सोनी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरार्फा कारोबार में सोने चांदी की कीमत बढ़ोतरी होने के बाद कारोबारी के हो रही कठिनाई को देखते हुए मनेर सरार्फा संघ का गठन कर लिया गया है. संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी को बनाया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को सरार्फा संघ का चुनाव चुनाव प्रभारी संजय खत्री एवं ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य संरक्षक सुशील कुमार गुप्ता,संजय कुमार खत्री, ललन सोनी,सत्य प्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता को बनाया गया.

# मसौढी में एक युवक की चाकू गोद कर हत्या

## आठ की संख्या मे घेर की दिया घटना को अंजाम



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के कुशवाहा मार्केट से पश्चिम सब्जी मंडी के पास शनिवार को एक युवक को घेर कर चाकू मार कर हत्या कर दिए जाने की घटना से पूरे इलाके सनसनी फैल गई है। यह घटना तब हुई जब एक बाइक सवार युवक अपने घर जा रहा था उसी समय 8 की की संख्या में घेर कर चाकू गोद कर हत्या कर दी, मृतक की पहचान राजू कुमार उर्फ रोहित पिता गिरजा यादव के रूप में हुई है जो मसौढी के नगर मुख्यालय कृष्णापुरी रहने वाला है। मृतक छात्र राजू कुमार इसी वर्ष मैट्रिक की परीक्षा देने वाला था और शनिवार को सभी मैट्रिक की परीक्षाथीर्यों का कोचिंग में फेयरवेल पार्टी भी हुई थी, उसके बाद वह घर के लिए निकला था बाइक पर तीन लोग सवार थे।घटना के बाद परिजनों ने इलाज कराने के लिए आनन फानन में निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई है, सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस की टीम पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन जुटी है, घटना के संदर्भ में आसपास के लोगों ने बताया कि तकरीबन 5:00 बजे के आसपास एक बाइक सवार घर जा रहा था, उसी समय 8 की संख्या में युवक आए और उसे घेर कर उसे पकड़ लिया सभी लोगों के पास पिस्तौल थे,हलांकि बाइक पर तीन युवक थे जिसमें दो लोग भाग गए और एक राजु कुमार जिसे पड़कर कमर के बाये हिस्से में चाकू मार कर दक्षिण दिशा की ओर सभी लोग भाग निकले, मौके पर थाना अध्यक्ष विवेक भारती समेत पूरे पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे छानबीन में जुटी है, घटना के बाद पूरे इलाके में हलचल मची हुई है स्थानीय लोगों ने बताया की तक मृतक राजु उर्फ रोहित भगवानगंज के जाहिदपुर का रहने वाला है जो फिलहाल मसौढी के कृष्णापुरी मुहल्ले में मकान बनाकर रह रहे थे। फिलहाल इस पूरे घटना के कारण का खुलासा नहीं हुई है पुलिस पूरे मामले की बिंदुवार जांच में जुटी।

## यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रात में तारेगना रेल पुलिस ने की टाईट पेट्रोलिंग, सुरक्षा व्यवस्था हुई सख्त



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देर रात को ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की सुरक्षा को लेकर जीआरपी, एस्कॉर्ट पुलिस की पेट्रोलिंग टाइट हो गई है। पटना गया रेल खंड के सभी पैसेंजर ट्रेन, एक्सप्रेस ट्रेन की पेट्रोलिंग टाइट कर दी गई है। तारेगना रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार यादव ने बताया कि वरिय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर तारेगना रेल पुलिस के द्वारा पीजी रेलखंड के सभी ट्रेनों में सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। दरअसल ठंड बढ़ते ही ट्रेनों में आपराधिक गतिविधियां बढ़ने की संभावनाएं बढ़ जाती है। जिसको लेकर देर रात तक ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की सुरक्षा को लेकर भी एहतियात बरता जा रहा है। इसके अलावा वरिय रेल अधिकारियों ने बताया की निर्देश दिया गया है कि जहां तक संभव हो एस्कॉर्ट पार्टी में एक अधीनस्थ अधिकारी होना चाहिए। इसकी अनुपस्थिति में कम से कम एक हवलदार एस्कॉर्ट टीम को लीड करे। साथ ही, एस्कॉर्ट पार्टी को मसलों के बारे में ड्यूटी ऑफिसर द्वारा विस्तार से जानकारी दी जानी चाहिए, जहां उनकी तैनाती की गई है। खासतौर पर क्षेत्र में सक्रिय अपराधी, असमाजिक तत्वों को लेकर साथ ही एस्कॉर्टिंग को लेकर कि वह क्या करें और क्या न करें।साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ज्यादातर एस्कॉर्टिंग दलों का नेतृत्व एसओ करें। ट्रेन में एस्कॉर्ट पार्टियों की प्रभावशीलता, सतर्कता को सुनिश्चित करने के लिए रास्ते में एस्कॉर्ट चेकिंग रात में 10 बजे से सुबह चार बजे के बीच तय की गई है।

## सरकारी उदासीनता के कारण कई सुविधाओं से वंचित है अनुमंडलीय पुस्तकालय



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड परिसर के अंतर्गत चल रहे अनुमंडलीय पुस्तकालय-सह-वाचनालय सरकारी उदासीनता के कारण कई वर्षो से छात्र-छात्राओं के लिए कई सुविधा से वंचित है इसके साथ ही स्थिति काफी दयनीय है, इसके रखरखाव एवं एवं अन्य क्रियान्वयन को लेकर कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सभी छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीएम से समावेशी शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए एवं पुस्तकालय विकास को सुचारू ढंग से चलाने के लिए "पुस्तकालय प्रबंधन समिति" का गठन कराने की मांग की है। वही एसडीएम अभिषेक कुमार ने इस समस्या पर पहल करने का आश्वासन दिया है। पुस्तकालय अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि पिछले 30 सालों से अधिक यह अनुमंडल का एकमात्र सरकारी पुस्तकालय चल रहा है जिनकी स्थिति काफी दयनीय है इसके रखरखाव प्रबंधन में कई तरह की परेशानी हो रही है मौके पर हरि किशोर प्रसाद सिंह, मनोरंजन कुमार, संदीप कुमार आदी पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र मौजूद रहे।

## उदयपुर बालू घाट पर वर्चस्व की लड़ाई में फायरिंग, युवक घायल





**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के उदयपुर बालू घाट पर वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इस दौरान कई राउंड फायरिंग होने से इलाके में दहशत फैल गई। घटना में उदयपुर निवासी सत्यनारायण पांडे के पुत्र टाइगर कुमार को गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल टाइगर कुमार को तुरंत इलाज के लिए पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उदयपुर घाट के इस पार नदी में पानी बहने के कारण सोन नदी में लोहे का पुल बनाकर उस पार से ट्रकों पर बालू लोड किया जा रहा था। इस काम में उदयपुर, मसौढ़ा तथा भोजपुर जिले के समीपवर्ती गांवों के मजदूर लगे हुए थे। बालू निकासी को लेकर उदयपुर बालू घाट के कर्मियों और आरा जिले से जुड़े लोगों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। इसी दौरान अचानक फायरिंग शुरू हो गई, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। फायरिंग की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए, जिससे हालात और तनावपूर्ण हो गए। सूचना मिलते ही पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार और डीएसपी राजीव चंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने एहतियातन इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। सूत्रों के अनुसार बालू घाट पर लंबे समय से वर्चस्व और अवैध बालू निकासी को लेकर विवाद चला आ रहा था, जो इस बार हिंसक रूप में सामने आया। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि फायरिंग करने वालों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पीड़िता की ओर से किसी ने अभी तक आवेदन नहीं दिया है

## बिहार का पर्वतारोही जत्था गुजरात रवाना



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के पर्वतारोही के जत्था को भारत सरकार , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , मेरा युवा भारत के राज्य निदेशक सूर्यकांत कुमार एवं एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक सीए संजय कुमार झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सूर्यकांत ने बताया कि बिहार प्रतिभा के धनी प्रदेश है । खेल कूद में असीम संभावना है । हर पंचायत में खेल क्लब और युवा क्लब का गठन कर खिलाड़ियों और युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है साथ ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन का मौका मिल रहा है। गिरनार पर्वतारोहण को फतह करे सुवे की पर्वतारोही काफी उत्साहित हैं।वही सीए पंडित संजय कुमार झा ने कहा कि खिलाड़ीयों को मौका मिले तो बिहारी नौजवान कही भी झंडा लहरा सकता है । उन्होंने खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए हर गांव में खेल कूद के गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत है। बिहार सरकार ने मेडल लाओ नौकरी पाओ अभियान से खिलाड़ियो को हौसला बढ़ा है बिहार के खिलाड़ी को आगे बढाने के लिए फाउंडेशन सतत प्रयासरत है । वही गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि खेलेगा भारत तब खिलेगा भारत। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग किया जायेगा। साथ ही मार्च में राज्यस्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता और मंदार पर्वतारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मौके पर केदारनाथ सिंह , अविनाश पांडेय, ऋतिक राज वर्मा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। जत्था अंकित कुमार, स्नेहा कुमारी, मंटू कुमार, कृति कुमारी, दिव्या कुमारी, ज्ञानती, लखमुनि, पूनम, अर्चना, खुशी रानी, फिजानाज, प्रियंका, मुस्कान, तन्नू, जय, दीपक, श्रवण, ओम, पीयूष, रौशन,शिवन ,सोनु, तरुण, इंद्रजीत, रमन, चिंटू, अनीश समेत दर्जनों पर्वतारोही शामिल रहे ।

## पुनपुन में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर ब्रजेश के विरुद्ध अनुशासनहीनता की कार्रवाई

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त के आदेश पर पुनपुन प्रखंड के अंतर्गत लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर ब्रजेश कुमार के विरुद्ध अनुशासनहीनता की कार्रवाई करते हूए15 दिनों का वेतन कटौती कर स्पष्टीकरण का आदेश जारी करते पुनपुन बीडीओ को निर्देशित किया गया है।दरअसल इस संबंध मे बताया गया की लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत दैनिक प्रगति का भुगतान, SBM-G पर इंट्री एवं SBM-G SX Vehicle Fuafctionality में प्रगति हेतु दैनिक स्तर पर समीक्षा हेतु जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को निदेशित है, ताकि अपेक्षित प्रगति के साथ कार्य में आने वाले तकनीकी समस्या का त्वरित निदान किया जा सकें। समीक्षा में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर को वीसी के माध्यम से सम्मिलित होना था।

## सालाना उर्स के मौके पर उमड़ी अकीदतमंदो की भीड़, मखदूम शाह से जुड़ी वस्तुओं की जियारत

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुप्रसिद्ध सूफी संत हजरत मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहया मनेरी रहमतुल्ला अलेह और मखदूम शाह दौलत मनेरी रहमतुल्ला अलेह के तीन दिवसीय 757 वा सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर शनिवार को अकीदतमंदो की भीड़ जियारत के लिए जुटी रही। इस दौरान मनेर दरगाह के परिसर में आयोजित भव्य तरीके से मेले में हजारों की संख्या में लोग जुटे रहे। वही सालाना उर्स मुबारक को लेकर मखदूम बाबा के मजार शरीफ पर अकीदतमंदों के द्वारा फतेहा पढ़कर (पूजा) चादरपोशी कर दुआ मांगी गई। वही मनेर खानकाह परिसर में देर शाम से अकीदतमंदों को मखदुम शाह से जुड़े वस्तुओं का जियारत (दर्शन) कराया गया। वही खानकाह परिसर स्थित (रवाक) मखदुम शाह के जन्मस्थली में लोग माथा टेक मन्नती पत्थर उठाने के लिए कतार में लगे रहे। जबकि सासाराम, भोजपुर, कटिहार सहित कई जगहों से आये कव्वालों ने तू बड़े घराने का लाल है तेरी इक नजर का कमाल है मेरी जिंदगी का सवाल है.. मेरे बाबा मखदुम याहया मनेरी करदे कर्म....मखदुम शाह बाबा मेरे मखदुम शाह बाबा.... आदि सूफियाना कलाम प्रस्तुत कर लोगो को झूमने पर विवश कर दिया। वही उर्स को लेकर पश्चिम बंगाल, ओड़िसा, कटिहार, किशनगंज, छपरा, सिवान, भोजपुर, कैमूर, दरभंगा, बेगूसराय, पूर्णिया, लखीसराय, जहानाबाद,



अरवल, गया, नालन्दा, औरंगाबाद, वैशाली, गोपालगंज, अररिया, शिवहर सहित कई जिलों के अकीदतमंद मनेर पहुँचे। रविवार की अहले सुबह गद्दीनशीन सैयद शाह तारिक एनयतुल्लाह फिरदोशी ने सेकड़ो अकीदतमंदों के साथ मखदुम याहया मनेरी व मखदुम शाह दौलत मनेरी के मजार शरीफ पर चादरपोशी कर दुआ मांगी। मौके पर सैयद आसिफ अहमद, इम्तेयाजदाद खान, मो. मनव्वर सहित कई लोग थे।

## बाढ़ के उमानाथ में भूत खेली शुरू

### बिहार का काशी कहा जाता है उमानाथ उत्तर वाहिनी गंगा के चलते उमानाथ के मंदिर का विशेष महत्व





**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के उमानाथ के बारे में एक कहावत है (बाढ़ बनारस एक है बसे गंग के तीर उमानाथ के दर्शन से कंचन होत है शरीर) माघी पूर्णिमा के मौके पर पटना जिला के आसपास के कई जिले के लोग एक दिन पूर्व से ही गंगा स्नान के लिए उमानाथ पहुंचना शुरू कर देते हैं करीब 50000 से 1 लाख लोग अभी तक उमानाथ पहुंच चुके हैं और यह भी 5 से 7 लाख के आसपास चली जाती है जिसको संभालने के लिए प्रशासन पूरी तरह सुरक्षा की व्यवस्था करती है गंगा में स्नान करने के दौरान कोई डूब नहीं इसके लिए गंगा घाटों की डेडीकेटिंग की जाती है साथी गोताखोरों को भी बुला ली गई है पटना से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है साथ ही जगह-जगह मजिस्ट्रेट की भी व्यवस्था है अनुमंडल प्रशासन भी कई बार तैयारी का जायजा ले चुके हैं लेकिन मजे की बात है कि इतने ताम झाम के बाद भी अंधविश्वास का माहौल कम होने का नाम नहीं ले रहा है एक तरफ देश चांद और तारा पर जाने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ अंधविश्वास का नंगा नाच ग्रामीणों के जीवन स्तर को और धीरे-धीरे नीचे गिर रहा है लोगों में अज्ञानता का वातावरण है जिसके चलते लोग भूत खिलाने के नाम पर तरह-तरह के नौटंकी कर रहे हैं स्थानीय लोग भी इसे नौटंकी ही मानते हैं वहीं यहां के पुजारी का भी कहना है कि यह सब अंधविश्वास का नंगा नाच है। आज के 21वीं सदि में हम प्रवेश कर चुके हैं और इस तरह के प्रचलन को रोकने की और धीरे-धीरे गांव में जागरूकता फैला कर इस तरह के वातावरण को बदलने की आप भी देख ले की उमानाथ में किस तरह का नजारा देखने को मिल रहा है ।

# पटना में जीटीएसई सेमिनार का सफल आयोजन

## छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की मिली स्पष्ट समझ




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के विद्यापति भवन में 31 जनवरी को गोल इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जीटीएसई) सेमिनार का भव्य एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में प्री-एग्जाम में चयनित एवं मेन परीक्षा में सम्मिलित सैकड़ों मेधावी विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों और शिक्षकों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सही दिशा और रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोल इंस्टिट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह ने कहा कि जीटीएसई की परिकल्पना सामाजिक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए की गई है, ताकि छोटे शहरों और कस्बों के छात्र भी बड़े सपने देख सकें और प्रतियोगी परीक्षाओं की सही जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। गोल संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री रंजय सिंह ने अपने वक्तव्य में संस्थान की 28 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब तक 18,000 से अधिक विद्यार्थी सफल होकर देश-विदेश में डॉक्टर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वाराणसी एवं आसपास के क्षेत्रों में गोल के कई पूर्व छात्र समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर गोल इंस्टिट्यूट के आर एंड डी हेड श्री आनंद वत्स एवं श्री सुधेश्वर कुमार सिंह ने जानकारी दी कि जीटीएसई के माध्यम से विद्यार्थियों को रैंक के आधार पर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। साथ ही कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों के लिए न्यूनतम पंजीकरण शुल्क पर निःशुल्क ऑनलाइन कोर्स की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के समापन सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सक्षम राज को नेशनल रैंक 1 प्राप्त करने पर लैपटॉप प्रदान किया गया। वहीं प्रवर गोयल, दिशु राज दिशांत, नैना, भास्कर पद्मज, विराज गोयल, रजनीश कुमार को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। मो. आरिफ आलम, अर्चिता प्रियदर्शी, निशांत राज, श्रेयश सिंह, अनीश कुमार, मुस्कान कुमारी, आर्यन राज, आदित्य प्रभाकर, आदर्श राज, ऋषव कुमार, अभिज्ञ वर्मा, कनिष्क दीप, नितिन कुमार, शिवम तिवारी, प्रतीक आनंद, अभिनव उमर, अंजेल, आयुष राजवर्धन, रुद्रांश मिश्रा, दीपक, आशीष, कनिष्क कुमारी, आदित्य राज, पीयूष राज, पुष्कर राज, सत्यम राज, काव्या श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, अनिश कुमार, रुद्रांश राघव, अरुणिम पटेल, शिवांश मिश्रा, दिव्यांशी सोनी, भास्कर कुमार एवं सुबीर राज को बैग प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त राजीव रंजन, मेधा भार्गव, मोहम्मद शुजा अख्तर, उत्कर्ष सिंह, शशांक शेखर, समृद्धि, प्रहर्ष कुमार, आद्या सिंह, अनन्या आजाद और शिवम कुमार को घड़ी देकर सम्मानित किया गया। अन्य सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। सेमिनार का समापन सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति अटूट संकल्प के वातावरण में हुआ, जिसने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की राह को और अधिक सशक्त बना दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बार्डर से भारी मात्रा में शराब जब्त

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अंचल क्षेत्र के अलग अलग थाने की पुलिस ने बार्डर से भारी मात्रा में शराब को जब्त किया है। हालांकि इस दौरान धंधेबाज भागने में सफल रहे। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि 90 लीटर शराब को जब्त किया गया है। वही पुरुषोतमपुर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि 213 लीटर शराब को जब्त किया गया है।

### मुखिया का निधन

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के रामपुर पंचायत के मुखिया मुन्ना दुअरीया का शनिवार की सुबह निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने पंचायत में विकास की नई दिशा दी और पंचायत को प्रखंड स्तर पर एक अलग पहचान दिलायी। उनके निधन पर मुखिया संघ ने कहा कि मुखिया मुन्ना दुअरीया मजबूत स्तंभ थे। उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं मुखिया अमरेंद्र यादव,आताउर रहमान,रामदेव भगत हमीदा पासवान सदरूल नेशा,पूजा कुमारी ममता देवी जगौलीया देवी आदि मुखियागण समेत समाजसेवी उमेश कुशवाहा आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### 17 लीटर शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मटियरिया पुलिस ने शुक्रवार की संध्या गश्ती के दौरान गाँगुली नदी पुल पर एक कारोबारी को 17 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया। कारोबारी की पहचान गौनाहा थाना के टहकौल गांव निवासी अखिलेश पासे के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को मद्य निषेध व उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया । वही चार दिन पूर्व थाना क्षेत्र के मस्जिदवा गांव निवासी शराब कारोबारी मनोरमा देवी के गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। विदित हो कि 28/01/2026 की संध्या पुलिस छापेमारी कर मनोरमा देवी के किराना दुकान से तीन लीटर चुलाई शराब जप्त की थी । वैसे उस वक्त पुलिस को देखते ही कारोबारी मनोरमा देवी फरार हो गई थी।

### नहर के किनारे लगे पेड़ो की चोर कर रहे है कटाई

**आधा दर्जन से अधिक पेड़ काट गए, लोगो में आक्रोश**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के शिकारपूर पंचायत अंतर्गत मुजौना गाव में नहर के तट पर मनरेगा द्वारा लगाए गए पेड़ो की कटाई अज्ञात चोरों द्वारा की गई है। पेड़ो की कटाई की सूचना मिलने पर शिकारपूर मुखिया राहुल जायसवाल ने पहुचकर इसका जायजा लिया है और प्रशासन को सूचित किया है। मुखिया श्री जायसवाल ने बताया कि मुजौना में नहर के तट पर मनरेगा द्वारा लगाये गए सागवान, अर्जुन, महोगनी आदि वृक्षों की चोरों द्वारा कटाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अज्ञात चोरों द्वारा सात पेड़ो की कटाई की गई है। वही इस घटना से आसपास के लोगो मे आक्रोश व्याप्त है। मुखिया ने ये भी कहा कि प्रशासन की उदासीनता के वजह से चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी चोरों द्वारा पेड़ की कटाई की जा चुकी है। जिसकी सूचना स्थानीय थाना, अंचल व वन विभाग को दिया गया है लेकिन प्रशासन की उदासीन रवैया के चलते चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। प्रशासन इसपर अविलम्ब करवाई करते हुए चोरों को चिन्हित करें और कड़ी से कड़ी सजा दे। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि मुजौना में नहर के तट पर चोरी से पेड़ की कटाई करने की सूचना मिली है। मामले में राजस्व कर्मचारी को जांच करने का निर्देश दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारवाई की जाएगी।

### नरकटियागंज में 12 केंद्रों पर सोमवार से होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र में कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार से इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होगी। इसको लेकर शनिवार को एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा और बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि आठ परीक्षा केंद्र नगर में तथा चार परीक्षा केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में बनाया गया है। शातिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर सभी केंद्रों पर वरीय स्टैटिक दंडाधिकारी, स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वही गश्ती दल में चार दंडाधिकारी के साथ भी पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र पुलिस बल को लगाया गया है। परीक्षा में जोनल दंडाधिकारी के रूप में बीडीओ सूरज कुमार सिंह एवं जोनल पुलिस पदाधिकारी के रूप में पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार शर्मा को प्रतिनियुक्त किया है। वही सुपर जोनल दंडाधिकारी के रूप में भूमि सुधार उप समाहर्ता चंद्रशेखर कुमारन को प्रतिनियुक्त किया गया है।परीक्षा अवधि के दौरान केंद्र के 500 गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। वही सेंट्रल स्कूल को आदर्श परीक्षा केंद्र बनाया गया है। अधिकारी ने कहा कि परीक्षार्थी निर्धारित समय मे केंद्र में प्रवेश कर लेंगे। बता दे कि सोमवार से होने वाले इंटरमीडिएट की परीक्षा में नगर के उच्च माध्यमिक विद्यालय में 1098 परीक्षार्थि शामिल होंगे। इसी तरह रेलवे प्रवेशिका में 898, मतिसरा कुंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 522, केदार पांडेय इंटर कॉलेज में 363, संत जेवियर स्कूल मे 444, टीपी वर्मा कॉलेज में 682, संत मैरी हाई स्कूल में 236 परीक्षार्थियों के अलावा राजाराम उच्च माध्यमिक विद्यालय में 443, उच्च विद्यालय साठी में 423, मिडिल स्कूल साठी में 220 व रामचन्द्र लाल उच्च विद्या मंदिर मथुरा में 543 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### यूजीसी इक्विटी नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यूजीसी की इक्विटी नियमावली से संबंधित जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक और की गई टिप्पणियों के विरोध में आइसा एवं इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के बैनर तले रेलवे स्टेशन से समाहरणालय गेट तक प्रतिवाद मार्च निकालकर सभा आयोजित की गई।सभा को संबोधित करते हुए आइसा के पूर्व छात्र नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि यूजीसी द्वारा लाई गई इक्विटी नियमावली पर रोक संकीर्ण और विशेषाधिकारवादी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जाति और नस्लीय भेदभाव आज भी शैक्षणिक संस्थानों की सच्चाई है।आरवाईए जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा कि 2019 से 2024 के बीच उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव की शिकायतों में 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनौस जिला सचिव संजय मुखिया ने इसे ब्राह्मणवादी दबाव का नतीजा बताया।आइसा नेता दिलीप कुमार ने समाज के सभी न्यायप्रिय लोगों से यूजीसी इक्विटी नियमों के समर्थन की अपील की। सभा को बृजेश यादव, राजकुमार कुमार, कुन्दन कुमार, राहुल कुमार, सुजीत कुमार, विशाल कुमार, हरेराम कुमार, जितेन्द्र राम, अरविंद कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, सोनू उर्फ सरवर इमाम, विनोद यादव, अमित यादव और मुन्ना गुप्ता ने भी संबोधित किया।

# मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का विकास हो रहा : राधा मोहन सिंह



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बजट से पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण पर सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि जब वैश्विक अर्थव्यस्था अनिश्चितता से जूझ रही है उस समय भारत मोदी सरकार के नेतृत्व में एक उज्जवल उद्धरण के साथ एक विश्वसनीयता के साथ उभरा है। महामारी के बाद महामारी के बाद के वर्षों में मुद्रास्फीति ने विश्वभर में आम जनजीवन को प्रभावित किया। किंतु वित्त वर्ष 2025-26 में इस दबाव में उल्लेखनीय कमी आई। विशेषकर सब्जियों और दालों की कीमतों में राहत आई, जिसका लाभ आम परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से महसूस हुआ। श्री सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और मंद व्यापार के बीच, भारत के परिवार आर्थिक गति के प्रमुख आधार बने हैं। घरेलू उपभोग अब सकल घरेलू उत्पाद का 61.5 प्रतिशत है, जो वित्त वर्ष 2011-12 के बाद का सबसे उच्च स्तर है भारत में अवसंरचना के व्यापक निर्माण ने निजी पूंजी के प्रवाह को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त प्रभाव उत्पन्न किया है, जिससे नए वित्तीय स्रोत खुले हैं और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गति आई है। रेलवे क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी पीपीपी मॉडल के अंतर्गत 16,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 18 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा लगभग 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएँ क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। राजकोषीय अनुशासन का अर्थ राज्य की भूमिका में कमी नहीं, बल्कि सार्वजनिक व्यय का उत्पादक क्षमताओं के निर्माण की ओर पुनर्निर्देशन है। सार्वजनिक स्वास्थ्य का दायरा अब वित्तीय सुरक्षा, निवारक जांच और डिजिटल सेवा वितरण को एकीकृत करते हुए विस्तारित हुआ है। उन्होंने कहा आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पीएमजेवाई ने लगभग 11 करोड़ अस्पताल में भर्ती मामलों को कवर कर तथा 42 करोड़ से अधिक कार्ड जारी कर एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान किया है, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और खुले मानकों के माध्यम से बिजली क्षेत्र को अब उपभोक्ता विकल्प, प्रतिस्पर्धी बाजार, पीयर-टू-पीयर ट्रेडिंग और मांग-पक्ष लचीलेपन के इर्द-गिर्द पुनः संरचित किया जा रहा है। इसके साथ ही परमाणु क्षेत्र का पुनर्गठन, लघु मॉड्यूलर रिएक्टर, कार्बन बाजार, हरित हाइड्रोजन और राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन जैसे नए सक्षमकर्ता भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा संप्रभुता को और मजबूत करते हैं।

# बीए फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा से वंचित छात्रों का प्रदर्शन

**प्रशासन के हस्तक्षेप से जगी उम्मीद**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के एमजेके कॉलेज में बीए फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा से वंचित लगभग 300 छात्र शनिवार को समाहरणालय पहुंचे और अपनी समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। आक्रोशित छात्रों ने समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए निष्पक्ष जांच कराने और पुनः परीक्षा आयोजित करने की मांग की।छात्रों का कहना था कि उन्होंने समय पर कॉलेज में सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए थे और उनका एडमिट कार्ड भी जारी हो चुका था। पूर्व निर्धारित तिथि पर एक विषय की परीक्षा स्थगित की गई, लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा नोटिस जारी करने में हुई त्रुटि के कारण छात्रों को समय से सूचना नहीं मिल सकी। परिणामस्वरूप वे परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए, जिससे उनका एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद होने की आशंका उत्पन्न हो गई है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीएम राजीव कुमार सिन्हा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एमजेके कॉलेज प्रशासन को तलब किया। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण मांगा और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय से नई परीक्षा तिथि तय कराने की पहल करने का निर्देश दिया। एडीएम ने छात्रों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद छात्रों में राहत और उम्मीद दिखी है। वहीं कॉलेज प्रशासन ने भी शीघ्र समाधान निकालने और विश्वविद्यालय से समन्वय स्थापित करने की बात कही है। अब सभी की नजरें प्रशासनिक निर्णय और नई परीक्षा तिथि की घोषणा पर टिकी हैं।

# जिला परिषद की बैठक में विकास कार्यों और पारदर्शिता पर चर्चा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला परिषद की सामान्य बैठक में विकास कार्यों, आय बढ़ाने, और पारदर्शिता पर गहरी चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो ने की। सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर दिया और पूर्व में किए गए पुस्तकालय और जिम की गुणवत्ता पर सवाल उठाया।उपाध्यक्ष रेणु देवी और पूर्व जिप अध्यक्ष अमर यादव ने पुस्तकालय, जिम और मीटिंग हॉल की फिनिशिंग के टेंडर का मुद्दा उठाया। एमएलसी प्रतिनिधि योगेंद्र सिंह ने बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा भवन के जीर्णोद्धार की बात की। वहीं, मधुबनी प्रखंड में डीलरों से नाजायज राशि वसूलने का मुद्दा भी सामने आया, जिस पर अध्यक्ष ने जांच टीम गठित करने का आश्वासन दिया।जिला पार्षद जगन्नाथ यादव ने चनपटिया में बंद हर घर नल को चालू करने की मांग की, जबकि मनोज कुशवाहा ने नौतन में



अर्धनिर्मित खेल मैदान का डीपीआर शीघ्र भेजने की बात की। बैठक में पार्षदों ने अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई की भी मांग की।जिला परिषद अध्यक्ष ने जिला परिषद की आय बढ़ाने और विकास कार्यों में सहयोग की अपील की, जबकि डीडीसी काजले वैभव नीतीन ने भी पारदर्शिता और आय बढ़ाने की बात कही।

# गोली मारकर अंडा व्यवसायी की हत्या, पुलिस कर रही है जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के नंदपुर रेलवे ढाला के समीप एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना शनिवार की सुबह की है। मृतक की पहचान नगर के वार्ड संख्या सात निवासी विजय कुमार साह के रूप में हुई है। वह अंडा का व्यवसाय करता था। वही घटना की सूचना पर एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह व शिकारपुर पुलिस पहुचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक शुक्रवार के शाम करीब सात बजे पान खाने को लेकर घर से निकला हुआ था। देर रात तक वापस नही होने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कहि पता नही चला। शनिवार की सुबह नंदपुर रेलवे ढाला से कुछ दूरी पर उसका शव मिलने की खबर मिली। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने नंदपुर ढाला के समीप सड़क जाम कर दिया। जिससे आवागमन प्रभावित रहा। हालांकि एसडीपीओ के पहल पर आवागमन सुचारू हुआ। मृतक की पत्नी माया मति देवी ने बताया कि इससे पहले वीते 29 नवंबर 2025 को भी मृतक पर चाकू से हमला किया गया था। जिससे वह मरते मरते बचे थे। वही बेतिया एसपी डॉ शौर्य सुमन ने घटनास्थल पर पहुचकर घटना का जायजा लिया है। इस दौरान एसपी डॉ सुमन ने परिजनों से भी मिलकर पूछताछ की। एसपी ने बताया कि मृतक को करीब से गोली मारी गई है। इस मामले एसडीपीओ समेत मौजूद अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिया गया है। घटना स्थल से एक देशी कट्टा व दो खाली कारतूस बरामद हुआ है, जिसे एफएसएल की टीम जाच के लिए ले गई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी विजय पर चाकू से हमला हुआ था। जिसमे वह इलाज के दौरान बचे थे।

# नई चेतना अभियान के तहत भीतिहरवा आश्रम में लैंगिक समानता पर जागरूकता कार्यक्रम



**बेतिय/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौनाहा स्थित भीतिहरवा आश्रम में नई चेतना अभियान पहल बदलाव के अंतर्गत लैंगिक एवं आर्थिक समानता तथा लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी 57 संकुल संघों की अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्य समिति से एक-एक दीदी ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन संकुल संघों की अध्यक्ष दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक आर. के. निखिल ने बताया कि नई चेतना कार्यक्रम का यह चौथा वर्ष है, जिसकी शुरूआत 25 नवंबर को महिलाओं के प्रति हिंसा उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस से होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति से परिवार और समाज दोनों सशक्त होते हैं।हरियाली संकुल संघ मझौलिया की अध्यक्ष सविता देवी ने महिलाओं से भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। नारी शक्ति संकुल संघ की अध्यक्ष नंदा देवी ने कहा कि जीविका से जुड़कर महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम में जागरूकता गीत भी प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन सामाजिक विकास प्रबंधक सतीश कुमार ने किया।

# जिलाधिकारी द्वारा 47 एसएसबी बटालियन कैम्प के सभागार में समीक्षा बैठक




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल 47 एसएसबी बटालियन कैंप रक्सौल के सभागार में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा एक समीक्षा बैठक की गई। जिसमें 20टीएच, 47टीएच, 71टीएच एसएसबी के कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट, एसडीएम रक्सौल, एसडीपीओ रक्सौल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी मोतिहारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान एसएसबी कमांडेंट ने एसएसबी के भारत नेपाल बोर्डर पर भूमिका का विस्तृत परिचय दिया। कमांडेंट ने जिला पदाधिकारी महोदय से नो मेंस लैंड में विद्यमान अतिक्रमण से अवगत कराया।साथ ही 0-5 और 0-15 किलोग्राम के बीच विद्यमान अतिक्रमण के संबंध में डेटा शेयर किया। जिसके निवारण हेतु जिला पदाधिकारी महोदय द्वाराअनुमंडल स्तरीय सतर्कता समिति जिसमें एसएसबी के पदाधिकारी भी सम्मिलित रहेंगे का गठन करने का निर्देश दिया। साथ ही इस समिति द्वारा समन्वय बनाते हुए लगातार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया।साथ ही एसएसबी कैंप, बीओपी चेकपोस्ट हेतु विभिन्न भूमि अधिग्रण,दाखिल खारिज की स्थिति , बोर्डर वाइब्रेंट विलेज के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं इस हेतु संबंधित पदाधिकारियों के अविलंब अग्रेत्तर कारवाई हेतु निदेश दिया गया।

# विद्यालय पंजी में उपस्थिति दर्ज कर शिक्षिका गायब

**मुखिया की जांच में हुआ खुलासा, बीईओ ने मांग जवाब**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के शिकारपूर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मुजौना में एक शिक्षिका का विद्यालय पंजी में हाजिरी बनाकर गायब होने का मामला सामने आया है। जिसका खुलासा पंचायत के मुखिया के निरीक्षण के दौरान हुआ है। दरअसल ग्रामीणों की शिकायत पर शनिवार को शिकारपूर मुखिया राहुल जायसवाल ने मुजौना गाव स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय पंजी में पाँच शिक्षक का हाजरी बना हुआ था। जबकि विद्यालय में चार ही शिक्षक उपस्थित थे। वो भी क्लास में नही रहकर विद्यालय परिसर में बैठे थे। जिसपर मुखिया ने नाराजगी जताते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से शिकायत की। मुखिया ने बताया कि पंचायत के उप मुखिया सह स्थानीय वार्ड समेत अन्य ग्रमीणों द्वारा शिक्षकों की अनुपस्थिति व पठन पाठन में लापरवाही को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी। जिसके आलोक में निरीक्षण किया गया है। इस दौरान विद्यालय पंजी में उक्त शिक्षिका का उपस्थित दर्ज किया गया था जबकि एचएम मो. अब्बुलैश द्वारा शिक्षिका नगमा खातून को अवकाश पर रहने की बात बताई गई। जिसकी शिकायत बीईओ से की गई है। अगर इसपर सुधार नहीं होता है तो वरीय अधिकारी को लिखा जाएगा। इधर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार यादव ने बताया कि शिक्षिका नगमा खातून का अवकाश पर रहना और विद्यालय पंजी में उपस्थिति दर्ज करना गंभीर विषय है। इस मामले में विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो अब्बूलैश व शिक्षिका नगमा खातून से स्पष्टीकरण पूछा गया है।

### जार्ज ऑरवेलआश्रम का संयुक्त रूप से किया भ्रमण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, नगर आयुक्त आशीष कुमार एवं अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर मोतिहारी निशांत सिहारा के द्वारा मोतिहारी नगर निगम वार्ड सं0- 19 में अवस्थित जॉर्ज ऑरवेल आश्रम का संयुक्त रूप से भ्रमण किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा पुरातात्विक धरोहर के इस स्थल सभी जगहों का बारीकी से गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित नगर आयुक्त एवं अनुमण्डल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि इस धरोहर को अच्छे ढ़ंग से किस तरह संरक्षित किया जाए।

# नव दिवसीय रामचरित मानस नवाह पारायण महायज्ञ का समापन

**भगवान श्री कृष्णा और राधा रानी की लीलाओं का जीवंत चित्रण,श्रद्धालु हुए भावविभोर**



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र स्थित सोना देवी-सुंदर देवी मंदिर परिसर में आयोजित रामचरित मानस नवाह पारायण महायज्ञ का शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य समापन हो गया। समापन अवसर पर रामलीला मंडली द्वारा प्रस्तुत बरसाने की होली ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और रंगमय बना दिया। इस अनूठे आयोजन में हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु भक्त होली गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। नवदिवसीय इस महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन रामचरित मानस का पारायण, हवन, पूजन, प्रवचन और संध्या आरती का आयोजन किया गया। अंतिम दिन दिन में विशेष पूजा-अर्चना के बाद दिन में रामलीला मंडली द्वारा बरसाने की होली का प्रस्तुति दी गई।जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की लीलाओं का जीवंत चित्रण किया गया। फूलों और भक्ति संगीत के साथ प्रस्तुत इस होली ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि बरसाने की होली का दृश्य अत्यंत मनोहारी था। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति और शंखनाद की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी इस धार्मिक उत्सव में समान रूप से सहभागी रहे। महायज्ञ समिति के सदस्यों अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह,तेजनारायण सिंह, सुखारी सिंह, भूपेंद्र सिंह,विजय सिंह,प्रभात सिंह,राजू पंडित, रामनाथ साह ने जानकारी दी कि पूजा-अर्चना की समाप्ति के बाद यज्ञमंडप में विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूर्णाहुति कराई गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अग्नि में आहुतियां दी गईं और विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि व शांति की कामना की गई। पूर्णाहुति के पश्चात विशाल महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विशेष रूप से महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था की गई थी। समिति द्वारा लगभग 10 हजार महिलाओं को प्रसाद खिलाने की व्यवस्था की गई। आयोजन स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय युवाओं और मंदिर समिति का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन के सफल समापन पर मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' और 'राधे-राधे' के जयघोष से गूंज उठा। महायज्ञ समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, दानदाताओं और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गांधी की कर्मभूमि भितिहरवा में लोक समिति की प्रार्थना सभा एवं उपवास

**गांधीवादी विचारकों द्वारा भेजे संदेश को पढ़कर सुनाया गया**





**भितिहरवा (पश्चिमी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विगत 30 जनवरी, 26 को बिहार प्रदेश लोक समिति के तत्वधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78 वें शहादत दिवस के अवसर पर देश में बढ़ती किसान -मजदूरों की परेशानी, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अमन चैन, शांति सद्भावना, सर्व धर्म सद्भाव, लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा हेतु गांधी आश्रम भितिहरवा (पश्चिमी चंपारण) के प्रांगण में एक दिवसीय प्रार्थना सभा एवं उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से लोक समिति पुरूष एवं महिला कार्यकताओं ने बड़ी तादाद में हिस्सा लिया। जिसकी अध्यक्षता बिहार लोक समिति के प्रांतीय अध्यक्ष जे पी सेनानी श्री सवलिया गिरि तथा संचालन बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री श्री शिवजी सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से किया गया।इस कार्यक्रम के अवसर पर लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जमनालाल पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक श्री गिरिजा सतीश ने कहा कि इस वर्ष बिहार प्रदेश लोक समिति गांधीजी के बलिदान दिवस को स्मरण करते हुए भितिहरवा आश्रम में अपना कार्यक्रम कर रही है। यह आश्रम बिहार के पश्चिमी चंपारण जिलों में स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है जहां महात्मा गांधी ने अंग्रेजी हुकूमत के दौरान किसानों की दुर्दशा के खिलाफ प्रसिद्ध चंपारण सत्याग्रह की शुरूआत की थी। उनके सत्याग्रह के प्रथम प्रयोग की गवाह यही पवित्र धरती बनी है। गांधीवादी विचारक एवं लेखिका सुजाता चौधरी (भागलपुर), प्रो डॉ अमिता,पूर्व प्राचार्य एवं समाजवादी लेखक श्री चंद्रजीत सिंह (कैमूर ) जैसे गणमान्य गांधीवादी विचारकों द्वारा भेजे गए, उनका शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गांधी एक व्यक्ति नहीं थे, बल्कि गॉधी एक विचारधारा है। आज 78 वर्ष के बाद भी गॉधी जी की विचारधारा सामयिक एवं प्रासंगिक है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोक समिति लोकनायक जयप्रकाश द्वारा स्थापित एक गैर राजनीतिक राष्ट्रीय जन संगठन है जो शान्ति, सत्य, अहिंसा और अपने रचनात्मक कार्यो में पूर्ण विश्वास करती है ।समिति जन समस्याओं के निदान हेतु हमेशा आवाज उठाती रहीं है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गांधी एवं अन्य महापुरुषों की संदेश एवं विचारधारा को आमलोगों तक पहुंचाना भी एक उद्देश्य है ताकि देश की युवा पीढ़ी अपने महापुरुषों की विरासत से प्रेरणा लेकर देश और समाज की निःस्वार्थ सेवा करे। उपवास कार्यक्रम में गांधीवादी किसान नेता शाहाबाद क्षेत्र लोक समिति के अध्यक्ष सर्वश्री सुरेश प्रसाद, रोहतास जिला लोक समिति के अध्यक्ष आशुतोष कुमार, कैमूर के जिलाध्यक्ष जॉन फिलीपुस , बक्सर से हीरालाल राय उर्फ कवि जी, बेतिया के गांधी रविंद्र नाथ तिवारी, चम्पारण के गॉधी पंकज जी, शंभूनाथ मिश्रा उर्फ ज्ञानी जी, रविशंकर सिंह, अनूप किशोर तिवारी, लालदेव चौधरी, मुमताज देवान, लक्ष्मी चौधरी, ओमप्रकाश तिवारी, शेषनाथ साह, महिला नेत्री चंद्रमा यादव, मुस्कान कुमारी नेहा कुमारी, लक्ष्मी देवी, शिल्पा जी, सोनी देवी, सोनमती देवी, शीला वर्मा, मदर ताहिरा चैरेटेबुल ट्रस्ट एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ अमानुल हक, डॉ एजाज अहमद,वगैरह गणमान्य सामाजिक कार्यकत्ताओं ने अपना विचार रखें।अध्यक्षीय भाषण के पश्चात लोक समिति के तीन वरिष्ठतम साथी सर्व श्री सवलिया गिरी, रवीन्द्र नाथ तिवारी एवं पंकज जी ने सामूहिक रूप से शर्बत पिलाकर सत्याग्रह पर बैठे सभी साथियों का उपवास तुड़वाना।

# नित्यानंद त्रयोदशी महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न

## औरंगाबाद नगर में कल निकाली जाएगी श्री गौर-निताई शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** इस्कॉन औरंगाबाद में भगवान नित्यानंद प्रभु की पावन नित्यानंद त्रयोदशी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान नित्यानंद प्रभु का महाअभिषेक, छप्पन भोग अर्पण, भव्य आरती, संकीर्तन तथा हरिकथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथा-वाचक एवं प्रचारक जगदीश श्याम दास ने हरिकथा के माध्यम से भगवान नित्यानंद प्रभु के अतिशय करुणामय एवं उदार स्वभाव का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि नित्यानंद प्रभु पतितों के उद्धार के लिए स्वयं कष्ट सहकर भी सभी को कृष्ण प्रेम प्रदान करते हैं और बिना किसी भेदभाव के हर जीव पर कृपा बरसाते हैं। इस भव्य आयोजन में 200 से अधिक भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संकीर्तन, हरिकथा तथा प्रसाद का रसास्वादन किया। पूरे वातावरण में "हरे कृष्ण हरे कृष्ण" महामंत्र की दिव्य ध्वनि से भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर इस्कॉन औरंगाबाद के प्रबंधक अभय अच्युत दास ने जानकारी दी कि कल श्री श्री गौर-निताई शोभायात्रा औरंगाबाद नगर में भव्य रूप से फार्म मोड़ से वी-मार्ट तक निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों एवं नगरवासियों के सम्मिलित होने की अपेक्षा है। इस्कॉन औरंगाबाद द्वारा सभी श्रद्धालुओं से इस दिव्य शोभायात्रा में सहभागी बनकर भगवान श्री गौर-निताई की कृपा प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।



## जीटी रोड के किनारे खुले नाले से कभी भी हो सकती है दुर्घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। दिल्ली से कोलकाता जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर बारुण के केशव मोड़ के निकट स्थित नाला क्षतिग्रस्त हो गया है। खुला नाला बड़े हादसे को आमंत्रित कर रहा है। केशव मोड़ के पास की सर्विस सड़क भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इतना होने के बावजूद भी इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। कुछ वर्ष पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बारुण में नालों का निर्माण कराया गया था लेकिन नाले के ढक्कन टूट चुके हैं और कई स्थानों पर ढक्कन टूट चुके है और कई स्थानों पर ढक्कन गायब है। निर्माण कार्य के बाद नालों की देखरेख और मरम्मत का कार्य समय पर नहीं किया गया है। सर्विस लेन और राष्ट्रीय राजमार्ग के नाले जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिससे गड्ढे उभर आए हैं। रात के समय यहां बड़ा हादसा हो सकता है।

# सामुदायिक भवन सह पुस्तकालय का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा नगर स्थित गोवर्धन मंदिर के सामने मुख्यमंत्री विकास योजना के तहत विधायक विभा देवी के विकास मद से निर्माण होने वाले सामुदायिक भवन सह पुस्तकालय भवन का शिलान्यास बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद उन्होंने गोवर्धन मंदिर में माथा टेक कर वहां आयोजित त्रिदिवसीय अनुष्ठान सह भजन संध्या का श्रवण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से आसपास के आम नागरिकों को विभिन्न सामाजिक व सार्वजनिक गतिविधियों के लिए सुविधा मिलेगी। वहीं पुस्तकालय भवन नई पीढ़ी को अध्ययन से जोड़कर उनकी बौद्धिक क्षमता और ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सामुदायिक विकास किसी भी समाज की प्रगति का मजबूत आधार है। मौके पर विधायक विभा देवी एवं एमएलसी अशोक कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और नवादा आगमन पर कृतज्ञता व्यक्त की। इससे पूर्व जैसे ही विधानसभा अध्यक्ष का काफिला नवादा जिला की सीमा में नहर के पास पहुंचा, सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। काफिले में शामिल सैकड़ों मोटरसाइकिल सवार पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद के पथरा इंग्लिश गांव स्थित आवास पर पहुंचे, जहां पूर्व मंत्री ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर विधानसभा अध्यक्ष का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भाजपा एवं जदयू सहित गठबंधन के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी, उपाध्यक्ष निशा चौधरी, वरिष्ठ नेता मनोज चंद्रवंशी, नवीन केशरी, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, शंकर चंद्रवंशी, शेष कुमार, पंकज कुमार, अरुण सिन्हा, प्रो. यदुनंदन यादव, अजय यादव, राजू यादव, रतन सिंह, अनिल प्रसाद सिंह, राजेंद्र यादव, किशोरी यादव, भोला यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# डोमिनोज आउटलेट से स्वास्थ्य-सुरक्षा खतरे का मामला

## जिला प्रशासन ने जांच के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा नगर के रामनगर स्थित विश्वकर्मा अपार्टमेंट में संचालित डोमिनोज आउटलेट से उत्पन्न स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी खतरों को लेकर निवासियों की शिकायत पर जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है। अपार्टमेंट के निवासियों ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर आरोप लगाया था कि चार मंजिला आवासीय भवन के ग्राउंड फ्लोर पर संचालित डोमिनोज आउटलेट में व्यावसायिक स्तर पर एलपीजी गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है, जिससे गैस रिसाव, आग या विस्फोट की गंभीर आशंका बनी रहती है। शिकायत में बताया गया कि लगातार कुकिंग के कारण अत्यधिक गर्मी और धुआं ऊपरी मंजिलों तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। साथ ही एलपीजी गैस की तेज गंध से असहजता, मतली एवं स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। खाद्य स्वच्छता एवं कचरा निस्तारण को लेकर भी गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए समाहरणालय नवादा की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा को निर्देश जारी किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से डोमिनोज आउटलेट की जांच परिवादियों की उपस्थिति में कराई जाए तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आवासीय परिसर में रहने वाले परिवारों, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। निवासियों ने प्रशासन से शीघ्र और ठोस कार्रवाई की मांग की है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण बहाल हो सके।

## रिलायंस जियो टावर से बैटरी चोरी, थाने में दिया गया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मई गुमटी स्थित केबिन के पास लगे रिलायंस जियो के ओडीसी टावर से बैटरी चोरी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में दाउदनगर निवासी रवि शंकर कुमार ने रफीगंज थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में रवि शंकर कुमार ने बताया है कि वे रिलायंस जियो कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं तथा रफीगंज क्षेत्र उनके कार्यक्षेत्र में आता है। उन्होंने बताया कि साइड डाउन का अलार्म प्राप्त होने के बाद जब वे ग्राम मई गुमटी स्थित टावर के ओडीसी की जांच के लिए पहुंचे, तो पाया कि कोसलाइट कंपनी की 100 एएच क्षमता वाली एक बैटरी फैक्ट्री से चोरी कर ली गई है। अज्ञात चोरों ने टावर से बैटरी निकालकर फरार हो गए।

# फार्मर आईडी अभियान को लेकर एसडीपीओ ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र में फार्मर आईडी अभियान को सफल बनाने की तैयारियों को लेकर प्रखंड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ अमित राजन ने की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी एवं आपूर्ति पदाधिकारी अभिनित कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में फेयर प्राइस दुकान (जन वितरण प्रणाली) के दुकानदारों ने भी भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ अमित राजन ने कहा कि फेयर प्राइस दुकानदारों का ग्रामीण स्तर पर सीधा संपर्क मजदूरों और किसानों से होता है। ऐसे में उनकी भूमिका फार्मर आईडी अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे अपने संपर्क में आने वाले किसानों और मजदूरों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी अभियान का तीसरा चरण दो फरवरी से प्रारंभ हो रहा है, जिसे सफल बनाने के लिए सभी की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। इस अभियान से राजस्व कर्मचारियों को भी कार्य में सुविधा मिलेगी और किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सहजता से प्राप्त हो सकेगा। वहीं बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित टीम को प्रशासनिक ग्रुप से जोड़ा जाएगा। इससे अभियान से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां समय पर और आसानी से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने सभी से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की।

# डॉक्टर अशोक कुमार की हत्या के विरोध में हनुमान चालीसा केंद्र ने किया शांतिपूर्ण धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हनुमान चालीसा केंद्र के बैनर तले रोह प्रखंड के ग्राम गोडीहारी निवासी प्रैक्टिशनर डॉक्टर अशोक कुमार की हत्या के विरोध में एक शांतिपूर्ण धरना का आयोजन किया गया। धरना की अध्यक्षता हनुमान चालीसा केंद्र के अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप जितु ने की। धरना में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

धरना को संबोधित करते हुए हनुमान चालीसा केंद्र के संयोजक कैलाश विश्वकर्मा ने जिला प्रशासन से मांग की कि इस जघन्य हत्या कांड में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

हनुमान चालीसा केंद्र के अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप जितु ने बिहार सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की नगद सहायता प्रदान की जाए तथा इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए, ताकि दोषियों को कठोर सजा मिल सके।



कोशी पंचायत निवासी समाजसेवी एवं शिक्षक सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर अशोक कुमार का दूर-दूर तक किसी भी प्रकार के विवाद से कोई संबंध नहीं था। वे अत्यंत सीधे, सरल और सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे, जिनकी हत्या से पूरे क्षेत्र में आक्रोश है।

धरना में योग शिक्षक शंभू शंकर, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जितेंद्र स्वाभिमानी, बजरंग दल से कौशल यादव, राजकुमार शर्मा, ए.के. गुरु, शंभू यादव, गुड्डू कुमार, मुन्ना साहू, गरीबन मिस्त्री, दीपक कुमार, रोहित कुमार, सहदेव चौधरी, नरेश साहू एवं जोगिंदर चौधरी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।

# पशु मोबाइल वाहन की तत्परता से मवेशी को मिला त्वरित उपचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड क्षेत्र में पशुपालकों के लिए पशु मोबाइल वाहन (एमवीयू) सेवा किसी जीवनरेखा से कम नहीं साबित हो रही है। आपात स्थिति में यह सेवा हर समय तैयार रहती है और समय पर उपचार देकर पशुधन को नया जीवन दे रही है। प्रखंड के तिलौती गांव निवासी पशुपालक वेद प्रकाश की गाय की तबीयत अचानक गंभीर रूप से खराब हो गई। स्थिति को देखते हुए उन्होंने तत्काल 1962 एमवीयू पटना आपातकालीन सेवा पर कॉल किया। सूचना मिलते ही औरंगाबाद जिला कोऑर्डिनेटर मोहित कुमार ने हसपुरा ब्लॉक स्थित पशु मोबाइल वाहन को अलर्ट किया। सूचना के मात्र 20 मिनट के भीतर एमवीयू टीम गांव पहुंची और गाय का मौके पर ही इलाज शुरू किया। इस टीम में पशु चिकित्सक डॉ. अक्षय कुमार, पारावेट सुनील कुमार तथा चालक वरुण कुमार शामिल थे। समय पर इलाज मिलने से पशुपालक ने राहत की सांस ली।




डॉ. अक्षय कुमार ने बताया कि गाय "डाउनर काउ सिंड्रोम" नामक बीमारी से पीड़ित थी, जो अक्सर गलत या अधूरे इलाज के कारण हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस रोग के उपचार में कैल्शियम, मिनरल, पोटेशियम तथा सपोर्टिव थैरेपी के साथ-साथ पशु की नियमित करवट बदलना, मालिश करना, हल्का व्यायाम कराना और नर्म बिस्तर की व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है। सही देखभाल और समय पर चिकित्सा से पशु को पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है। डॉ. अक्षय कुमार ने ग्रामीण पशुपालकों से अपील की कि यदि किसी भी पशु की तबीयत खराब हो, तो देरी न करें और तुरंत 1962 पर कॉल करें। यह सरकारी सेवा निःशुल्क है और पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है।

# शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कासमा थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बक्शी बिगहा मोड़ के समीप से 20 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान पैदल जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया, जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास से 20 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बेल बिगहा गांव निवासी हुसैन रिकीयासन के पुत्र बृज रिकीयासन एवं इसी गांव के रामजी रिकीयासन के पुत्र सरवन रिकीयासन के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब को जब्त करते हुए दोनों आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों और विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के डाबंगला मैदान में जननायक कर्पूरी विचार मंच के बैनर तले बिहार के महान समाजवादी नेता एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रमोद कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य शंकर यादवेन्दू एवं विकास कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजकों की ओर से सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिस्टर ठाकुर ने की, जबकि मंच संचालन सुनील ठाकुर एवं विरेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सामाजिक न्याय, समानता और शोषित-वंचित वर्ग के सशक्तिकरण के प्रतीक थे। उन्होंने लोगों से कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज उनके विचारों की राजनीतिक स्तर पर उपेक्षा की जा रही है, जबकि वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। जिला परिषद सदस्य शंकर यादवेन्दू, विकास कुमार, करण ठाकुर, डॉ. तुलसी यादव, दारोगा कुशवाहा सहित अन्य वक्ताओं ने भी कर्पूरी ठाकुर की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। इस अवसर पर अध्यक्ष लोहड़ी ठाकुर, विनोद ठाकुर, मिस्टफ ठाकुर, अजय ठाकुर, विरेंद्र ठाकुर, अनिल ठाकुर, दिलीप ठाकुर, दारोगा कुशवाहा, लालदेव पासवान, ललन ठाकुर, अशोक ठाकुर, विजय विश्वकर्मा, गौतम ठाकुर, मदन ठाकुर, अजीत ठाकुर, डोमन ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, अमित ठाकुर, श्री ठाकुर, मनोज यादव, प्रयाग ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# उमगा पहाड़ पर अबतक नहीं लगा रोपवे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के उमगा पहाड़ पर रोपवे अबतक नहीं लगा है। बता दें कि वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यहां दौरा किए थे। मुख्यमंत्री उमगा पहाड़ पर पर्यटन की व्यापक संभावनाएं की बात कहते हुए रोपवे निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। बिहार पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव को भी उमगा में रोपवे निर्माण और पर्यटन के क्षेत्र में अन्य बिंदुओं पर काम करने का निर्देश दिया था। यहां तक की इसके पहले 2014 में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी मुख्यमंत्री रहते उमगा के दौरा पर पहुंचे थे और रोपवे निर्माण कराने की बात कही थी। उन्होंने 52 लाख रुपये उमगा को जारी भी किया था। जिससे विवाह मंडप, शौचालय, पथवे सहित का काम किया गया था परंतु आज तक रोपवे का निर्माण नहीं हुआ। क्षेत्र के लोग अब यहीं क्यास लगा रहे थे है कि आखिरकार उमगा पहाड़ पर कबतक रोपवे का निर्माण कराया जाता है। बता दें कि मदनपुर का उमगा पहाड़ पर रोपवे निर्माण होने के के बाद राजगीर जैसे खुबसूरत दिखेगा। क्योंकि उमगा की पहाड़ियां हर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता था। आकर्षक पहाड़ियां और उसके ऊपर मंदिरों का श्रृंखला अद्भूत है। यह पहाड़ी काफी लंबा है। वहीं पहाड़ी के एक सिरे पर औरंगाबाद है तो दूसरी तरफ झारखंड। यह पहाड़ी गया जिला से होते हुए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को छूता है। पहाड़ी की ऊंची चोटी और उसके ऊपर हरियाली बेहद आकर्षक लगता है। बता दें कि यहां 52 मंदिरों का श्रृंखला है। सूर्य मंदिर, उमंगेश्वरी मंदिर के अलावा दसभुजी गणेश मंदिर, पंच मुंडा आसन, हनुमान गढ़ी मंदिर, शनि मंदिर, गौरीशंकर गुफा व दसमहाविद्या मंदिर, सहस्त्र शिवलिंग मंदिर, एकादश शिवलिग मंदिर, छिन्न मस्तिका मंदिर, सतबहिनी मंदिर, बटुक भैरवनाथ मंदिर समेत 52 मंदिर स्थापित हैं। हर मंदिर की अलग-अलग महता और इतिहास है। पुजारी दिलीप पाठक बताते हैं कि उमगा धाम में त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर नागर शैली में बना है।

यह मंदिर काफी प्राचीन है। मुख्यमंत्री के दौरा के क्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुजारी ने मंदिरों के संरक्षण व विशेष देखभाल की जरूरत बताई। पुरातत्व विभाग की टीम ने पहाड़ पर स्थापित विभिन्न प्राचीन मंदिरों का जायजा लिया। अब केमिकल ट्रीटमेंट देकर मंदिरों के वैभव को वापस करने की कोशिश पुरातत्व विभाग की शुरू होगी। बता दें कि उचित देखभाल व संरक्षण के अभाव में वर्षो पूर्व कई कीमती मूर्तियां यहां से चोरी हो गई। ख्याति बढ़ाने के उद्देश्य से 2015 से यहां उमंगेश्वरी महोत्सव की शुरूआत हुई थी।

# विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के नवाखाप स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय परिसर में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजीत पासवान ने की, जबकि संचालन शिक्षक संतोष कुमार ने किया। बैठक के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और विद्यालय के साथ-साथ घर पर भी पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। शिक्षकों ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। संगोष्ठी में उपस्थित ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई। साथ ही विद्यालय में शीघ्र मध्यान्ह भोजन योजना शुरू करने पर भी जोर दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान में विद्यालय में लगभग 97 विद्यार्थी नामांकित हैं, जबकि मात्र दो शिक्षक ही कार्यरत हैं, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



बैठक के दौरान "हम और आप मिलकर बच्चों के समग्र विकास" विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई और सभी ने मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक संतोष कुमार के अलावा ग्रामीण रीना देवी, उर्मिला देवी, रिंकू देवी, वीरेंद्र सिंह, महेश्वरी देवी, संध्या देवी, बेबी देवी सहित कई अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रखंड को नई दिशा दिलाएगा संपूर्णता अभियान 2.0

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नीति आयोग द्वारा कुटुंबा प्रखंड का चयन आकांक्षी प्रखंड के रूप में किया गया है। प्रखंड प्रशासन की ओर से शनिवार को संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक ललन भुईयां, प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव, उपप्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सीओ चंद्र प्रकाश, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्वेता कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी दिव्य शक्ति, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह, नीति आयोग की आसमां राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रशेखर प्रसाद साहू ने किया। बिहार गीत के सामूहिक गायन के पश्चात उच्च विद्यालय चिल्हकी अम्बा के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। नीति आयोग की आसमां राणा ने प्रखंड के लिए निर्धारित स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि समेत विभिन्न सूचकांकों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आयोग ने स्वायल हेल्थ कार्ड, प्रसव पूर्व देखभाल, अनुपूरक पोषण, इम्यूनाइजेशन, बिजली सुविधा युक्त विद्यालय, पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता, हेल्थ चेकअप के अंतर्गत सभी को बी.पी. और शुगर की जांच आदि इंडेक्स निर्धारित किए गए हैं। जिस पर हमें मिलकर कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमें मिलजुल कर अपने प्रखंड के लिए निर्धारित सूचकांकों के लक्ष्यों को समय सीमा के पहले प्राप्त कर प्रखंड को विकसित बनाना है। यह अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा। इसके लिए जनप्रतिनिधियों और विभाग के अधिकारियों को मिलकर काम करने की जरूरत है। शिक्षा विभाग के स्टॉल पर बच्चों को निःशुल्क दी जाने वाली पाठ्यपुस्तक, कॉपी और बैग के साथ म्यूजिक सिस्टम, विज्ञान एवं गणित के मॉडल, शिक्षण अधिगम सामग्री लगाए गए थे। पीएम पोषण शक्ति योजना के द्वारा दोपहर में स्कूली बच्चों को दी जाने वाले भोजन का मेनू, अंडा, फल, हरी सब्जी का स्टॉल लगाया गया था।आईसीडीएस के द्वारा गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को दी जाने वाली सुविधा सामग्री का स्टॉल लगाया गया था। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा हेल्थ चेक अप का स्टॉल लगाया गया। जहां बड़ी संख्या में लोगों अपना हेल्थ जांच कराया। पशुपालन, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, पीएम आवास योजना, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, महिला रोजगार सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में जीविका समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

# बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई बल्कि यह कानूनन अपराध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में जिले से आए बुद्धिजीवी वकीलों की टीम द्वारा लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा नवम की छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्ष 2026 से 'बाल विवाह मुक्त भारत' के लक्ष्य को लेकर चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वकील टीम ने छात्राओं को बताया कि बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई है, बल्कि यह कानूनन गंभीर अपराध भी है, जिसमें शामिल दोषियों के लिए कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को यह भी प्रेरित किया गया कि वे स्वयं जागरूक बनें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करें। साथ ही किसी भी प्रकार की बाल विवाह संबंधी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा नजदीकी प्रशासन को तुरंत देने की अपील की गई। विद्यालय के निदेशक डॉ. धन्नजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह को समाप्त करने में छात्राओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला बताते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं वकीलों की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, कानूनी जानकारी एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा, ताकि वे बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध आवाज़ उठाकर एक सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

**Forest, Environment & Climate Change Department**
**Govt. of Jharkhand**
**Office of the Deputy Director, Palamu Tiger Project, North Division, Medininagar**
**Office address: Medininagar, District- Palamu, Jharkhand- 822101**

**NOTICE INVITING TENDER**

**RFP No.: 01/2025-26**

Notice inviting Request for Proposal (RFP) from competent and experienced persons/ firms/ organizations for providing Architectural Consultancy Services only for the construction of "Tiger Safari & Ancillary Work" at Putuagarh, near Barwadih, North Division, Palamau Tiger Project, Jharkhand, through Quality & Cost Based Selection (QCBS) method.

| Name of the work | Earnest money deposit (Rs). | Bid processing fee | Period of completion |
|---|---|---|---|
| Architectural consultancy services for Preparing Master Plan of 'Tiger Safari & Ancillary' at Putuagarh, North Division, Palamau Tiger Reserve, Jharkhand | Rs. 50,000/- (Rs Fifty thousand only) | Rs. 5,000/- (Rs Five Thousand only) | 12 months (Twelve months) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Sale of Bid Document Start Date | : | From: 31/01/2026,11:00 hrs |
| (ii) | Sale of Bid Document End Date | : | Up to: 02/03/2026, 17:00 hrs |
| (iii) | Offline submission of technical proposal and financial proposal ends on | : | Up to: 02/03/2026,17:00 hrs |
| (iv) | Opening of tender offline (Technical proposal only) | : | On 06/03/2026 at 12:00 hrs |
| (v) | Date of opening of financial proposal | : | After the result of Technical Bid |

Note:
- Tender document including terms & conditions can be downloaded from https://forest.jharkhand.gov.in/ & https://www.palamautigerreserve.in/
- The bid will be received at the office of undersigned during office hour.
- For any query/clarifications, please contact – dfocorearea@gmail.com

PR 372081 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D

Deputy Director,
Palamu Tiger Project, North Division,
Medininagar, Jharkhand.

# प्रखंड के एक विद्यालय को चयनित कर उसे मॉडल रूप में करें विकसित : डीएम

## डीएम ने सात निश्चय पार्ट 3 से आमजनों को कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत खोदावंदपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनसुनवाई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बैठक कर विभिन्न विकासात्मक एवं जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, विशेषकर पंचायत के मुखियाओं द्वारा अपने-अपने पंचायतों से संबंधित समस्याओं को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा गया। जनसुनवाई के दौरान आम लोगों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रखंड में एक विद्यालय को चिन्हित कर उसे मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए। तथा सभी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही फार्मर रजिस्ट्रेशन को लेकर बचे हुए किसानों का विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत पंजीकरण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने संपूर्णता अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को फरवरी में हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया। मौके पर जिला पदाधिकारी द्वारा सात निश्चय-पार्ट-3 से संबंधित सभी बिंदुओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक दी गई। उन्होंने सबका सम्मान द जीवन आसान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी पदाधिकारियों को जनता दरबार आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अनावश्यक भटकना न पड़े। साथ ही जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार के दौरान आम नागरिकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर माननीय विधायक, चेरियाबरियारपुर अभिषेक आनंद, अपर समाहर्ता बेगूसराय, अपर समाहर्ता (विभागीय जाँच), सिविल सर्जन बेगूसराय, प्रखंड विकास पदाधिकारी खोदावंदपुर, अंचल अधिकारी खोदावंदपुर सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सबलपुर देवी मंदिर का 25वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न

नवभारत टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के नया सबलपुर गांव अंतर्गत सबलपुरवासिनी देवी मंदिर का 25 वां वार्षिकोत्सव पूर्णाहुति व पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हो गया। यह आयोजन 28 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक है। जिससे पूरा इलाका भक्तिरस में डुबा रहा। शनिवार को अखंड संकीर्तन, माता रानी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। वही उमा-महेश्वर महादेव की विशेष आराधना कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार और संकीर्तन की मधुर ध्वनि से वातावरण गूंजता रहा। इस दौरान 'जय माता दी' और 'जय भोलेनाथ' के जयकारों से गूंज उठा। समिति के सदस्यों ने बताया कि रविवार को हवन एवं पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का विधिवत समापन किया जाएगा। उतर प्रदेश राज्य के वाराणसी से आये वेदपाठी विद्वान द्वारा भव्य महाआरती संपन्न कराई जाएगी। वैदिक अनुष्ठान आचार्य संजीव दुबे के सानिध्य में विधिपूर्वक संपन्न हो रहे हैं। महोत्सव के दौरान इस वर्ष पहली बार नया सबलपुर गांव में देवी जागरण का आयोजन किया जा रहा है। रविवार की रात में देवी जागरण एवं भजन संध्या को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। जागरण में भोजपुरी कलाकार विष्णु ओझा, अजीत आनंद, दीपक तिवारी, भानू सिंह, सोनी पांडेय सहित अन्य माता रानी की महिमा का गुणगान करेंगे। महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा है।

# शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी शिक्षिका अनामिका कुमारी ने हर एक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा थीम के तहत बच्चों के शैक्षणिक विकास, शिक्षक और अभिभावक के बीच आत्मविश्वास को मजबूत करने की आज की जरूरत पर बल दिया ताकि बच्चों को घर पर सीखने के अनुकूल वातावरण को अभिभावक तैयार करे। जिसमें बच्चों को सीखने की गतिविधि में सहायक सिद्ध हो सके। इसके तहत बैठक में अभिभावकों से बच्चों को नियमित शैक्षणिक कार्यों का मूल्यांकन करने एवं उपलब्ध संसाधनों से बच्चों के सीखने के गति को तेज कराने का अपील किया। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, स्वास्थ्य पोषण और व्यक्तिगत स्वच्छता पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। पठन-पाठन, पुस्तक के उपलब्धता त्रैमासिक मूल्यांकन में बच्चों की प्रगति सहित विद्यालय के आंतरिक व्यवस्था पेयजल एवं गृह कार्य आदि पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनटुन महतो, अशोक कुमार शर्मा, संजीत कुमार महतो,रणधीर कुमार, नंदकिशोर पंडित, इंदू कुमारी, कन्हैया कुमार, कंचन कुमारी, योगेन्द्र चौधरी, विभाकर कुमार, राजेश कुमार, अभिभावक लाल किशोर पासवान, राम उदय साह, शिव कुमार, सुलेखा देवी, सीमा देवी, निर्मला देवी आदि मौजूद थे।

## स्वच्छता कर्मी की मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पहसारा पश्चिम पंचायत निवासी 27 वर्षीय ग्रामीण स्वच्छता कर्मी तूफान कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व ही उन्हें कुत्ते ने काट लिया था। जिसके बाद उन्होंने एंटी रैबीज वैक्सीन भी ली थी। इसके बावजूद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार हालत बिगड़ने पर पहले उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।मृतक अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके निधन से पत्नी निर्मला देवी और दो छोटे बच्चे मोहित एवं हेमंत के सामने भरण-पोषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए बिहार केसरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख सेनानी और बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा. श्रीकृष्ण सिंह की पुण्यतिथि के मौके पर शनिवार को जिला मुख्यालय के श्रीकृष्ण नगर में एक समारोह आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रीकृष्ण नगर विकास समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए विधान परिषद सदस्य सर्वेश कुमार ने कहा कि बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह युग पुरूष थे। उनकी विद्वता, कर्मठता और प्रशासन चलाने के तौर तरीके अद्वितीय था। उनके जीवन सम्पूर्ण कालखंड से आज के युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अपनी कर्मभूमि मुंगेर व बेगूसराय के लिए विकास के लिए



कई योजनाएं धरातल पर उतारा, जिनमें राजेन्द्र पुल, हिंदुस्तान फर्टीलाइजर, बरौनी थर्मल पावर स्टेशन, बरौनी रिफाइनरी सहित कई अन्य कारखाने उनके दूरदर्शी सोच को उजागर करता है। मौके पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम राय, नारायण विधायक, संतोष कुमार उर्फ फुच्ची, राम उद्गार सिंह, विकास कुमार सहित दर्जनों अन्य लोगों ने श्रीबाबू के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी। इधर, इस मौके पर नंद कुमार शर्मा व सच्चिदानंद सुमन ने श्रीबाबू को महान विभूति बताते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में श्री कृष्ण सिंह ने किया अतुलनीय कार्य : डीएम

**बेगूसराय।** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी ड श्रीष्ण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को श्रीष्ण सिंह इंडोर स्टेडियम परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने डा. श्रीष्ण सिंह के व्यक्तित्व एवं तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक दृढ़ संकल्पित सेनानी थे। जिन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने, औद्योगिक विकास की नींव रखने तथा शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनके नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई दिशा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि डा. श्रीष्ण सिंह का संपूर्ण जीवन साद्गी, ईमानदारी, जनसेवा एवं राष्ट्रभक्ति का प्रतीक रहा है। उनके द्वारा स्थापित आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके विचारों और सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा समाज और राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष आदि उपस्थित थे।

# नाटक तिनिता रंगीन पाखिला का मंचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** आस्था वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किए जा रहे चार दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के आयोजन में विगत रात की गई वर्णम विश्वनाथ चार्ली, असम से आये गए कलाकारों द्वारा तिनिता रंगीन पाखिला नामक नाटक की प्रस्तुति की गई। तिनिता रंगीन पखिला का अर्थ है 'तीन रंगीन तितलियां। हम सभी जानते हैं की तितलियां कैसे जन्म लेती हैं। तितली के अंडे फूटने के बाद उसमें रेशम का कीड़ा पैदा होता है। धीरे-धीरे वह रेशम का कीड़ा कोकोन के अंदर बंद हो जाता है। और एक दिन वह लार्वा तेंदुए से तितली के रूप में निकलता है। जय, अमूल्य और विरिंचिक स्कूल के दिनों के दोस्त थे। कॉलेज तक साथ पढ़ने के बाद वे अपने-अपने कार्यस्थल पर नियुक्त हो जाते हैं। और अलग हो जाते हैं। जय जीवन की विभिन्न परिस्थितियों का सामना करके एक सफल प्रशासनिक अधिकारी हो जाता है। विरिंचिक एक प्रसिद्ध वकील होता है। और अमूल्य एक क्लास वन ठेकेदार हो जाता है। अमूल्य और विरींचिक विवाहित थे। जबकि जय तब भी अविवाहित था। एक शाम अमूल्य के घर तीनों एकसाथ हुए क्योंकि बहुत समय बाद हुए तीनों मिलकर पार्टी करते हैं। शाम का जश्न मनाते हैं। उस दिन अमूल्य के घर में अमूल की पत्नी नहीं थी। उस सुविधा का लाभ उठाकर अमूल्य ने जय और विरिंचिक को आमंत्रित करता है। इस समय सब लोग इकट्ठा हो जाते हैं और पार्टी के साथ उनके बीच कई बातें होने लगी। धीरे-धीरे उनकी बातचीत का ऐसा स्तर पहुंच गया कि वे एक-दूसरे का मुखौटा उतारने लगे। उनकी सफलता के पीछे जो गुप्त, नग्न और भयानक कहानियाँ हैं। उन्हें एक-दूसर पर आरोप लगाकर उत्तेजित होकर बयां कर दिया। इसके बाद वह एक दूसरे के सामने बुरी तरह नंगा होकर चमकने लगे। वे महसूस करने लगे की जैसा वे आदिम दुनिया की गुफाओं में रहने वाले नग्न व्यक्ति हो। लेकिन वे अपने समाज के सामने खुद को बचाने के लिए रंगीन पोशाक पहन लेते हैं। ताकि उनका असली रूप का किसी को पता ना चले। जैसे तेंदुए के अंदर लार्वा खुद को ढक लेता है। ताकि कोई उसे देख ना पाए। लेकिन समय की धारा में बहते हुये एक दिन लार्वा तितली बनकर तेंदुए के अंदर से बाहर आ जाता है। वह एक नई तितली बन जाती है। बिल्कुल उसी तरह विभिन्न घटनाओं के बीच से उनके तेंदुए के भीतर निकालकर हुए नई तितली बनने का मन बनाने लगे। वह आदम और ईव की शुरूआत करना चाहते थे। यही था वर्णम असम में तैयार किया गया नाटक 'तीन रंगीन तितलियाँ। पंकज ज्योति भुया द्वारा लिखित एवं कुशल रेखा द्वारा निर्देशित इस नाटक के लाजवाब प्रस्तुति की गई। सभी दर्शक मंत्रमुग्ध होकर देखते रह गए।

# बच्चों ने बिहार की ऐतिहासिक विरासत की ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय महेशपुर कन्या के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर नालंदा, राजगीर और पावापुरी ले जाया गया। इस शैक्षणिक यात्रा को विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार साह एवं पैक्स अध्यक्ष सह महेशपुर पंचायत के पूर्व मुखिया गंगा प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार साह ने कहा कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, संस्ृति और शिक्षा परंपरा से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विश्व प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन किया और जाना कि किस प्रकार यह शिक्षा का वैश्विक केंद्र हुआ करता था। वहीं राजगीर में छात्रों ने शांति स्तूप, वेणुवन तथा गर्म जल कुंडों का भ्रमण कर उनके ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को समझा। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने प्रत्येक स्थल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व की विस्तृत जानकारी बच्चों को दी और कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विजय शंकर, सतीश कुमार, प्रदीप कुमार अभिलाषा कुमारी, गोविंद कुमार, अनिल कुमार तथा विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव रीना देवी और अध्यक्ष गुड़िया कुमारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

# भूमि विवाद को लेकर जनता दरबार में आए मामले

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में पूर्व से कुल 13 मामले लंबित थे। पूर्व से लंबित मामलों में से आज एक मामले का निष्पादन हुआ। वही कोई नया मामला दर्ज नहीं हुआ। निष्पादित मामले में 24 जनवरी को दर्ज मामला चित्रकला देवी पति भुवनेश्वर गोस्वामी बनाम राम नंदन गोस्वामी, सुदामा देवी, त्रिभुवन गोस्वामी वगैरह साकिन बगरसथान सिंह के बीच रैयत्ती किस्म का मामला होने के कारण दोनों पक्षों को बीएलडीआर के तहत अपना वाद ऊपर दायर करने का आदेश दिया गया। जनता दरबार में अब कुल 12 मामले लंबित बचे है। सभी लंबित मामले के फरियादी को सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित की गयी। मौके पर अंचलाधिकारी सूरज कुमार, राजस्व अधिकारी लवली कुमारी, प्रधान सहायक गोपाल कुमार, कार्यपालकं सहायक अमरजीत कुमार एस आई विपिन कुमार ओझा तथा अन्य फरियादी मौजूद थे।

# जय मां काली बखोरापुर बड़हरा में मेगा हेल्थ कैंप आज

नवभारत टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** एक फरवरी 2026 को 11 बजे सुबह से शाम 5 बजे तक जय मां काली मंदिर बखोरापुर, बड़हरा के परिसर में मेगा हेल्थ कैंप व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप में पटना के टॉप चिकित्सक अपने पूरी टीम के साथ शामिल होगे। मंदिर के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल ने बताया कि कैंप में सेंटर फॉर साइट पटना के डा शत्रुघ्न प्रसाद व सीईओ अमित सिंह द्वारा 8 सदस्यीय मेडिकल टीम बखोरापुर पहुचेंगी। जहां आंख से संबंधित ग्लूकोमा, रेटिना, लेंस, मोतियाबिंद का जांच व ऑपरेशन, निःशुल्क दवा व चश्मा वितरण होगा। जरुरत के अनुसार रोगी को पटना वाहन द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन के लिए मंदिर ट्रस्ट के सौजन्य से भेजा जाएगा। दूसरी ओर बुद्धा कैंसर हॉस्पिटल पटना के डायरेक्टर डा अरविंद कुमार, डा खालिद इकबाल, डा बी चौबे, मार्केटिंग से रंजन कुमार आ रहे है। मेडिकल टीम अत्याधुनिक मशीनो से सभी रोगियों का निःशुल्क जांच व इलाज की सुविधा मुहैया करा रहे हैं। मंदिर ट्रस्ट ने लोगों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा रोगी पहुचें और अपना रजिस्ट्रेशन करा इलाज कराये।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत कराया जाएगा सर्वजन दवा सेवन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग हॉल में प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक शनिवार को हुआ। इसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी सूरज कुमार ने की। डब्लूएचओ प्रतिनिधि शंभू नाथ चौधरी ने बताया कि 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सर्वजन दवा सेवन कराया जाएगा। इसके लिए दल कर्मी माइक्रो प्लान के मुताबिक प्रत्येक घरों का भ्रमण कर उम्र के सापेक्ष दवा का सेवन अपने समक्ष करायेगी। इस अभियान के संचालन हेतु दल कर्मियों तथा सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निबटने हेतु मेडिकल टीम गठित की गई है। फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है। इससे शरीर के किसी भी अंग में सूजन हो जाता है। जिससे काफी परेशानी होने लगती है। इस पर नियंत्रण हेतु कृमि नाशक के साथ साथ फाइलेरिया की दवा का सेवन कराने की जरूरत है। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, बीएमसी गोपाल शर्मा, बी सीएम उषा कुमारी आदि ने हिस्सा लिया।

# 25 दिनों पूर्व लापता दो छात्राएं मुंबई से बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र से करीब पच्चीस दिन पूर्व एकसाथ लापता दो छात्राएं मुंबई से आज सकुशल बरामद कर ली गई है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने शनिवार को यहां बताया कि विगत 8 जनवरी को दोनों छात्राएं अचानक लापता हो गई थी। उनके अभिभावकों के द्वारा लापता होने के मामले दर्ज कराने के बाद सिटी एसपी के देखरेख में गठित पुलिस की एसआईटी टीम दोनों छात्राओं की बरामदगी के लिए विभिन्न जगहों के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान के जरिए जांच पड़ताल कर रही है।

उन्होंने बताया कि दोनों छात्राओं की फोटो सोशल मीडिया के जरिए दिल्ली और मुंबई पुलिस को भेजी गई थी। इसके अलावा मुंबई के चाइल्ड मिसिंग पोर्टल पर दोनों का फोटो अपलोड किया गया था। इसके बाद एसआईटी टीम दोनों जगहों की पुलिस और मिसिंग पोर्टल से लगातार संपर्क बनाई हुई थी। वहां की पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही थी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया मुंबई पुलिस की ओर से आज सूचना मिली कि लापता छात्राओं को डोंगरी इलाके से सुकशल बरामद कर लिया गया है। इस सूचना पर एसआईटी की टीम उन छात्राओं के अभिभावकों को लेकर मुंबई के लिए रवाना हो रही है। इधर छात्राओं के यहां पहुंचने और न्यायलय में बयान होने के बाद यह स्पष्ट हो पाएगा कि दोनों मुंबई कैसे पहुंची।

# बिहार परिभ्रमण पर निकले स्कूली बच्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर के 50 स्कूली बच्चे शनिवार को राजगीर रवाना हुए। इस शैक्षणिक यात्रा को प्रधानाध्यापक संजीत कुमार महतो ने रवाना किया। विद्यालय परिसर से रवाना होते ही बच्चे के चेहरे पर ऐतिहासिक स्थलों को देखने तथा जानने की उत्सुकता बढ़ गई थी। प्रधानाध्यापक श्री महतो ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य अपने राज्य के गौरवशाली इतिहास, स्थलों, संस्कृति को करीब से देखने, जानकारी देने तथा उस तथ्यों से परिचित कराना है। इससे बच्चे स्कूल के चहारदीवारी से बाहर निकल कर स्वछंद परिभ्रमण कर सकते हैं। इससे इनके बीच अनुशासन, सहयोग, सहकार की भावना विकसित होती है। ये बच्चे शांति स्तूप, जरासंध का अखाड़ा, वेणु वन, नालंदा विश्वविद्यालय आदि को करीब से दिखाने तथा जानने का अवसर मिलेगा। शैक्षणिक यात्रा में सुरक्षा तथा मार्गदर्शन हेतु प्रधानाध्यापक के अतिरिक्त सहायक शिक्षक हरिहर सहनी, श्रवण कुमार आदि साथ में हैं।

# लक्ष्मण सिंह स्मृति अंडर-15 अंतर विद्यालय क्रिकेट टूनार्मेंट में दबंग और थंडरबोल्ट ने जीता मौच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लक्ष्मण सिंह स्मृति अंडर-15 अंतर-विद्यालय क्रिकेट टूनार्मेंट में शनिवार को दबंग ने जहां पांच विकेट से मैच अपने नाम किया. वहीं दूसरे मैच में थंडरबोल्ट ने सुपरकिंग्स पर 10 रन से जीत दर्ज की। पहला मैच में श्रीकृष्ण खेल मैदान, खेमनीचक में खेले गए मुकाबले में दिन का पहला मैच चेंजर्स बनाम दबंग के बीच खेला गया। चेंजर्स ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। चेंजर्स ने शौर्य समीर के अर्धशतक व स्वजीत दशकत के 24 व प्रियांशु के 18 रन की मदद से



निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 139 रन बनाए. जवाब में दबंग ने कप्तान शंकु राजेश कुमार के 58 रन की मदद से लक्ष्य को 16.1 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर हासिल कर पांच पांच विकेट से मैच अपने नाम कर किया। विजेता टीम के कप्तान शंकू को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच में वहीं दिन का दूसरा मैच थंडरबोल्ट बनाम सुपरकिंग्स के बीच खेला गया। थंडरबोल्ट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन बनाए। थंडर के लिए श्रेयांश शर्मा ने 38, कप्तान साहिल ने 25, मानव ने 23, नवीन ने 28 रन बनाए। जवाब में सुपरकिंग्स की टीम निर्धारित ओवर में 9 विकेट खोकर 149 रन ही बना सकी। सुपरकिंग्स की ओर से हर्ष राज ने 45 तो कप्तान अनिकेत प्रकाश ने 35 रन का योगदान दिया। विजेता टीम के नवीन को प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार नीतू मैडम ने प्रदान किया।

# मोबाइल छिनतई मामले का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** झपट्टा मारकर मोबाइल छिनतई के आरोप में कुटुंबा पुलिस द्वारा एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान थाना क्षेत्र के झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लादीवादी गांव निवासी संतन मेहता के पुत्र रोहित कुमार के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, महिला मोबाइल से किसी से बात करते हुए जा रही थी। इसी दौरान बदमाश महिला के हाथ से मोबाइल छीनने लगा। तब महिला ने विरोध करते हुए मोबाइल बचाने के लिए मोबाइल को हाथ के अंदर की ओर कर लिया। इसके बाद बाइक सवार बदमाश ने तेजी से बाइक चलाकर महिला को धक्का मार दिया जिसके कारण महिला गिरकर चोटिल हो गयी। इस संबध में कुटुंबा थाना क्षेत्र के बसडीहा गोपाल की रहने वाली खुशबू ने प्राथमिकी दर्ज करवाई। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के आठ घंटे में गिरफ्तार किया गया और छिनतई का फोन बरामद किया गया। थानाध्यक्ष मो. इमरान ने बताया कि मोबाइल छिनतई मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक पूछताछ के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# बीमारी पुरानी है, इलाज शुरू हो चुका है : विजय सिन्हा

## ऑनलाइन सेवाएं, तय समय सीमा और सख्त निगरानी से जमीन मामले में पारदर्शिता की नई व्यवस्था




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने जनकल्याण संवाद में विभागीय सुधारों की विस्तृत जानकारी देते हुए स्पष्ट कहा कि यह संवाद भाषण देने का मंच नहीं, बल्कि जनता की जमीन से जुड़ी समस्याओं को सुनने, समझने और उनका समाधान सुनिश्चित करने का माध्यम है।

दरभंगा के लहेरियासराय स्थित ऑडिटोरियम सह आर्ट गैलरी में आयोजित भूमि सुधार जनकल्याण संवाद में उन्होंने कहा कि कार्यभार संभालते ही पहले सौ दिनों में प्रमंडलवार और जिलावार जनसंवाद का निर्णय लिया गया, जिससे वास्तविक फीडबैक मिल रहे हैं। बीमारी पुरानी है। अच्छी दवा के साथ इलाज अभी शुरू हुआ है। बीमारी ठीक होने में समय लगेगा। राजस्व मुख्यालय के सभी स्तर के अधिकारी भी इसकी जांच यानी कि व्यवस्था में जुटे हुए हैं। बीमारी जरूर ठीक होगी। मार्च तक बीमारी में सुधार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पटना से 12 दिसंबर को शुरू हुए इस अभियान के तहत लखीसराय, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, सहरसा, भागलपुर, गया के बाद अब दरभंगा में संवाद हुआ है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक अंचल कार्यालय में सीएससी केंद्र स्थापित किया गया है, जहां प्रशिक्षित ऑपरेटर तय दर पर ऑनलाइन सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। परिमार्जन, दाखिल-खारिज और मापी पर सख्त समय सीमा तय कर दी गई है। नाम, पिता का नाम जैसी त्रुटियों का सुधार 15 कार्य दिवस में, खाता, खेसरा, लगान आदि तकनीकी त्रुटियां 35 कार्य दिवस में और जटिल मामलों का निष्पादन 75 कार्य दिवस में कर दिया जाना तय किया गया है। अविवादित भूमि मापी 7 दिन में, विवादित भूमि की मापी 11 दिन में और रिपोर्ट अपलोड की व्यवस्था 14 दिनों में तय कर दिया गया है। बिना आपत्ति दाखिल-खारिज 14 दिन में (पहले 35 दिन) तय कर दिया गया है।

**भूमि विवाद में पुलिस हस्तक्षेप पर रोक**

उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि विवाद राजस्व और न्यायिक प्रक्रिया का विषय है। पुलिस अब किसी भी परिस्थिति में दखल-कब्जा दिलाने या निर्माण कराने में हस्तक्षेप नहीं करेगी। निर्देश का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। शनिवार को अब थाना की जगह अंचल कार्यालय में जनता दरबार लगेगा, जिसमें थाना प्रभारी भी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही सोमवार और शुक्रवार को सभी राजस्व कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी पर्चाधारियों के लिए ऑपरेशन भूमि दखल देहानी शुरू है। पर्चाधारियों को उनकी भूमि पर वास्तविक कब्जा दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पारिवारिक बंटवारा पोर्टल से सभी हिस्सेदारों का एक साथ दाखिल-खारिज शुरू है। 01 जनवरी से सत्यापित नकल केवल ऑनलाइन है। शहरी क्षेत्रों में वंशावली निर्गत करने की जिम्मेदारी अंचलाधिकारी को दी गई है। फर्जी दस्तावेज पर एफआईआर अनिवार्य कर जाली कागजात देने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद अब तक दर्जनों मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि कॉल सेंटर और जनसुनवाई 1800 3456215 नंबर के कॉल सेंटर को जन शिकायत पोर्टल से जोड़ा गया है। इसपर बहुत शिकायतें आ रहीं हैं। विभाग शीघ्र ही एक और नंबर जारी कर फोन नहीं लगने की शिकायत दूर करेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि कैथी लिपि अनुवाद के लिए विशेषज्ञ पैनल के तहत 29 विशेषज्ञों का पैनल तैयार किया गया है। 220 रुपये प्रति पृष्ठ की दर से अनुवाद की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

**भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस**

डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन लाने के लिए कृत संकल्पित है। इसी उद्देश्य से भ्रष्टाचार पर तेज गति से वार किया जा रहा है। पटना के मसौढ़ी और अररिया में राजस्व कर्मचारियों पर त्वरित दण्डात्मक कार्रवाई के मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करने वालों पर त्वरित बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि राजस्व न्यायालय पूरी तरह ऑनलाइन हो गया है, अब वकील रखने की बाध्यता नहीं। आम नागरिक वहां स्वयं भी अपनी पैरवी कर सकता है।

# मिल्लत महाविद्यालय के प्रो. महेश चंद्र मिश्रा की विदाई सह सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** मिल्लत महाविद्यालय, दरभंगा के प्राचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर सिंह की उपस्थिति में भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर महेश चंद्र मिश्रा का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रोफ़ेसर मिश्रा ने अपने ज्ञान की ऊर्ज़ा से अनेकों विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को ऊर्ज़ावान एवं ज्ञानवान बनाया है। हम आशा करते हैं कि ये अपने लेखन द्वारा विद्यार्थियों को लाभान्वित करेंगे। ईश्वर इन्हें स्वस्थ रखे और इनकी शैक्षणिक ऊर्ज़ा बनी रहे। प्रो. महेश चंद्र मिश्रा अपने वक्तव्य के द्वारा इस कार्यक्रम के लिए सभी मिल्लत परिवार को धन्यवाद दिया और भाव विभोर हो गए। प्रो. मिश्रा की 23 वर्षों की सेवा नियमित शैक्षणिक क्रियाओं और विज्ञान के प्रतिष्ठित प्राध्यापक के रूप में व्यतीत हुआ। कॉलेज के एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ मुस्तफा कमाल अंसारी ने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि प्रोफ़ेसर मिश्रा एक उच्च कोटि के विद्वान एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति हैं, उनके भावी जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ डॉ. भट्ट ने कहा कि प्रो. मिश्रा के सेवा काल की भाँति ही हमारी शिक्षकीय सेवा व्यतीत हो सके। डॉ. शाहनवाज ने कहा कि प्रोफ़ेसर मिश्रा जैसे शख्शियत की सरलता और भावुकता से सभी वाकिफ हैं। इन्होंने अपना पूरा जीवन इस महाविद्यालय के लिए समर्पित कर दिया। आज का दिन बहुत ही भावुक करने वाला दिन है। डॉ. वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने ज्वाइनिंग के प्रसंग का उल्लेख किया तथा प्रो. मिश्रा के यशस्वी जीवन की कामना की।

इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय शिक्षक एसोसिएशन के सचिव डॉ. जमशेद आलम ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सोनी शर्मा ने किया। डॉ. मुन्ना साह, आलम, डॉ. अब्दुर राफ़े. डॉ. मुदस्सिर हसन भट्ट, डॉ. संजील, डॉ. जावेद अख्तर, डॉ. सुभाष कुमार,डॉ अथर सादिक डॉ निशा कुमारी, डॉक्टर तजफुर रहमान, डॉक्टर शगुफ्ता निगार ने भी अपनी संवेदना प्रोफ़ेसर मिश्रा के प्रति प्रकट किया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

# नीट छात्रा केस सीबीआई को सौंपना बिहार की कानून व्यवस्था की नाकामी : राजेश राठौड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना शंभू गर्ल्स हॉस्टल की नीट छात्रा के साथ हुए बलात्कार और संदिग्ध मौत के केस को बिहार सरकार के अनुमोदन पर राज्यपाल ने सीबीआई को सौंप दिया। इस मामले पर बिहार कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य की सरकार के कमजोर और असक्षम कानून व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राज्य की सरकार अपनी नाकामियों को जानते हुए पुलिस से जांच वापस लेकर एसआईटी का गठन किया और अब सीबीआई की अनुशंसा कर दिया जबकि बिहार के आम नागरिक जानते हैं कि इससे पहले भी नवरुणा हत्याकांड और मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड की जांच भी सीबीआई को दी गई है लेकिन आजतक जांच के नाम पर एजेंसीज के हाथ खाली है। अब इस मामले को भी सीबीआई को सौंप कर मामले को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की गई है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि इस मामले में बिहार की एनडीए सरकार और पुलिस की कार्रवाई शुरू से शिथिल और संदिग्ध रही है। ऐसे में सारे सुबूतों को मिटाने और रिपोर्ट को दबाने के बाद बिहार की पुलिस ने सरकार के इशारे पर मामले की लीपापोती कर दी है। अब यह मामला सीबीआई को सौंपकर सरकार केवल अपना पल्ला झाड़ रही है जबकि असली कातिलों और गुनहगारों को बचाने का पहले दिन से प्रयास कर रही है। आखिर पुलिस और सरकार किसके दबाव में है यह आम लोगों को स्पष्ट होना चाहिए और पीड़िता के परिवार को सुरक्षा मिलनी चाहिए। मामले की जांच को अविलंब सुचारु तौर पर संचालित कर न्यायिक जांच भी सीबीआई के साथ चलनी चाहिए जिसमें हर हफ्ते रिपोर्ट सबमिट होनी चाहिए।

## छात्र की मौत पर सड़क जाम

**बिक्रम।** थाना क्षेत्र के एनएच 139 पर नगहर मोड के समीप शनिवार को एक ट्रक से कुचलकर बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं एक युवक जख्मी हो गया। उक्त घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम किया। मृतक की पहचान रानीतालब थाना अंतर्गत लथार गाँव निवासी उमेश पासवान के पुत्र मंतोष कुमार (19वर्ष) के रूप में की गई है। वही गंभीर रूप से जख्मी युवक विवेक कुमार बताया जाता है।

# राज्यस्तरीय उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि विभाग, बिहार के मार्गदर्शन में केन्द्रीय उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद (हरियाणा) तथा इफको के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 31 जनवरी 2026 को बिहार कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना में बिहार राज्य के उर्वरक विक्रेताओं हेतु एक दिवसीय उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि निदेशक, बिहार सौरभ सुमन यादव द्वारा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य में उर्वरक गुणवत्ता में सुधार लाना तथा उर्वरक विक्रेताओं को जागरूक कर कृषकों को समय पर, उचित मूल्य पर एवं गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना था, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ मिट्टी की उर्वराशक्ति को सुदृढ़ किया जा सके। कृषि निदेशक, बिहार सौरभ सुमन यादव ने अपने संबोधन में राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता, उर्वरक समिति की भूमिका तथा कृषकों को सही उर्वरक उपयोग हेतु जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने उर्वरकों के जैविक स्रोतों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. रविंद्र यादव (आरएफसीएल, कल्याणी) ने उर्वरक नियंत्रण आदेश के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी तथा नए एवं परंपरागत उर्वरकों की गुणवत्ता मानक, पंजीकरण प्रमाण-पत्र एवं प्राधिकरण पत्र से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इफको के राज्य वितरण प्रबंधक श्री अशोक कुमार पालीवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं उपयोगिता की जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न उर्वरक कंपनियों के राज्य विपणन प्रबंधक, इफको के अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी एवं राज्य के सभी जिलों से आए उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन इफको के प्रबंधक श्री रमेश कुमार द्वारा किया गया।

# सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में रसायन विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका : प्रो. दिलीप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विज्ञान संकायाध्यक्ष सह रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो0 दिलीप कुमार चौधरी ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में रसायन विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस तरह की संगोष्ठियाँ का आयोजन रसायन विज्ञान में वर्णित लक्ष्य संबंधी चुनौतियों को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करता हैं। विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर रसायनशास्त्र विभाग की ओर से 'मल्टीडिस्किपलिनरी एस्पेक्ट्स ऑफ केमिकल साइंसेस विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह को संबोधित करते हुए सेमिनार के अध्यक्ष प्रो. दिलीप चौधरी ने कहा कि नए रासायनिक अनुसंधान, हरित और सतत रसायन विज्ञान शिक्षा, हरित और सतत रासायनिक विनिर्माण पद्धतियों और सामाजिक उत्तरदायित्व के भावना का अवसर, वर्तमान और भविष्य के रसायनशास्त्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि हम सभी मिलकर पृथ्वी की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। रसायन विज्ञान का प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और मानव स्वास्थ्य में व्यापक प्रभाव है और रसायन वैश्विक सतत विकास को समर्थन देने के लिए पहले से ही कई तरीकों से काम कर रहे हैं। प्रो. चौधरी ने कहा कि रसायन विज्ञान का हमारे और हमारी अर्थव्यवस्था के लिए उज्ज्वल भविष्य है। रसायन विज्ञान अणुओं का विज्ञान है, जो सभी ज्ञात पदार्थों के मूलभूत निर्माण खंड हैं। एक तरह से यह रसायन विज्ञान को हर चीज का विज्ञान बनाता है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मिथिला विश्वविद्यालय के भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो0 नौशाद आलम ने कहा कि भौतिकी, गणित और जीव विज्ञान जैसे अन्य प्रमुख विज्ञान विषयों के विपरीत, रसायन विज्ञान एकमात्र ऐसा मौलिक विज्ञान है, जिससे एक विशिष्ट उद्योग जुड़ा हुआ है। रसायन शास्त्र एक विषय के रूप में मानवता की समृद्धि, खुशहाली और स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है और आज भी देता है। पिछले 5,000 वर्षों में, अन्य किसी भी विषय की तुलना में रसायन शास्त्र ने ही हमारी वैश्विक सभ्यता को संभव बनाया है। प्रो. आलम ने कहा कि 21वीं सदी में भी रसायन विज्ञान तकनीकी परिवर्तन की दिशा निर्धारित करता रहेगा। रसायन विज्ञान के स्नातक तेजी से जैव प्रौद्योगिकी, पर्यावरण निगरानी, फोरेंसिक विज्ञान, खाद्य विज्ञान और हरित रसायन विज्ञान जैसे क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। रसायन विज्ञान आधारित कंपनियां उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा करती हैं, जो बदले में छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में बने रहने के लिए आकर्षित करती हैं। समापन समारोह को डॉ. पीके झा ने भी संबोधित किया। तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों ने अपने-अपने आलेख पढ़े। रसायन विभाग के दो शोधार्थी गौरव और केशव कुमार को डॉ0 नीलांबर चौधरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में अभिजीत ने प्रथम, आनंद द्वितीय और वंशीधर ने तृतीय स्थान के रूप में सफलता प्राप्त की। समापन समारोह में डॉ0 अभिषेक राय, डॉ0 अनिरूद्ध शर्मा, डॉ0 सोनू राम शंकर, डॉ0 मोनी शर्मा व बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं रसायन विभाग के छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# छेड़खानी मामले में बनाए गए चार आरोपित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दावथ थाना अंतर्गत जमसोना पंचायत से छेड़खानी का एक मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष दावथ मनीष पंजियारा ने जानकारी देते हुए बतलाया कि घटना शुक्रवार को बताई जाती है जहां उक्त पंचायत के धरकंदा गांव का मामला बताया गया। इस संबंध में थाने में प्राप्त आवेदन के आलोक में यह आरोप लगाया गया है कि एक लड़की के शौच जाने के क्रम में चार लोगों ने जबरन करने का प्रयास किया। सभी आरोपित चारों व्यक्ति उसी गांव के बताए जाते हैं। कल्लू राय पिता मंगनी राय, मंगनी राय, रिंकल पांडे पिता छोटू पांडे चारों ग्राम धरकंडा थाना दावथ जिला रोहतास के बताएं जाते हैं। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सावित्रीबाई फुले एवं कर्पूरी ठाकुर को लोगों ने किया याद

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** भारत के दो महान रत्नों का संयुक्त रूप से जयंती समारोह मनाया गया जहां समाजवादियों ने इन दोनों के ऊपर व्याख्यान भी दिया और उन्हें याद किया। बिक्रमगंज के गोड़ारी में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर और सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोहिया विचार मंच के संयोजक संजय सिंह, जेपी सेनानी वशिष्ठ सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। संयोजक संजय सिंह ने इन महान व्यक्तित्वों के योगदान को याद दिलाया और बताया कि सावित्रीबाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने महिलाओं और शोषित वर्गों की शिक्षा के लिए संघर्ष किया। उपस्थित लोगों ने महान विभूतियां के तैल चित्र पर फूल माला अर्पित की तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समारोह में छोटे बच्चों को पेन और कॉपियां भेंट की गईं।

# बार और बेंच के मधुर संबंध यादगार रहेंगे : प्रधान जिला जज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान जिला जज राजकुमार वन के सेवानिवृत्त होने पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पुस्तकालय में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने की, जबकि संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष, महासचिव एवं कार्यसमिति सदस्यों ने प्रधान जिला जज का साल, बुके, मेमेंटो और माला देकर स्वागत किया तथा उनके 17 माह के कार्यकाल की सराहना की। उल्लेखनीय है कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के 32वें प्रधान जिला जज राजकुमार वन ने 04 सितंबर 2024 को पदभार ग्रहण किया था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बार और बेंच के मधुर संबंध स्थापित करते हुए व्यवहार न्यायालय में लंबित वादों के निष्पादन तथा लोक अदालत में सुलहनीय वादों के निपटारे में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके प्रयासों से राष्ट्रीय लोक अदालत के वाद निष्पादन में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। प्रधान जिला जज राजकुमार वन का सम्मान सह विदाई समारोह व्यवहार न्यायालय परिसर में सभी न्यायाधीशों द्वारा आयोजित किया गया। वहीं विधिक सेवा सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद की सचिव तान्या पटेल ने भी उन्हें सम्मानित किया। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में आयोजित समारोह के दौरान वकालत के क्षेत्र में पचास वर्ष पूर्ण करने पर छह वरीय अधिवक्ताओं महेंद्र प्रसाद सिंह, बैजनाथ प्रसाद कर्ण, तिलक यादव, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, रामविलास सिंह और रामनरेश यादव को प्रधान जिला जज राजकुमार वन द्वारा माला और साल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृष्णा प्रसाद सिन्हा को भी सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में जिला जज प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, जिला जज तृतीय अशोक कुमार गुप्ता, जिला जज पंचम उमेश प्रसाद, जिला जज छठा लक्ष्मी कंात मिश्रा, जिला जज सप्तम निशित दयाल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान सहित जिला विधिज्ञ संघ की कार्यसमिति और बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रधान जिला जज के कार्यों को यादगार बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की पुण्यतिथि पर ओबरा में कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** मुख्यालय स्थित श्रीकृष्ण भवन परिसर में श्रीकृष्ण सिंह स्मृति मंच की ओर से बिहार के निर्माता एवं प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 65वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक विवेश पाण्डेय ने की, जबकि संचालन सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार विकल और स्मृति मंच के सचिव कृष्णकांत शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की स्मारक प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विवेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष संजय शर्मा और सचिव कृष्णकांत शर्मा ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने जाति-पाति से ऊपर उठकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। आजादी के बाद उन्होंने बिहार के औद्योगिक विकास के लिए जो कार्य किए, वे आज भी उदाहरण हैं। उनके कार्यकाल में स्थापित दर्जनों चीनी मिलें, कल-कारखाने और बड़ी संस्थाएं आज भी उनके योगदान की याद दिलाती हैं। कांग्रेसी नेता अरविंद शर्मा, प्रधानाध्यापक बबन पाण्डेय, श्रीनिवास शर्मा, रामराज सिंह और पंचायती राज पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि बिहार के विकास पुरुष के रूप में डॉ. श्रीकृष्ण सिंह का चरित्र और कृतित्व इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। समाज में समानता और समरसता की जो मिसाल उन्होंने पेश की, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह बिहार के गौरव पुरुष थे और मुख्यमंत्री रहते हुए उन्हें भारत रत्न न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसे लेकर समाज के सभी वर्गों में दुख है। ऐसे महापुरुष के चरित्र को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में स्मारक प्रतिमा के ऊपर छतरी लगाने का निर्णय समिति सदस्यों की सहमति से लिया गया। इस अवसर पर राधेश्याम सिंह, अभिनव शर्मा, मुकेश पाण्डेय, जितेंद्र शर्मा, बिरेंद्र पाण्डेय, मुना सिंह, अभिषेक कुमार, संतोष पाण्डेय, स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर, अखिलेश कुमार, पुष्कर अग्रवाल, प्रधानाध्यापक लखन सिंह, विकास कुशवाहा, रामकुमार सिंह, अखिलेश शर्मा, मनीष कुमार, अजय कुमार, सहजानंद उर्फ टिंकू, वेंकटेश शर्मा, पूर्व प्रधानाध्यापक बैजनाथ पाण्डेय, कमता शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राज्यपाल व स्पीकर ने किया पत्रिका का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** लोक भवन पटना में नूतन बिहार आज और कल मासिक पत्रिका का लोकार्पण राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने किया। इस मौके पर विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, ग्रामीण विकास विभाग मंत्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय सिंह की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम का आयोजन लोक भवन के दरबार हाल में किया गया था। अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ उदयभान सिंह द्वारा किया गया. विमोचन समारोह को मुख्य अतिथि राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, मंत्री अशोक चौधरी, मंत्री संजय सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में प्रिंट मीडिया को लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने राजनीति में आने वाले लोगों और पत्रकारिता में कार्य करने वाले लोगों के लिए एक शैक्षिक योग्यता निर्धारित करने का सुझाव दिया इसके साथ साथ उन्होंने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति के विविध पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने प्रिंट मीडिया को वर्तमान दौर में सशक्त बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के दौर में भी मीडिया के उपयोगिता से इनकार नहीं किया जा सकता है। प्रिंट मीडिया हमेशा से समाज में परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई आज एक बार पुनः जरूरत है प्रिंट मीडिया को प्रभावपूर्ण तरीके से कार्य करने की और अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखने की। ग्रामीण विकास विभाग मंत्री अशोक चौधरी ने सोशल मीडिया के विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह उठाया और सोशल मीडिया के नियमन के लिए प्रभावी कानून बनाने की आवश्यकता बताई। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय सिंह ने भी प्रिंट मीडिया की आवश्यकता बताई और नूतन बिहार आज एवं कल मासिक पत्रिका प्रकाशन के लिए प्रकाशक एवं संपादक अमित कुमार,प्रमोद कुमार और संजीव कुमार को शुभकामनाएं दिया।

# स्वस्थ जीवनशैली ही बेहतर जीवन की मजबूत नींव

## एपिकॉन में जुटे देश भर के डॉक्टरों ने रखी राय, उपचार की नई तकनीक पर भी चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** तेजी से बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के इस दौर में स्वस्थ रहना किसी चुनौती से कम नहीं है। संतुलित आहार, नियमित टहलना, योग और व्यायाम आज केवल विकल्प नहीं, बल्कि जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। सही मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर भोजन शरीर को ऊर्ज़ा देता है, जबकि रोजाना की सैर और योग मन को स्थिरता और शरीर को सक्रिय बनाए रखते हैं। अनुशासित दिनचर्या न केवल बीमारियों से बचाव करती है, बल्कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी जीवनशैली जनित बीमारियों के जोखिम को भी कम करती है। स्वस्थ जीवनशैली ही दीर्घायु और बेहतर जीवन की सबसे मजबूत नींव है। ये बाते बिहार की राजधानी में आयोजित एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया के 81वें राष्ट्रीय महासम्मेलन 'एपिकॉन 2026' के दूसरे दिन देश-विदेश के विख्यात चिकित्सकों ने कही। बापू सभागार और ज्ञान भवन में आयोजित विभिन्न सत्रों में मानवता और चिकित्सा से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तक के विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। प्रख्यात चिकित्सक डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी ने कहा कि मेडिकल प्रैक्टिस केवल बीमारी के इलाज तक सीमित नहीं होनी चाहिए। कोलकाता के डॉ. ज्योतिर्मय पाल ने बताया कि भविष्य की चिकित्सा में तकनीक सहायक तो हो सकती है, लेकिन डॉक्टर का क्लिनिकल अनुभव और निर्णय ही सर्वोपरि रहेगा।



### हृदय रोग, मधुमेह और जीवनशैली की चुनौतियां

ग्लोबल फोरम और गेस्ट लेक्चर्स के दौरान हृदय और मेटाबॉलिक रोगों पर गंभीर विमर्श हुआ। तेलंगाना के डॉ. पी. गंदैया ने इंटरमिटेंट फास्टिंग के स्वास्थ्य लाभ गिनाए। श्रीलंका के डॉ. सुरंगा मानिलगामा ने खराब नींद और मेटाबॉलिक सिंड्रोम के बीच संबंध को उजागर किया, जबकि डॉ. अरविंद दुरुवसल ने स्क्रीन टाइम और तनाव को युवाओं में उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) की दूसरी लहर बताया। नेपाल के डॉ. रत्नमणि गजुरेल ने हिमालयी क्षेत्रों में हार्ट अटैक के प्रबंधन की चुनौतियों पर बात की। वहीं डॉ. संतोष पात्रा ने हार्ट फ़ेल्योर में आयरन थेरेपी की भूमिका स्पष्ट की।

### विशिष्ट व्याख्यान और सम्मान

सम्मेलन में प्रेसिडेंशियल ओरेशन के तहत एपीआई के अध्यक्ष प्रो. जी. नरसिम्हुलु ने रुमेटॉयड आर्थराइटिसः अतीत, वर्तमान और भविष्य पर अपना शोध प्रस्तुत किया। 'नेताजी ओरेशन' में डॉ. अलकेंदु घोष ने एसएलई रोग की चुनौतियों पर चर्चा की। इसके अलावा डॉ. एस. अनुराधा ने एचआईवी महामारी के विकास और डॉ. मंतोष पांजा ने पीसीआई के जटिल मामलों पर अपने विचार रखे।

### अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की भागीदारी

नेपाल के डॉ. रॉबिन मास्के ने थायराइड और मधुमेह के दोहरे खतरे पर जानकारी साझा की। वहीं मलेशिया के डॉ. पारस दोषी ने डॉक्टरों के लिए क्लिनिकल निर्णय लेने में लंग अल्ट्रासाउंड की उपयोगिता बताई। इंडोनेशिया के डॉ. सैली ने कैंसर थेरेपी के कारण होने वाली हृदय संबंधी जटिलताओं पर व्याख्यान दिया।

### संक्रामक रोग और नई औषधियां

डॉ. नंदिनी चटर्जी ने एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस को अगली वैश्विक आपात स्थिति करार देते हुए आगाह किया। डॉ. केतन मेहता ने आधुनिक बुखार प्रोटोकॉल में डॉक्सीसाइक्लिन दवा की भूमिका पर पुनर्चर्चा की। टाइफाइड के बढ़ते मामलों और एंटीबायोटिक दवाओं के प्रभाव पर भी ओडिशा के डॉ. रंजन सेन ने महत्वपूर्ण डेटा साझा किया। सम्मेलन के दौरान किडनी रोगों (नेफ्रोलॉजी), हार्मोनल बदलाव (एंडोक्राइनोलॉजी) और संक्रामक रोगों के निदान के लिए क्लिनिकल संकेतों पर भी गहन विमर्श हुआ।

### इन बीमारियों पर रहा फोकस

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी. के. सिंह (औरंगाबाद) ने बताया कि सम्मेलन में मधुमेह, हृदय रोग, संक्रमण, लीवर रोग, न्यूरोलॉजी, रुमेटोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, जेरियाट्रिक मेडिसिन, थायरॉयड, एड्रिनल डिजीज, डायबिटीज मेलिटस पर विशेष फोकस देखने को मिला।

### डॉक्टरों ने गरीबों के बीच बांटे कंबल, स्वस्थ रहने के दिए टिप्स

अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया चैप्टर की ओर से मुख्य कार्यक्रम से इतर शुक्रवार को गांधी मैदान स्थित रैन बसेरा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना एवं ठंड से राहत पहुंचाना था। इस अवसर पर जयपुर से पधारी एसीपी इंडिया चैप्टर की गवर्नर डॉ. स्वाति श्रीवास्तव के साथ देश के विभिन्न राज्यों से आए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ए. मुरुगनाथन, डॉ. एएन राय, डॉ. केके पारीक, डॉ. संग्राम बिरादर, डॉ. साजिद अंसारी, डॉ. शेर सिंह, डॉ. तपस बंदोपाध्याय ने शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य संरक्षण एवं जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अभिषेक कुमार द्वारा किया गया।

# दवा व्यवसायी की हत्या, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के नावाडीह मोहल्ला निवासी दवा व्यवसायी जुनैद अहमद की हत्या आपसी रंजिश एवं पूर्व के विवाद में अपराधियों ने गोली मारकर कर दी। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के ही नवाडीह चौक निवासी मो. नौशाद के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे ने बताया कि दवा व्यवसाई जुनैद हत्याकांड में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। पूछताछ एवं जांच-पड़ताल से पता चला कि वादी एवं अभियुक्तों के बीच पूर्व से आपसी रंजिश को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे सूचना मिली कि नावाडीह मोड़ के पास जुनैद अहमद को अज्ञात अपराधकर्मियों ने गोली मार दी हैं। सूचना के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर जख्मी जुनैद को इलाज़ हेतु स्थानीय लोगों की सहायता से सदर अस्पताल में भर्ती करवया। यहां से गंभीर अवस्था में चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जमुहार रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। तत्पश्चात शव लेकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। जरूरी कार्रवाई के उपरांत शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबध में वादी (जुबैर अहमद) द्वारा बताया गया कि नामजद सात अभियुक्तों के द्वारा साजिश के तहत अज्ञात सूटरों से जुनैद अहमद की हत्या करायी गयी है। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व एसआईटी का गठन कर इसमें संलिप्त अभियुक्तों को अविलंब गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। गठित एसआईटी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर कांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लागातार छापेमारी की जा रही है उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

# प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** केंद्र सरकार की आकांक्षी जिला योजना के तहत चयनित औरंगाबाद जिले के समग्र विकास और पिछड़े क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'संपूर्णता अभियान 2.0' के शत-प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पहल की जा रही है। इसी के मद्देनजर औरंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय बसडीहा कलां विद्यालय के मैदान में शनिवार को विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाकर लोगों को विकास के प्रति और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं एवं मांगों के निराकरण हेतु मौके पर ही आवश्यक मार्गदर्शन एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में योजना विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग, मनरेगा, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग तथा पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों सहित अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, डीपीओ वीबी जी राम जी, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान सहित स्थानीय मुखिया उपस्थित थे। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम का उद्देश्य विकास के प्रमुख मानकों पर पिछड़े जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में लक्षित सुधार सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम में जिले के चार प्रखंडों कुटुंबा, देव, मदनपुर एवं नवीनगर में आज संपूर्णता अभियान 2.0 का उद्घाटन कार्यक्रम किया गया। साथ ही जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर एएनसी कॉर्नर एवं पोषण वाटिका का भी उद्घाटन किया गया है, जो आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध करवाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# मीडिया को दी जाएगी विधानसभा समितियों के भ्रमण की सूचना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा है कि विधानसभा की विभिन्न समितियों के जिलों के भ्रमण के दौरान अथवा पूर्व में मीडिया को सूचना दी जाएगी। बिहार विधानसभा प्रेस सलाहकार समिति की शुक्रवार को पटना में हुई बैठक के दौरान वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया कि विधानसभा की समिति जिलों में भ्रमण कर लौट जाती है और इसकी कोई सूचना मीडिया को नहीं दी जाती है जिससे मीडिया के माध्यम से आम जनता को यह पता नहीं चल पाता है कि विधानसभा की कौन समिति आई और उन्होंने इस दौरान जनहित में कौन कार्य किया। अगर विधानसभा समिति के जिलों के भ्रमण की सूचना जिला प्रशासन अथवा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित जिला के पत्रकारों को दी जाएगी तो इससे सकारात्मक कवरेज हो सकेगा। इस आलोक में विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल विधानसभा के अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि जिलों में भ्रमण पर जाने वाली समितियों के भ्रमण कार्यक्रम की सूचना संबंधित जिला प्रशासन के माध्यम से मीडिया तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए बिहार केसरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की 65वीं पुण्यतिथि आज जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्रीकृष्ण सिंह स्मृति भवन में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे गोह के पूर्व विधायक डॉ रणविजय सिंह, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कुटुंबा विधायक ललन राम, नन्हकू पांडेय, लव सिंह, समाजसेवी गौरव राय आदि ने श्री बाबू के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि महान पुरुषों को हम इसलिये याद करते है कि उनके आदर्शों पर चलकर समृद्ध और समतामूलक समाज की स्थापना कर सकें। कुटुंबा विधायक ललन राम ने अपने उद्बोधन में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद करते हुए उन्हें भारत रत्न देने की मांग की। डॉ शोभा रानी ने कहा कि हम जिस क्षेत्र में हो पूरी तन्मयता और ईमानदारी से कर्म करे तभी बिहार का नवनिर्माण संभव होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सह मगध इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक संजय मौआर के द्वारा समाज में महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए लड़कियों के बीच 25 साइकिल का वितरण किया गया तथा अनुग्रह मध्य विद्यालय के सभी बच्चों को स्कूल बैग देकर उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित होने का भाव जागृत किया। सभा का संचालन अविनाश कुमार ने किया। मौके पर सचिव नीलमणि कुमार, अमिताभ कुमार सिंह, नगर पार्षद सुशील कुमार, अशोक सिंह, सुनील शर्मा, मंटू शर्मा, पुरुषोतम कुमार सिंह, संतोष कुमार, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, भाजपा नेत्री अनिता सिंह, अंजली सिंह, संजीव शर्मा, लोजपा जिलाध्यक्ष सोनू सिंह, विजय पांडेय, ई दिलीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 38 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मामलों में 38 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 16 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 6, शराब मामले में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 410 लीटर देसी शराब, एक मोबाइल, फिटकरी, एक बाइक, एक ट्रैक्टर, एक ऑटो बरामद किया गया है। वहीं 5000 लीटर महुआ घोल और 3 भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। 12 वारंटों का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1441 वाहनों की जांच की गई जिसमें 121500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अलग-अलग थाना क्षेत्र से 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# मेहनत और निर्माण से जुड़ी है बढ़ई समाज की पहचान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** शहर से सटे चतरा मोड़ के समीप शनिवार को प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के द्वारा विश्वकर्मा जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम शिल्पकार हैं और बढ़ई समाज की पहचान मेहनत, कुशल और निर्माण से जुड़ी हुई है। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा, संगठन और आत्मसम्मान को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। जिला पार्षद पूनम देवी ने कहा कि आज के समय में बढ़ई समाज के युवाओं को पारंपरिक हुनर के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा, तकनीक और डिजाइन से भी जुड़ना चाहिए ताकि समाज आर्थिक और सामाजिक रूप से और अधिक सशक्त बन सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम प्रसाद शर्मा ने की। मौके पर नीलम शर्मा, अशोक मुखिया, लवकुश आचार्य, पार्षद सदस्य सुबोध शर्मा, जिला सचिव रितेश शर्मा, कमलेश शर्मा, रामजीत शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, सिकेन्द्र शर्मा, अरुण शर्मा, सुजीत, विश्वनाथ, गणेश, पप्पू, कृष्णा, हरेंद्र, अरविंद, संजय, डॉ जेके शर्मा, दीपक, अरुण आदि मौजूद रहे।

# प्रसव पीड़ा से परेशान नवविवाहिता की मौत के बाद ससुराल वाले फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में इलाज के दौरान प्रसव पीड़ा से परेशान एक 21 साल की नवविवाहिता की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद उसके ससुराल वाले शव छोड़कर फरार हो गए। मृतका की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के बर्मा गांव निवासी शैलेश कुमार की पत्नी आरती कुमारी के रूप में हुई है। मृतका का मायका नवीनगर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में है। मृतका की मां शोभा देवी रोती बिलखती सदर अस्पताल पहुंची और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाया। उसने खुद अपने दामाद शैलेश को झोला छाप डॉक्टर बताया और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। मां ने कहा कि अक्सर वह उसके साथ शराब पीकर मारपीट व प्रताड़ित करता था। जब आरती गर्भवती हुई तो उसका इलाज किसी अस्पताल में कराने के बजाय खुद से करता था। कई बार सरकारी अस्पताल या किसी प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर से रूटिंन चेक अप कराने को कहा, लेकिन इलाज नही कराया। घटना की सूचना पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों ने सौंप दिया। कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान अली ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नवविवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फेसर थाना क्षेत्र के रुखुआ गांव में एक नवविवाहिता द्वारा फांसी लगा आत्महत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी अवध शर्मा के 22 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। हालांकि, आत्महत्या का कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा। फिलहाल मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मानदेय में वृद्धि करने की मांग को लेकर न्यायमित्रों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले भर के न्यायमित्रों ने शनिवार को मानदेय में वृद्धि की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। जिला न्यायमित्र संघ के बैनर तले यह प्रदर्शन जिला विधिज्ञ संघ भवन औरंगाबाद से शुरू होकर रमेश चौक होते हुए समाहरणालय तक निकाला गया। न्यायमित्रों का कहना है कि 18 वर्षों से ग्रामीण स्तर पर जनता को सस्ता, सुलभ, न्याय दिलाने के लिए ग्राम कचहरी में हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते आ रहे हैं। ग्राम कचहरी में सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण से बने न्यायपीठ को वादों के निपटारे, पक्षकारों को विधिक सहायता तथा न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। न्यायमित्रों ने कहा कि हमारी मानदेय बढ़ाया जाए। निर्णय में विलंब होने पर विगत वर्ष में ही 1 जुलाई 2025 से मानदेय वृद्धि की पूर्व घोषणा की निर्णय आधार हीन हो जाएगा। संघ के अध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा एवं सचिव सतीश कुमार सिंह ने बताया कि न्यायमित्रों की एक शिष्टमंडल डीएम और एसडीएम से मिलकर एक मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख मांग मानदेय में वृद्धि करना है। जिला प्रशासन ने अपने माध्यम से मांग पत्र को पटना में उचित पदाधिकारी तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# देश का भविष्य तय करने में शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि : प्रमोद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** देश का भविष्य तय करने में शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि होता है इसलिए शिक्षक का स्थान माता-पिता से भी ऊपर होता है क्योंकि हमारा भविष्य शिक्षकों के ऊपर होता है। यह बातें रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कही। वे शनिवार को शहर के शाहपुर स्थित अभ्यास मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक रामकुमार राम की विदाई सह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि विदाई का समय भावुक होता है। प्रधानाध्यापक रामकुमार राम ने आठ वर्षों तक इस विद्यालय में अपनी सेवा दी। उनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। आज इनके पढ़ाए हुए बच्चे हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि बिहार सरकार का शिक्षा के प्रति सोंच काफी सकारात्मक है। यहीं वजह है कि आज बीपीएससी से चयनित शिक्षक विद्यालय में पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा शुरू की गई साइकिल योजना से आज लड़कियां आत्मनिर्भर बनी हैं। विद्यालय में छात्राओं की संख्या बढ़ी है। आज 35 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को नौकरी में दिया जा रहा है। यही वजह है कि महिलाएं शिक्षिका, डॉक्टर, सिपाही बनने के साथ ही बॉर्डर भी संभाल रही हैं। मुख्यमंत्री लगातार महिलाओं को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत कुमार सिंह उर्फ पिकू एवं संचालन तलत परवीन ने किया। मौके पर रूपेश सिन्हा, उमेश सिंह, प्रो संतोष कुमार सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा, पुसेन कुमार, रणजीत सिन्हा, जफर इमाम, स्वर्णजीत कुमार सिंह, रणधीर कुमार, पुष्पांजलि कुमारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# एआई में कैरियर की असीम संभावनाएं

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के प्रतिष्ठित रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं बीसीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जावा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक सात दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 19 जनवरी को प्रारंभ हुई तथा 31 जनवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशाला का आयोजन रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय एवं ब्रिज़टेक इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, रांची के संयुक्त प्रयासों से किया गया। इस कार्यशाला में बीसीए के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

NBT
सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स
**आवश्यकता**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➡ दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/ह्वाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com

CMYK